www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

27 अगस्त, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 307


आखिरी छठ, सूना रहा खरना











### झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का तीसरा दिन: पहली पाली में हंगामा, दूसरी में चली कार्यवाही

# एसआइआर का विरोध करेगा झारखंड, प्रस्ताव पास

## ■ झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) 2025 सहित पांच विधेयक पास

## ■ अतिवृष्टि पर सदन में विशेष चर्चा हुई बारिश से राज्य में 486 लोगों की मौत हुई


आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा मानसून सत्र का मंगलवार को तीसरा दिन था। पहली पाली में सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामें के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका। पहली पाली में सदन की कार्यवाही सत्ता पक्ष ने एसआइआर और विपक्ष ने सूर्या हांसदा और नगड़ी जमीन मुद्दे को लेकर हंगामा किया। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने दोनों पक्षों के शांत होने का आग्रह किया, लेकिन सदस्य नहीं माने। उन्हें दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। भोजनावकाश के बाद दूसरी पाली में सदन की कार्यवाही चली। इस दौरान सदन से एसआइआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025 सहित पांच विधेयक पारित किये गये। इसके अलावा राज्य में अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा हुई।

### एसआइआर के मौजूदा तरीके का सदन ने किया विरोध

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा सदन में गठबंधन दल के सदस्यों का एसआइआर के विरोध में हंगामा दूसरे दिन भी जारी रहा। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से एसआइआर के विरोध में सदन से प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने एसआइआर के विरोध में सदन में प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण में ऐसी शर्तें रखी गयी हैं कि गरीब, शोषित, वंचित लोग मतदान से वंचित हो जायेंगे। एसआइआर के अंतर्गत वर्तमान में अपनायी गयी पद्धति से भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अतः मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सभा भारत के चुनाव आयोग के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए वर्तमान में अपनायी गयी पद्धति का विरोध करती है। सत्ता पक्ष के विधायकों ने मेज थपथपा कर इस प्रस्ताव का समर्थन किया। वहीं, प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ये लोग (सत्ता पक्ष) मतदाता सूची में किसका नाम दर्ज कराना चाहते हैं। कांग्रेस विरोध क्यों कर रही है, यह समझ में नहीं आता। झारखंड में एसआइआर नितांत जरूरी है। यहां की डेमोग्राफी बदल रही है। एसआइआर के विरोध प्रस्ताव लाना रोहिंग्या और बंग्लादेशियों को मतदाता बनाने की साजिश है। बहुमत का मतलब यह नहीं कि देश और राज्य के साथ इस तरह का कदन उठाये। ये किसे बचाना चाहते हैं, जनता देख रही है। भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट चोरी करती तो आप सत्ता में नहीं होते।

### कोचिंग सेंटरों पर अब लगेगी लगाम



रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा से मंगलवार को पांच विधेयक पास किये गये। इनमें झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025, झारखंड व्यावसायिक शिक्षण संस्थान (शुल्क विनियमन) विधेयक, 2025 और झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025 को मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सभा पटल पर रखा। वहीं, झारखंड पर्यटन वहीं झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (विशेष छूट) विधेयक, 2025 और झारखंड प्लेटफार्म आधारित गिग श्रमिक (निबंधन और कल्याण) विधेयक, 2025 को मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सभा पटल पर रखा। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल विश्वविद्यालय और कोचिंग से संबंधित विधेयक को प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे खारिज कर दिया गया और सभी विधेयक ध्वनिमत से स्वीकृत हुए।

**झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक:** इसके माध्यम से राज्य के विश्वविद्यालयों में वीसी, प्रोवीसी, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक और वित्तीय सलाहकार जैसे पदों पर नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल के पास न होकर मुख्यमंत्री के पास होगा। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और गैर पदों पर बहाली और प्रमोशन का फैसला भी राज्य सरकार करेगी। सीनेट की अध्यक्षता प्रोसीसी या उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री करेंगे। इसमें सीनेट की बैठक वर्ष में दो बार होगी।

**प्लेटफॉर्म आधारित मिग वर्कर्स (पंजीकरण कल्याण) विधेयक:** यह कानून बनने के बाद राज्य के करीब 50 हजार गिंग वर्कर्स को दुर्घटना बीमा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य कल्याण योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए गिंग वर्कर्स कल्याण बोर्ड और कल्याण कोष बनेगा। इनकी सेवा लेने वाले प्रतिष्ठानों को बोर्ड से उनका पंजीकरण कराना होगा। एग्रीगेटर को अपने वार्षिक टर्नओवर का 1 में 2% बोर्ड में जमा करना होगा। अनुदान, सीएसआर फंड में भी पैसे बोर्ड को मिलेंगे। इससे गिग वर्कर्स एवं उनके परिजनों को मदद दी जायेगी।

**झाराखंड सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम छूट विधेयक:** सरकार ने मूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) लगाने वालों को विशेष छूट देने का फैसला लिया है। इस अधिनियम के लागू होने के बाद ऐसे उद्योग लगाने के लिए तीन साल तक लाइसेंस की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसी प्रकार की कोई फीस या टैक्स भी नहीं देना होगा। इससे उद्योगपति प्रारंभिक चरणों में प्लांट लगाने और उद्योगों के विकास पर ध्यान दे सकेंगे। उन्हें लंबी अनुमोदन प्रक्रिया से छूट मिलेगी।

#### व्यावसायिक शिक्षण संस्थान शुल्क रेगुलेशन विधेयक

निजी व व्यावसायिक शिक्षण संस्थान के शुल्क संरचना में समानता लाने को लेकर यह विधेयक है। मेडिकल इंजीनियरिंग मैनेजमेंट जैसे पाठ्यक्रमों की फीस को तार्किक बनाना इसका उद्देश्य है। इसके तहत फीस दांया तय करने के लिए शुल्क नियामक समिति का गठन होगा। इसमें शैक्षणिक सत्र से पहले शुल्क निर्धारित करना होगा।

#### झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक

झारखंड कोचिंग सेंटर (कंट्रोल एंड रेगुलेशन) विधेयक इस अधिनियम के लागू होने से 50 से अधिक छात्रों को पढ़ाने वाले कोचिंग संस्थान इसके दायरे में आ जायेंगे। 1000 से ज्यादा बच्चे होंगे तो कोचिंग संचालकों को साइकोलॉजिस्ट रखना होगा। ऐसे संस्थानों को जिला स्तर को कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। अनियमित ढंग से बढ़ते कोचिंग सेंटर और मनमानी फीस वसूली जैसी विसंगतियों की रोकथाम के लिए सरकार ने यह विधेयक पारित किया है।

### धान की मात्र 10 फीसदी फसल को नुकसान हुआ

रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा में मंगलवार को अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा हुई। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार राज्य धान में मात्र 10 प्रतिशत का नुकसान हुआ है, लेकिन मोटे अनाज में ज्यादा नुकसान हुआ है। आपदा निधि से फसल से लेकर मकान की क्षति के नुकसान की भरपाई की जायेगी। फसल बीमा योजना चलायी जा रही है। किसानों के लिए मुआवजा प्रावधान किया जा रहा है बिरसा फसल योजना के तहत निबंधन जारी है। वहीं, आपदा मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में अतिवृष्टि से 486 लोगों की मौत हुई है। जिनमें अतिवृष्टि से 9 लोग, बाढ़ से 1, वज्रपात से 188, पानी में डूबने से 192 और सांप के डसने से 96 लोग शामलि हैं। इसके अलावा कच्चे और पक्के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। सरकार लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। नियमानुसार उन्हें मुआवजा दिया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है पीडित परिवार को 24 घंटे के अंदर मुआवजा दें। इससे पहले प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, जदयू नेता सरयू राय समेत अन्य सदस्यों ने अतिवृष्टि पर विचार व्यक्त किया।

#### सरकार राहत पहुंचाने का प्रयास कर रही: हेमंत सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में बारिश की स्थिति है वह सभी देख रहे हैं। सरकार की इस पर नजर है। विभिन्न क्षेत्रों से सदस्य आते हैं। अतिवृष्टि से जगह-जगह हुए नुकसान की अधिक से अधिक जानकारी लेने के लिए सदन में चर्चा हुई। पूरे राज्य की हालत गंभीर है। किसानों को नुकसान हुआ है। सड़क-पुल-पुलिया टूटे। कई लोगों के घर गिरे। कई लोगों की मौत हुई। सरकार की अन सब पर नजर है। पीड़ितों को तत्काल राहत पहुंचाने का प्रयास जारी है। सरकार लगातार आगकन करते हुए राहत पहुंचाने में लगी है।

## खनन के बाद वापस की जाये रैयतों की जमीन: हेमंत सोरेन

**केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ मुख्यमंत्री की हुई विस्तृत चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा स्थित अपने कक्ष में केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें कोयला खनन गतिविधियों, पर्यावरणीय संतुलन, स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने झारखंड के हितों, खनन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की भागीदारी, रोजगार सृजन, पर्यावरणीय संतुलन एवं राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा।



**खनन प्रभावित क्षेत्रों में दें ये प्राथमिकता:** हेमंत सोरेन ने स्पष्ट कहा कि खनन कार्य संपन्न हो जाने के बाद जमीन को भारत सरकार राज्य सरकार को वापस करे, ताकि उस जमीन को मूल रैयतों को लौटाया जा सके। खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के पुनर्वास, रोजगार, पर्यावरणीय संतुलन एवं आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाये।

**हर संभव मदद करेगी केंद्र सरकार:** केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि राज्य और केंद्र मिलकर समाधान तलाशेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि झारखंड के विकास और लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हर संभव सहयोग करेगी।

**बैठक में ये थे मौजूद:** इस बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, खान सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल सिन्हा, सीएमपीडीआइ के सीएमडी मनोज कुमार, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह एवं बीसीसीएल के डीटी एमके अग्रवाल मौजूद थे।

#### खनन मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जरूरत

बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री से खनन को लेकर कई तरह की बातों पर चर्चा हउई. सबसे बड़ा मुद्दा विस्थापन है। इसके लेकर की भीत हुई। खनन पहले धनबाद क्षेत्र में सीमति था, अब राज्य के अन्य जिलों में भी हो रहा है। केवल कोयला ही नहीं अन्य खनिज पदार्थों का भी खनन हो रहा। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जरूरत है। आगे इस पर चर्चा होगी।

### शांति चाहिए तो युद्ध के लिए तैयार रहें: सीडीएस

महू। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने कहा कि भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम 'शांतिवादी' नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं। वह मंगलवार को मध्यप्रदेश के महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित रण संवाद-2025 कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। इससे हमने कई सबक सीखे।

## दिशोम गुरु को मिले 'राज्य पिता' का दर्जा

**झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन को झारखंड के 'राज्य पिता' के रूप में अधिसूचित किया जाये। उन्होंने कहा है कि झारखंड का कण-कण राज्य निर्माता दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन का सृष्टि के रहने तक ऋणी रहेगा। झारखंड राज्य के निर्माण के लिए दिशोम गुरु ने अपना बचपन खोया, जवानी खपा कर बुढ़ापा पाया।



झारखंड निर्माण आंदोलन के दौरान उन्हें उपहास का विषय बनाया गया, कई प्रकार से प्रताड़ित किया गया। आंदोलन को दागदार बनाने के भी कई षड्यंत्र हुए। षड्यंत्रकारियों ने जेल और हवालात की भी हवा उन्हें खिलायी। यातनाओं की पराकष्ठा का भी उन्होंने दौर झेला और सहा। झारखंड राज्य का सपना उन्होंने देखा और राज्य निर्माण होने तक वो न थके और न ही रुके।

**गुरुजी का कर्ज हर झारखंडी पर:** पांडेय ने कहा कि झारखंड के निर्माण में राज्य निमार्ता दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के तप, तपस्या और बलिदान के हम सब साक्षी है। उनका कर्ज हर झारखंडी पर है। हम उनका कर्ज, तो कभी उतार नहीं सकते। उन्हें राज्य पिता का दर्जा दे कर अपने कर्तव्य का निर्वहन जरूर कर सकते हैं।

#### गांधीजी की तरह गुरुजी का योगदान

मनोज पांडेय ने कहा कि भारत की आजादी में महात्मा गांधी के योगदान के प्रति जैसे राष्ट्र कृतज्ञ है, वैसे ही झारखंड के निर्माण के लिए दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के योगदान के प्रति राज्य कृतज्ञ है। राष्ट्र की कृतज्ञता के परिणाम स्वरूप महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता के रूप में अधिसूचित कर हर सरकारी कार्यालय में उनकी तस्वीर लगाना अनिवार्य किया गया। दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के प्रति भी वहीं कृतज्ञता झारखंड के जन-जन के मन में है। इस कृतज्ञता की निरंतरता को बनाये रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ी भी उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। मेरा आप से विनम्र आग्रह है कि राज्य निमार्ता दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को झारखंड के राज्य पिता के रूप में अधिसूचित करने की कृपा करें। राज्य सरकार के हर कार्यालय में उनकी तस्वीर लगाना भी अनिवार्य किया जाये ।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# आखिरी छठ, सूना रहा खरना

## ■ मुंबई में रोशन तनेजा एक्टिंग इंस्टीट्यूट से जो एक्टिंग सीखी, सब पापा पर अप्लाई किया

## ■ मम्मी को तो भनक तक नहीं थी कि पापा को कैंसर है



राकेश सिंह
संपादक

छठ पूजा करीब थी। अस्पताल से रांची आने के बाद पापा के मन में बहुत तरह की बातें चलने लगी थीं। पापा को अब चिंताओं ने घेरना शुरू कर दिया था। पापा अब गुम-सुम बैठने लगे थे। लेकिन मैं यह सब लगातार वाच कर रहा था। जब भी पापा सोचते, मैं उनके पास बिना मतलब बैठ अखबार से संबंधित बातें करने लगता। क्योंकि पापा इधर-उधर की बातों को टाल देते, लेकिन अखबार और खबर से संबंधित किसी भी बात को वह हलके में नहीं लेते, फिर उनका मौन मैं तोड़ देता। मैं पापा को कई बार टोकता भी, पापा आप कुछ सोच रहे हैं क्या। वह कहते नहीं मैं कुछ नहीं सोच रहा। मैं उनसे कहता ज्यादा मत सोचिये। आप तो जिंदगी की हर लड़ाई जीते हैं, यह भी जीतेंगे। आपको थोड़े न कुछ हुआ है। कैंसर कोई रोग थोड़े न होता है। इसे आसानी से आप हरा देंगे। इसे हारने के लिए सबसे पहला स्टेप है, पॉजिटिव थिंकिंग। आप बस यही सोचिये की इस बीमारी को मैं हरा दूंगा। घर पर वैसे मेरे छोटे भाई राहुल के अलावा किसी को भी पता नहीं था कि पापा को कैंसर है। मम्मी को तो भनक तक नहीं थी कि पापा को कैंसर है। हमने बताया नहीं था। उन्हें बस यही जानकारी थी कि पापा को थोड़ा इन्फेक्शन है। उसी का इलाज चल रहा है। सब ठीक हो जायेगा। मेरी मां का नाम मंजू सिंह है। मां कोरोना को मात दे चुकी थीं। उस दौरान 12 दिनों तक मां का इलाज चला। पापा और छोटे भाई राहुल को मैंने उस फ्लोर से ही हटा दिया था। उस फ्लोर पर सिर्फ मैं और मां रहते। उस दौरान कोरोना ने मम्मी का 20 प्रतिशत लंग्स को डैमेज कर दिया था। मैं ही मां को खाना देता, उनके कमरे को साफ करता, उनसे खूब बातें करता। मां रूम में मुझे घुसने से मना करतीं। लेकिन मैं रूम के बहार हॉल मैं बैठा रहता। वहीं सोता, खता-पिता। कई बार जब मां के कमरे में जाता और देर तक रुकता, तो मां भगा देती। मैं कहता मां ये सब कोरोना-वोरोना मैंने निगल लिया है अब कुछ नहीं होगा। उस दौरान तो एक वक्त लगा कि मैं ही डॉक्टर बन गया हूं। खैर यह अपने आप में एक कहानी थी। कोरोना को मात देने के बाद मां की सेहत पर गहरा असर भी पड़ा। मां को ब्रेन का इशू होने लगा था। उसकी दवा चल रही थी। मां के लिए थोड़ा भी स्ट्रेस खतरनाक था। मां ये कतई सहन नहीं कर पातीं कि पापा को कैंसर हो गया है। मुझे और भाई को फूंक-फूंक कर शब्दों का चयन कर बात करना पड़ता घर पर।

### पापा ने इस साल छठ पूजा नहीं की, खरना भी रहा सूना

अब छठ महापर्व के गीत हर जगह सुनाई देने लगे थे। मां छठ पूजा में व्यस्त हो गयीं। पूरा भरा परिवार मिलकर, एक जगह यानी हमारे कोकर स्थित आवास पर छठ पूजा करता। बच्चों की किलकारी, महिलाओं के गीत, मर्दों का छठ का सामान लाना, हर तरफ शोर, ठहाके और गीत, लेकिन पापा की खामोशी इन सभी पर भारी थी। इस बार खरना के दिन हमने लोगों को घर नहीं बुलाया। नहीं तो हर साल करीब 300 से 400 लोग घर पर आया करते। खरना का प्रसाद ग्रहण करते और पापा की खूब बैठकी लगती। समाज से हर वर्ग के लोगों का तांता लगा रहता। पापा हर साल छठ किया करते, लेकिन इस साल उन्होंने छठ पूजा नहीं की। तबीयत भी ठीक नहीं लग रही थी। इस बार उनके मुख से तेज गायब था। उत्साह कम था। मुरझाये से थे मेरे पापा। मैं समझ रहा था कि पापा को अब कौन सी चिंतायें सताने लगी थीं। उन्हें कुछ और नहीं अपने बच्चों की चिंता सताने लगी थी, जो किसी भी पिता के लिए नेचुरल है। क्योंकि दिल्ली जाते ही पापा की कीमो शुरू होने वाला था। कीमो के बारे में कई तरह की कहानियां पहले से ही प्रचलित थीं और हैं। हम लोग पापा को अकेला नहीं रहने देते। छठ पूजा में वैसे सभी परिवार वाले एकजुट होकर पूजा में भाग लेते। हमारे कई रिश्तेदार रांची में ही रहते और हर हफ्ते मुलाकात भी होती है। अब समय था पापा से इधर-उधर की बातें करने का। कभी-कभी तो हम सभी मूर्खता भरी बातें करते। घर के सभी बच्चे उनके सामने अपनी मासूमियत बिखेरते। खूब शरारत करते। लेकिन पिता तो पिता हैं, वह सब कुछ समझ रहे थे। सो हमारी सारी होशियारी धरी की धरी रह जाती। खैर छठ पूजा अच्छे से मना। लेकिन हमें पता नहीं था कि यह छठ पूजा पापा के साथ आखिरी होने वाला था। पापा के साथ परिवार का कोई भी सदस्य तस्वीर लेता, पापा कोई रिएक्शन नहीं देते। चेहरा उतरा हुआ ही रहता। मैं समझ रहा था कि पापा क्या सोच रहे थे।

### जितना मैंने स्कूल-कॉलेज में नहीं पढ़ा, उतनी तो महीनों में पढ़ाई कर ली

जबसे मुझे पता चला था कि पापा को कैंसर हो गया है, ठीक उसी समय से मैं कैंसर के बारे में स्टडी करने लगा। काफी आर्टिकल्स पढ़े। जितना मैंने स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई नहीं की थी, उतनी तो मैंने महीनों में कर ली थी। रात-रात भर सोशल मीडिया, वेब आर्टिकल्स छान मरता। मैंने कैंसर पेशेंट की जर्नी को समझना शुरू किया। उनके माइंडसेट को समझने की कोशिश की। मैंने कई केस स्टडीज को खंगालना शुरू किया। सोशल मीडिया पर कैंसर पेशेंट्स के कमेंन्ट्स पढ़ता। वहां से कई क्लू मिलते। उसके बाद उनसे संपर्क करने की कोशिश भी करता। कई लोग जो कैंसर को हरा चुके थे, या फिर लड़ रहे थे, वह कैसे सरवाइव कर रहे थे, उनके बारे में समझता। रिसर्च के दौरान पता चला कि कई लोग जो कैंसर को मात दे चुके थे, या कैंसर से लड़ रहे थे, उन लोगों ने अपना एक डाइट प्लान भी बनाया हुआ था। कइयों में मैंने उस डाइट प्लान को कॉमन भी पाया। उसके बाद मैंने पापा के हिसाब से उनके लिये एक डाइट प्लान भी बनाया। मैंने कई विदेशी प्रोफेसर्स के रिसर्च को भी सुना। कहीं-कहीं पाया कि कैंसर एक मेटाबोलिक डिजीज है। यह लाइफस्टाइल डिसऑर्डर है। खान-पान का भी बहुत फर्क पड़ता है। ऑटोफेगी के बारे में समझा। मैंने इस दौरान नैचुरोपैथी को भी समझने की कोशिश की और पापा के ट्रीटमेंट में उसका भी सहारा लिया। अब मरता क्या न करता। मुझे बस अपने पिता दिख रहे थे। मैं अब पूरी तरह से समाज से कट गया था। मेरा लोगों से संपर्क टूट चुका था। मेरा पूरा वक्त पिता के लिए समर्पित हो गया था। इस दौरान झारखंड में विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर था। मेरा शो भ्रमण काफी हिट हो रहा था। लोग उसे काफी पसंद कर रहे थे। शो के लिए मैं पूरा झारखंड घूमता। लेकिन इसी बीच जब पापा बीमार हुए, सब छोड़ मैं पापा के साथ हो लिया। अचानक मैं और पापा चुनावी माहौल से गायब हो गये। अब सिर्फ मिशन पापा सामने थे। मुझे पता नहीं था कि मैं अपने पिता को इतना प्यार करता हूं कि मैं खुद को ही भूल जाऊंगा। मेरे पिता मेरे लिये दिन और रात हो चुके थे। उठता तो पापा, सोता तो पापा। पापा मेरी पहली और आखिरी प्राथमिकता हो चुके थे। पहली कीमोथेरपी की तारीख नजदीक आ रही थी। मेरा और पापा दोनों का मन जाने का नहीं हो रहा था। लेकिन न जाते, तो क्या करते। पहली कीमोथेरेपी की तारीख 9 नवंबर 2024 की थी। 8 तारीख को पापा और मैं दिल्ली के लिए रवाना हुए।





### स्टार होटल का एक रूम किचन, कलछुल, कड़ाही, तवा और बर्तन

दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद, हम शाम करीब छह बजे गुरुग्राम के स्टार होटल पहुंचे, जो मेदांता से महज 150 मीटर की दूरी पर था। वहां पहले से मेरे बड़े पापा के बेटे रामनारायण सिंह उर्फ मुन्ना भैया पहुंचे हुए थे। पापा और भैया कमरे में गप करने लगे और मैं चला गया मार्केट। बारी थी कलछुल, कड़ाही, तवा, बर्तन खरीदने की। राशन और जरूरी सामान खरीदने की। एक छोटा सा आशियाना बनाने की। मैंने पहुंचते ही खाना बनाने के लिए सिमित जरूरी संसाधनों को खरीदा। इसमें भी बड़ा दिमाग लगाना पड़ता है। क्या लेना है, कितना लेना है, क्या नहीं लेने से काम चल जायेगा। खैर मुन्ना भैया इंद्रापुरम में ही रहते। इंद्रापुरम, नोएडा के पास है। उन्होंने कुछ बर्तन घर से भी ले लिया था। अब स्टार होटल के एक रूम किचन में हम तीन लोगों ने अपना आशियाना बना लिया था। मुन्ना भैया भी सब काम धाम छोड़ हमारे साथ ही शिफ्ट हो गये थे। यह बहुत बड़ा सपोर्ट था मेरे लिए। पापा की शुरू से ही आदत रही, वह शाम को ही डिनर कर लिया करते। उस दिन रांची से ही हमने खाना पैक करवा लिया था, तो हमने वही खाया। उस दिन खाना बनाना नहीं पड़ा। हां सुबह के लिए मैंने कुछ हरी सब्जी खरीद ली थी और फल ले लिये थे, क्यूंकि सुबह 10 बज कर 30 मिनट पर हमें डॉक्टर के पास पहुंचना था।



### पापा ने अपना पहला कीमो वाक करते-करते लिया

तारीख 9 नवंबर 2024, सुबह। मैं पापा के लिए जूस बनाने में लग गया। पापा का जूस आठ-दस चीजों को मिलाकर बनता। मुन्ना भैया भी जल्दी उठ गये। उन्होंने भिंडी काटनी शुरू की। जूस बनाने के बाद, मैं मड़वा का आटा सानने में व्यस्त हो गया। पापा की डाइट से अब गेंहू को मैंने बंद कर दिया था। शुगर तो वह पहले भी नहीं लेते थे। अब पहली बार मैं मड़वा सान रहा था। गेंहू का आटा तो कई बार सान चुका था। लेकिन मड़वा सानने का तरीका थोड़ा अलग होता है। गर्म पानी में उसे सानते हैं। मड़वा का आटा सानने में काफी संघर्ष करना पड़ता। उस दिन पापा को मड़वा की रोटी, दाल और भिंडी का भुजिया खिलाया। उसके पहले पापा ने जूस पिया था और सलाद भी खाया था। अब हम तैयार थे पापा की पहली कीमो के लिए। 10 बजे हम होटल से निकले और 10 बज कर 15 मिनट पर अस्पताल पहुंच गये। अस्पताल में घुसते ऐसा लगा मानो शहर के सारे बीमार यहीं पहुंच चुके हों। तरह-तरह के रोगी दिखने लगे। देसी-विदेशी। लिफ्ट में जाने के लिए भी लोग संघर्ष करते। लंबी लाइन। वैसे अस्पताल की व्यवस्था बढ़ियां थीं। जब हम टेंथ फ्लोर पर पहुंचे। लिफ्ट से निकलते ही कैंसर मरीजों का रेला लगा था। किसी के बाल उड़े हुए थे। कोई थका हुआ दीखता। कोई व्हील चेयर पर कराह रहा। दो-तीन छोटे बच्चे उम्र करीब तीन से चार साल। कुछ महिलों ने विग पहन रखी थी, समझ मैं आ रहा था कि कीमोथेरेपी चल रही है। अपने आस-पास इतने मरीजों को देखकर मैं और पापा शांत थे। समझा कि यहां तो हर कोई परेशान है। सो हम अब अपने नंबर आने का इंतजार करने लगे।



ठीक 10 बज कर 50 मिनट पर हमारा नंबर भी आ गया। डॉक्टर ने पापा से पूछा, आप ठीक हैं। पापा ने कहा हां ठीक हूं। डॉक्टर ने कहा आपको दो दिनों के लिए एडमिट करेंगे, उसके बाद डिस्चार्ज कर देंगे। फर्स्ट टाइम कीमो होना है, इसलिए दो दिन रखेंगे। उसके बाद पापा एडमिट हुए। सिंगल प्राइवेट रूम लिया गया। मैं और पापा रूम में बैठे। पापा बोले रूम अच्छा बनाया है। मैंने अस्पताल के कमरे की पर्दों को हटा सोफे पर बैठ गया। कीमो और इम्मूनोथेरपी एक साथ होनी थी। कीमो की तैयारी शुरू हुई। पापा के हाथों में कैनुला डाला गया। कैनुला डालते वक्त पापा को थोड़ी चुभन हुई। पापा अब तैयार थे कीमो लेने के लिए। पापा ने अपना पहला कीमो वॉक करते-करते ही लिया। थोड़ी देर बाद सोफे पर बैठ कर फोन पर इधर-उधर बात भी कर रहे थे। मैंने पापा से पूछा कि कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है न। उन्होंने कहा नहीं। मैंने कहा अब आप लेट जाते, तब वह लेटे। करीब तीन घंटे में पापा का पहला कीमो सेशन कंपलीट हुआ। चूंकि पापा का यह पहला कीमो था, तो मैं जरा ज्यादा ही सावधान था। खैर कीमो खत्म हुआ। डॉक्टर राउंड पर आये, पूछा सर सब ठीक है न। पापा ने कहा जी सब ठीक है। डॉक्टर ने कहा कि हम लोग आपको एक दिन और रखेंगे, चूंकि यह पहला कीमो है, तो जरा देखेंगे कि बॉडी कैसे रियेक्ट करती है। खैर दो दिन के बाद पापा डिस्चार्ज हुए। डिस्चार्ज नोट में कई इंस्ट्रक्शंस लिखे हुए थे। उसमें डब्लूबीसी इंजेक्शन के बारे में भी लिखा हुआ था। तीन बार एक दिन छोड़कर डब्लूबीसी की इंजेक्शन लगनी थी, सो हमने सोचा इसे कंपलीट होने में एक हफ्ता लगेगा, तो इस बार गुरुग्राम में ही रुक जाते हैं। उसके बाद ही रांची जायेंगे। सोच यह भी थी कि अगर कीमो का कोई दुष्प्रभाव भी होता है, तो तुरंत अस्पताल मूव कर सकते।

### पटल, नेनुआ, दाल, चटनी और मड़ुआ-जौ की आठ-दस रोटियां, वह भी गोल

डिस्चार्ज के बाद शाम को हम आ गये स्टार होटल। डिस्चार्ज लेने से बड़ा संघर्ष कुछ और नहीं। भागम-भाग हो जाता है। मैंने पापा से पूछा कि आप क्या खायेंगे। पापा ने कहा कि पटल का भुजिया और मूंग की दाल बना दो। लेकिन सबसे पहले एक दो गिलास पानी पिलाओ। पानी पिलाने के बाद मैं बाजार चला गया। मुन्ना भैया को बोला आप पापा को देखिये। मैंने बाजार से दाल, पटल और कुछ हरी सब्जी भी ले ली। कद्दू, नेनुआ पापा को पसंद है, वह भी ले लिया। बाजार में कई सारे विदेशी मरीज भी दिखते, जो बाहर से आये हुए थे इलाज कराने। बाजार में ही सर्विस रोड पर एक गुरुद्वारा था और ठीक बगल में बजरंग बली का मंदिर। मैं वहां भी हो लिया और प्रार्थना कर तुरंत होटल भागा। उसके बाद पटल का भुजिया, नेनुआ की सब्जी, दाल, मिर्च-लहसुन-धनिया पत्ते की चटनी और मल्टी ग्रेंस आटे की आठ-दस रोटियां बनायीं। लिखने और पढ़ने में यह जितना आसान है लड़कों के लिए शायद उतना आसान नहीं है। रोटी बनाने में बड़ी कलाकारी करनी पड़ती। गोल जो बनाता। वह भी मड़वा-जौ मिक्स। पापा ने उस शाम बड़े चाव से खाना खाया। उन्हें अस्पताल का खाना बिलकुल पसंद नहीं आता। खाना खा कर पापा आराम से लेट गये और टीवी देखने लगे। मैंने और मुन्ना भैया ने भी खाना खाया और गप करने लगे। करीब सात बजे पापा को हिचकी आनी शुरू हुई। मैंने पापा को पानी पिलाया। लेकिन हिचकी जो थी रुकने का नाम ही नहीं ले रही थी। तीन घंटे तक हिचकी रुकी ही नहीं। फिर मुझे लगा कहीं कोई दिक्कत वाली बात तो नहीं। मैंने तुरंत हॉस्पिटल के इमरजेंसी नंबर पर फोन घुमाया। उन्होंने एक दवा का नाम बताया, मैं मेडिकल गया और दवा ले आया। दवा खाने के बाद आधे घंटे में पापा को आराम हो गया। पापा ने कहा कि बेटा पैर सहला दो सो जाऊंगा। मैंने पापा के पैरों में तेल लगाया और पापा अच्छे से सो गये। सुबह हुई, मुझे जल्दी उठना पड़ता, पापा के लिए नाश्ता बनाया। सुबह का नाश्ता करने के बाद हम अस्पताल गये, पापा को डब्लूबीसी का इंजेक्शन लगना था। इंजेक्शन लगने से आधे घंटे पहले पापा को क्रोसिन खा कर जाना था। खैर पेट में इंजेक्शन लगा। उसके बाद हम घर आ गये। फिलहाल इस दौरान कीमो का कोई असर पापा पर नहीं दिख रहा था। सिर्फ हिचकी आयी थी। वह भी चली गयी थी।

### रोशन तनेजा सर से जो एक्टिंग सीखी, सब पापा पर इस्तेमाल किया

डब्लूबीसी का इंजेक्शन लगने के बाद रात में पापा को सुस्ती होने लगी। पापा ने कहा खाने का मन नहीं कर रहा है। मैंने कहा बताइये न क्या खायेंगे। खाना तो पड़ेगा न पापा। मुझे आइडिया आया कि पापा कि पसंदीदा कुछ बनाया जाये। मैंने तुरंत पूछ लिया दल पिट्ठी बना दूं। उन्होंने कहा हां बनाया जा सकता है। फिर मैंने आंटा सानना शुरू किया। बड़े साइज की रोटी बेली और स्टील का छोटा ग्लास उठाया, कटाई करना शुरू किया। छोटे-छोटे गोलनुमा टुकड़ों से मैंने पिठ्ठों का निर्माण किया। यह पहली बार था, जब मैंने खुद से दलपिठ्ठी बनायी। जैसा मम्मी बनाती थीं, वैसा ही बना। चटपटा। पापा ने बड़े चाव से दो-दो बार लेकर दलपिठ्ठी खाया। मैंने भी सोचा भूख तो पापा को एक की भी नहीं थी दो-दो प्लेट खा लिये। लगता है अच्छा बना था। उसके बाद पापा फोन पर बात करने लगे। रोज की तरह मैंने उनके पैरों में तेल लगाया, मालिश की और पापा की नाक बजने लग जाती। पापा की नाक बजना सुकून देने वाला पल होता। सुबह हुई लेकिन यह सुबह सामन्य सुबह जैसी नहीं थी। पापा का शरीर दर्द से टूट रहा था। बहुत ज्यादा थकान और सुस्ती महसूस हो रही थी। इंजेक्शन का असर हो रहा था। मैंने तुरंत अस्पताल के इमरजेंसी नंबर पर फोन किया। मैंने बताया कि ऐसा-ऐसा हो रहा है। उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। एक पैरासिटामोल दिया जा सकता है। यह सिलसिला तब-तक चला, जब-तक डब्लूबीसी का इंजेक्शन लगना बंद नहीं हुआ। इस दौरान पापा को खिलाने-पिलाने में बड़ी मस्सकत करनी पड़ती। फिर मुझे अपना एक्टिंग परफॉरमेंस दिखाना पड़ता। पापा से इधर-उधर की बात करते-करते जूस का गिलास सामने रखता और बातों-बातों में उनकी हाथों में पकड़ा, उन्हें पीला देता। पापा जब भी खाने में आनाकानी करते, तो उनकी पसंदीदा डिश बना, उनके सामने बड़े चाव के साथ खाने लगता, फिर उसमें से पापा भी मांग कर खा लेते। हर बार मैं यही करता। रोशन तनेजा सर मेरे एक्टिंग के गुरु रह चुके थे, मुंबई में सीखी सारी कला अब मैं पापा के ऊपर अप्लाई कर रहा था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel




## विधानसभा का मानसून सत्र: तीसरे दिन भी प्रश्नकाल हंगामे की भेंट चढ़ा

# सत्ता पक्ष एसआइआर और विपक्ष ने सूर्या हांसदा के मामले को लेकर सदन को गरमाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का मंगलवार को तीसरा दिन था। सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने अपनी-अपनी मांग को लेकर हंगामा किया। नतीजतन प्रश्नकाल और शून्यकाल हंगामे की भेंट चढ़ गया। सत्ता पक्ष की ओर से विधायक प्रदीप यादव ने एसआइआर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार संविधान संरक्षक है। भाजपा की सरकार लोगों से वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है। उनके साथ-साथ सत्ता पक्ष के अन्य विधायकों ने भी हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाये। वहीं, विपक्ष ने सूर्या हंसदा के एंकाउंटर की सीबीआइ जांच कराने की मांग पर हंगामा करना शुरू कर दिया। प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ये लोग (सत्ता पक्ष) राज्य में बंगलादेशियों और घुसपैठियों को वोटर बनाना चाहते हैं। ये लोग राज्य के अहम मुद्दों को डैल्यूट करना चाहते हैं। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने दोनों पक्षों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन ममाला शांत नहीं हुआ। उन्होंने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद फिर दोबारा 12 बजे कार्रवाई शुरू होने के बाद एक बार पिर दोनों पक्षों ने हंगामा शुरू कर दिया। नजीतन स्पीकर ने भोजनावकाश तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। भोजनावकाश के बाद सत्र की कार्यवाही सुचारू चली। सरकार द्वारा लाये गये विधेयकों पर चर्चा हुई इसे पारित किया गया और अतिवृष्टि को लेकर चर्चा हुई।

झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को भी सदन के बाहर सत्ता पक्ष और विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन जारी रहा। जहां सत्ता पक्ष ने एसआइआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाये। तख्तियों पर लिखा था कि गरीबों का वोट छीनना बंद करो, वोट से वंचित करना, लोकतंत्र की हत्या करना है और गरीबों का हक छीनने वाली भाजपा सरकार हाय हाय! जैसे नारे लिखे थे। वहीं दूसरी तरफ भाजपा के विधायकों ने अटल क्लीनिक के नाम बदलने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि झारखंड सरकार अटल जी का अपमान कर रही है। भाजपा ने राज्यपाल के अधिकारों की कटौती और सूर्य हांसदा एनकाउंटर मामले का भी विरोध किया। विधायकों के हाथों में लिये तख्तियों पर लिखा था अटल बिहारी जी को पूरा देश सम्मान करता है, पर झारखंड की सरकार ने उनका अपमान किया है, राज्यपाल के संवैधानिक अधिकारों में हस्तक्षेप बंद करो, गुनहगारों को बचाना बंद करो और तुरंत सीबीआइ जांच करो, सूर्या हांसदा के खून का हिसाब आदिवासी समाज मांग रहा जवाब, आदिवासियों की हत्या पर चुप क्यों सरकार, सीबीआइ जांच से क्यों इनकार जैसे नारे लिखे थे।









### अगर सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं देगी तो सदन कैसे चलेगा: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को मानसून सत्र के दौरान पत्रकारों से कहा कि अगर सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं देगी तो सदन कैसे चलेगा। एक-एक करके विधानसभा में डेमोग्राफी सुनियोजित तरीके से बदली जा रही है। आखिर क्या होना चाहिए, इसे स्पष्ट करें। वहीं सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में सीबीआइ जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार को कोई पैसा भी खर्च नहीं होना है। वहीं भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि एसआइआर का विरोध करना उचित नहीं हैं। सही वोटर का नाम मतदाता सूची में रहे। फर्जी वोटर का नाम लिस्ट से बाहर होना चाहिए। यही तो भाजपा मांग कर रही है। हमारी नागरिकता की सबसे बड़ी पहचान वोटर आइडी है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**सिंह** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।


## मानसून सत्र : शुल्क विनियमन विधेयक पारित

# मनमानी फीस नहीं वसूल सकेंगे शिक्षण संस्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब निजी संस्थान इंजीनियरिंग, मेडिकल व मैनेजमेंट सहित अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए मनमानी फीस नहीं वसूल सकेंगे। इसके लिए मंगलवार को झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में झारखंड व्यवसायिक शिक्षण संस्थान (शुल्क विनियमन)विधेयक 2025 ध्वनि मत से पारित हो गया। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल और राज सिन्हा के विरोध और सुझावों का उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सटीक जवाब देकर उन्हें चुप करा दिया। हालांकि विधेयक के कई प्रावधानों पर विपक्ष की आपत्ति थी। लेकिन इन आपत्तियों के बीच सदन ने इस विधेयक को पारित कर दिया। विधेयक पर अब राज्यपाल की स्वीकृति लेनी होगी। उसके बाद व्यवसायिक शिक्षा के लिए संचालित संस्थान मनमाना फीस नहीं ले सकेंगे। साथ ही उन्हें कई तरह की शर्तों का पालन करना होगा।

**कई पाठ्यक्रम की फीस तय होगी :** शुल्क विनियमन समिति बैचलर ऑफ मेडिसिन व बैचलर ऑफ सर्जरी, डेंटल सर्जरी में स्नातक, आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा में स्नातक, यूनानी चिकित्सा और शल्य चिकित्सा में स्नातक और प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग में स्नातक पाठ्यक्रम की फीस निर्धारित करेगी। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा में स्नातक, अभियंत्रण में स्नातक, प्रौद्योगिकी में स्नातक, फार्मेसी में स्नातक, वास्तुकला में स्नातक पाठ्यक्रम का भी फीस निर्धारण होगा। होटल प्रबंधन और भोजन प्रबंधन प्रौद्योगिकी में स्नातक, नर्सिंग विज्ञान में स्नातक, कृषि विज्ञान में स्नातक, व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक, विधायी कानून में स्नातक और विधि स्नातक, शिक्षा में स्नातक की भी फीस तय होगी। साथ ही मेडिकल स्ट्रीम में सभी मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम, फार्मेसी में पीजी, अभियंत्रण में पीजी, प्रौद्योगिकी में पीजी, वास्तुकला में पीजी, नर्सिंग विज्ञान में पीजी, व्यवसाय प्रबंधन में पीजी, विधायी कानून में पीजी और विधि में पीजी, शिक्षा में पीजी, कृषि में मास्टर ऑफ साइंस, डिप्लोमा या स्नातक या स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट या पोस्ट डॉक्टरेट स्तर के पाठ्यक्रम की फीस भी तय होगी।



झारखण्ड सरकार
विधि विभाग

झारखण्ड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025

अधीक्षक, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय,
राँची द्वारा मुद्रित ।

**शुल्क निर्धारण समिति का गठन होगा :** हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस की अनुशंसा पर रिटायर जज की अध्यक्षता में शुल्क निर्धारण समिति का गठन किया जायेगा। इस कमेटी में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा नामित राज्य के किसी विश्वविद्यालय के कुलपति इसके उपाध्यक्ष होंगे। इनके अलावा एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और अलग-अलग पाठ्यक्रमों से जुड़े लोग समिति में सदस्य बनाये जायेंगे। उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव या स्वास्थ्य सचिव या कृषि सचिव समिति के पदेन सचिव होंगे। चार्टर्ड एकाउंटेंट की नियुक्ति अध्यक्ष की अनुशंसा पर की जायेगी। अध्यक्ष की नियुक्ति दो वर्षों के लिए होगी। उन्हें एक साल या 67 वर्ष की आयु तक कार्यकाल विस्तार दिया जा सकेगा। अध्यक्ष सरकार को सूचना देकर त्याग पत्र दे सकेंगे। अध्यक्ष का पद रिक्त होने पर सरकार तीन माह के भीतर नये अध्यक्ष की नियुक्ति करेगी। इस कमेटी में किसी भी निजी शिक्षण के संस्थान को सदस्य बनने की अनुमति नहीं होगी।

**विधेयक की प्रमुख शर्तें :** किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान द्वारा कैपिटेशन शुल्क वसूलने या मुनाफाखोरी की किसी भी शिकायत की जांच शुल्क विनियमन समिति द्वारा की जायेगी। शुल्क विनियमन समिति उस संस्थान के प्रबंधन को साक्ष्य और स्पष्टीकरण के लिए अवसर देने के बाद ही दंडात्मक कार्रवाई करेगी।

अधिनियम के किसी भी नियम का उल्लंघन या किसी आदेश का अनुपालन नहीं होने के लिए दोषी पाये जाने पर समिति 20 लाख रुपये तक का दंडात्मक जुर्माना अधिरोपित कर सकती है।

इसके अलावा नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई के अलावा संबंधित विश्वविद्यालय को संबद्धता समाप्त करने की अनुशंसा कर सकती है।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुल्क निर्धारण कमेटी का गठन :** गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस्लामिक एकेडमिक ऑफ एजुकेशन एवं अन्य बनाम कर्नाटक राज्य और पीए इनामदार एवं न्यू बनाम महाराष्ट्र राज्य से जुड़े मामले में व्यावसायिक शिक्षा का शुल्क निर्धारण करने का आदेश दिया था। ताकि निजी संस्थानों द्वारा मनमानी फीस उगाही पर रोक लग सके। इस फैसले के बाद महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों ने शुल्क नियामक समिति का गठन कर दिया है। अब झारखंड ने भी इससे जुड़े विधेयक को सदन से पास करा लिया। इससे निजी संस्थानों की मनमानी फीस वसूली से त्रस्त अभिभावकों को राहत मिलेगी।

### कोचिंग सेंटरों के लिए विधेयक के मुख्य बिंदु

- ऐसे सेंटर जहां 50 से अधिक छात्रों को स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर किसी भी अध्ययन कार्यक्रम या प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए शैक्षणिक सहायता के लिए कोचिंग प्रदान की जा रही है।
- एक व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह या एक निगमित निकाय या इंडियन ट्रस्ट एक्ट 1882 के तहत पंजीकृत ट्रस्ट या सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 2008 के तहत स्थापित एलएलपी या कंपनी एक्ट 2013 के तहत पंजीकृत कंपनी है, इस अधिनियम के तहत कोचिंग सेंटर स्थापित कर सकेंगे।
- इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन हेतु जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी एवं राज्य स्तर पर झारखंड स्टेट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी अथॉरिटी का गठन किया जायेगा।
- डिस्ट्रिक्ट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी जिले के अंतर्गत किसी बी व्यक्ति के कोचिंग सेंटर के पंजीकरण या स्थापना के लिए आवेदन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर सकेगा। छात्रों या अभिभावकों की शिकायतों के निवारण के लिए जिला और ब्लॉक लेवल पर शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन करेगा। कोचिंग से जुड़े छात्रावासों में नियमित पुलिस गश्त सुनिश्चित करेगी। किसी भी शिकायत का भौतिक व डिजिटल रूप में रिकार्ड रखने का प्रावधान होगा।

### कोचिंग सेंटरों को अब ये करना होगा

कानून के लागू होने की तिथि से छह महीने के भीतर कोचिंग संस्थानों को डिस्ट्रिक्ट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी के पास आवेदन करना होगा। आवेदन नहीं करनेवाले कोचिंग संस्थानों को दंडित किया जा सकेगा। साथ ही कोचिंग संस्थानों द्वारा किये गये आवेदन पर कमेटी को 60 दिनों के भीतर निर्णय लेना होगा। अगर कोचिंग सेंटर संचालित करनेवाले व्यक्ति के पास जिले के भीतर या बाहर कई परिसर या शाखाएं हैं तो ऐसे प्रत्येक परिसर या शाखा को अलग-अलग कोचिंग सेंटर माना जायेगा। संबंधित जिले में अलग-अलग आवेदन करना होगा। यदि कोई कोचिंग सेंटर फ्रेंचाइजी मोड में संचालित हो रहा है तो इसके फ्रेंचाइजर को भी नियमों के अनुरूप आवेदन करना होगा। कोचिंग सेंटर की स्थापना के लिए आवेदन के साथ आधारभूत संरचना, पाठ्यक्रम, मूल्यांकन एवं शुल्क, आसान निकास नीति, शुल्क वापसी नीति एवं विद्यार्थियों के स्थानांतरण नीति की भी जानकारी देनी होगी। आवेदन के साथ यह अंडरटेकिंग देना होगा कि नियोजित या नियोजन किये जानेवाले किसी भी ट्यूटर के पास स्नातक की न्यूनतम योग्यता है। उसे किसी न्यायालय द्वारा किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है। 16 वर्ष से कम आयु के या माध्यमिक विद्यालयपरीक्षा नहीं देनेवाले विद्यार्थियों को उनके अभिभावक की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना नामांकित नहीं किया जायेगा। आवेदन से संतुष्ट होने पर डिस्ट्रिक्ट कमेटी द्वारा लेटर ऑफ इंटेंट निर्गत किया जायेगा। लेटर ऑफ इंटेंट निर्गत होने की तिथि से 30 दिनों के अंदर पांच लाख रुपये की बैंक गारंटी जमा करनी होगी। फिर कमेटी द्वारा लेटर टू स्टार्ट की अनुमति दी जायेगी। कोचिंग सेंटर का पंजीकरण पांच वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा। अवधि समाप्त होने पर पंजीकरण का नवीकरण किया जा सकेगा। कोचिंग सेंटरों को वेब पोर्टल पर सारा डाटा रखना होगा।

### कोचिंग सेंटरों के विरुद्ध शिकायतों के निवारण की व्यवस्था होगी

कोचिंग सेंटर के छात्र, अभिभावक या ट्यूटर द्वारा डिस्ट्रिक्ट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी के पास सिकायत दर्ज करायी जा सकेगी। कमेटी द्वारा शिकायतों की जांच के लिए उप जांच समितियों का गठन किया जा सकेगा। दोनों पक्षों की सुनने के बाद 45 दिनों के भीतर समुचित आदेश पारित कर, शिकायतों का निबटारा करना होगा। समिति गंभीर चूक पर कोचिंग सेंटर के निबंधन को रद्द करने का भी निर्णय दे सकेगी। डिस्ट्रिक्ट कमेटी के निर्णय को स्टेट कमेटी के समक्ष 30 दिनों के भीतर चुनौती दी जा सकेगी। स्टेट कमेटी का निर्णय अंतिम होगा। कोचिंग सेंटरों द्वारा नियमों का उल्लंघन किये जाने पर पहली बार 5 लाख रुपये और दूसरी बार के लिए 10लाख रुपये का दंड लगाया जा सकेगा। वित्तीय अनियमितता, कुप्रबंधन, कुप्रशासन की स्थिति पैदा होने पर कोचिंग संस्थान को पांच वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड किया जा सकेगा। झारखंड स्टेट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी अथॉरिटी के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारी होंगे। राज्य सरकार के संयुक्त सचिव व उससे ऊपर रैंक के सेवानिवृत अधिकारी इसके उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव रैंक से नीचे के अधिकारी सदस्य होंगे।

### ट्रिब्यूनल का भी गठन होगा

अधिनियम के अनुसार कोचिंग सेंटरों को संचालित करने के क्रम में उत्पन्न विवादों के हल के लिए झारखंड राज्य कोचिंग सेंटर नियामक प्राधिकरण का गठन होगा। प्राधिकरण में सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारी जो प्रधान जिला न्यायाधीश के पद से अन्यून हो, अध्यक्ष होंगे। राज्य सरकार के संयुक्त सचिव स्तर से अन्यून सेवानिवृत पदाधिकारी इसके उपाध्यक्ष होंगे। उपभोक्ता मामले और शिकायत निवारण में पूर्व रखनेवाला राज्य सरकार के संयुक्त सचिव के पद से अन्यून सेवानिवृत पदाधिकारी इसके सदस्य होंगे।

# अब विश्वविद्यालयों में वीसी समेत अन्य उच्च पदों पर नियुक्ति मुख्यमंत्री करेंगे

## सीनेट की बैठक में प्रो वीसी के रूप में शामिल होंगे उच्च शिक्षा मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को सदन से झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पास हो गया। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा सदन में पेश यह विधेयक विपक्ष के मामूली विरोध के बीच ध्वनि मत से पास हुआ। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल का कहना था कि विश्वविद्यालय विधेयक राजनीति से प्रेरित है। राज्य सरकार शिक्षा का राजनीतिकरण करना चाहती है। गवर्नर का पावर सीज करने का प्रयास कर रही है। उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि गुजरात में 2014 से इस तरह का अधिनियम लागू है। गुजरात में 11 वर्षों से लागू इस कानून का वे क्यों नहीं विरोध कर रहे। उन्होंने कहा कि राज्य के उच्च शिक्षा व्यवस्था में समरुपता और पारदर्शिता लाना इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य है। विधेयक में किये गये प्रावधान के मुताबिक झारखंड के राज्यपाल राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति बने रहेंगे। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री विश्वविद्यालयों के सीनेट की बैठक में प्रति कुलपति के रूप में शामिल होंगे। कुलपति की नियुक्ति अब राज्यपाल की जगह राज्य सरकार द्वारा यूजीसी द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुसार की जायेगी।

**चयन समिति करेगी कुलपति की नियुक्ति :** कुलपति की नियुक्ति के लिए एक चयन समिति का गठन किया जायेगा। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर सचिव, प्रधान सचिव या सचिव इस समिति के अध्यक्ष होंगे। उच्च राष्ट्रीय प्रतिष्ठा प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय के निदेशक या प्रमुख समिति के सदस्य होंगे। इसके अलावा यूजीसी का प्रतिनिधि और कुलाधिपति द्वारा नामित प्रतिनिधि भी चयन समिति के सदस्य होंगे। संबंधित विश्वविद्यालय का कुलसचिव चयन समिति के सदस्य होंगे। समिति में नामित किये गये सदस्य, वैसे व्यक्ति होंगे जो कबी भी संबंधित विश्वविद्यालय अथवा उस विश्वविद्यालय के किसी महाविद्यालय अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित नहीं रहे होंगे। मताधिकार प्राप्त न्यूनतम तीन सदस्यों की उपस्थिति के बिना चयन समिति की बैठक नहीं होगी। चयन समिति राज्य सरकार को तीन से पांच नामों की अनुशंसा करेगी। बंद लिफाफे में अनुशंसित व्यक्तियों के नाम वर्णमाला क्रम में होगा। प्रत्येक व्यक्ति की उपयुक्तता पर एक विस्तृत विवरण भी संलग्न किया जायेगा। नामों का पैनल तैयार करते समय अगर समिति के सदस्यों के बीच मतैक्य नहीं रहा तो समिति के अध्यक्ष को निर्णायक मत देने का अधिकार होगा। यदि राज्य सरकार अनुशंसित व्यक्तियों में से किसी को भी अनुमोदित नहीं करती है तो वह फिर से समिति को पैनल भेजने का निर्देश दे सकती है। कुलपति के चयन की प्रक्रिया रिक्ति से छह माह पूर्व प्रारंभ की जायेगी। कुलपति का कार्यकाल संतोषप्रद प्रदर्शन और अधिकतम 70 वर्ष की उम्र सीमा तक होगा।

**विधेयक में कई और भी प्रावधान :** प्रवेश, परीक्षा, मूल्यांकन तथा छात्रों से संबंधित मामलों के विवाद का प्रावधान किया गया है। प्रवेश संबंधी विवाद का निपटारा छात्र शिकायत निवारण समिति द्वारा किया जायेगा। विश्वविद्यालय किसी परीक्षा के अंतिम पत्र के 30दिनों के भीतर परीक्षाफल का प्रकाशन करेगा। विश्वविद्यालयों में कर्मचारी शिकायत निवारण समिति, छात्र शिकायत निवारण समिति होगी। कर्मचारी शिकायत निवारण न्यायाधिकरण होगा, उच्च न्यायालय के सेवानिवृत जज इसके अध्यक्ष होंगे। विश्वविद्यालयों में अनुसंधान, नवाचार, संवर्धन, उद्योग संपर्क एवं उद्यमिता बोर्ड, सूचना प्रौद्योगिकी बोर्ड, छात्र मामलों के बोर्ड, खेलकूद शारीरिक शिक्षा बोर्ड, मानव संसाधन बोर्ड, इंटर्नशिप, अप्रेंटिस एवं प्लेसमेंट बोर्ड, समावेशी शिक्षा बोर्ड, संपदा एवं सुविधा प्रबंधन बोर्ड, अंगीभूत महाविद्यालय बोर्ड, संबद्ध महाविद्यालय बोर्ड, अध्ययन केंद्र बोर्ड, क्षेत्रीय केंद्र बोर्ड, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संपर्क बोर्ड, छात्र कला संस्कृति बोर्ड होंगे।



### विश्वविद्यालय सेवा आयोग के माध्यम से होगी नियुक्ति

विश्वविद्यालयों के विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय सेवा आयोग का गठन किया जायेगा। इसका मुख्यालय रांची होगा। उच्च शिक्षा विभाग इस आयोग का नोडल प्रशासनिक विभाग होगा। सचिवालय सहयोग देगा। आयोग में अध्यक्ष, सदस्य प्रशासन तथा तीन अन्य सदस्य होंगे। ये पूर्णकालिक होंगे। इनकी नियुक्ति राज्य सरकार करेगी। प्रधान सचिव या केंद्र सरकार में अपर सचिव अथवा अखिल भारतीय सेवाओं अथवा ग्रुप ए सेवा के समतुल्य वेतनमान में सेवानिवृत्त अधिकारी अध्यक्ष पद के पात्र होंगे। इसके अलावा किसी सार्वजनिक विश्वविद्यालय के कुलपति अथवा भारत सरकार के अधिनियन द्वारा स्थापित किसी संस्थान के निदेशक के रूप में कम से कम तीन वर्षों की सेवा करने वाले अधिकारी भी आयोग के अध्यक्ष पद के पात्र होंगे। विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अध्यापकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और अंगीभूत महाविद्यालय के प्रधानाचार्यों की प्रत्यक्ष विधि से नियुक्ति के लिए दिशा निर्देश तैयार करेगा। इनकी नियुक्ति करेगा। विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष जनवरी तक राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों के विरुद्ध अधिकारियों, अध्यापकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और अधीनस्थ महाविद्यालयों के प्राचार्यों के चयन हेतु आयोग को आवश्यकता पत्र प्रेषित करेगा।

# सिटी चाइल्ड हॉस्पिटल में बच्चे की मौत के बाद हंगामा

**परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** इंद्रपुरी चौक स्थित सिटी चाइल्ड हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 6 माह के बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर बवाल काटा। घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पतरातू के रहने वाले इस बच्चे को बीते रविवार को इलाज के लिए सिटी चाइल्ड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान मंगलवार के अगले सुबह




बच्चों की मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर द्वारा इलाज में लापरवाही बरती गयी और परिजनों को सही-सही जानकारी नहीं दी गयी। मंगलवार सुबह 4 बजे उन्हें बताया गया कि बच्चे की मौत हो गयी है जिससे परिजन भड़क गये और अस्पताल में हंगामा करने लगे। मृतक के पिता मोहम्मद सफीक ने बताया कि डॉक्टर ने उन्हें कहा था कि बच्चों को निमोनिया है और इलाज के बाद बच्चा पूरी तरह से ठीक हो जायेगा जब भी उन लोगों ने इस संबंध में पूछना चाहा तो अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक द्वारा उन्हें जवाब दिया गया कि बच्चा ठीक है। सोमवार की रात आइसीयू में भर्ती करने की बात कही गयी, लेकिन बच्चे की गंभीरता के बारे में उन्हें नहीं बताया गया। उन्होंने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। वही इस संबंध में पूछे जाने पर सिटी चाइल्ड केयर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर आसिफ अजहर ने बताया कि बच्चों के इलाज में कोई लापरवाही नहीं बरती गयी। बच्चा शुरू से ही क्रिटिकल स्थिति में था, जिसकी जानकारी उसके परिजनों को दे दी गयी थी। उनके द्वारा हर संभव प्रयास किया गया लेकिन बच्चे को बचाया नहीं जा सका। लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा से पूछे जाने पर बताया कि परिजनों ने थाना में किसी प्रकार का आवेदन नहीं दिया है।

## सीमेंट लदा ट्रक पलटा, ड्राइवर-खलासी बाल-बाल बचे

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित 13 मैल से हल्का ऊपर हजारीबाग की ओर से सीमेंट लदा ट्रक बड़कागांव की ओर आ रहा था। कि अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें ड्राइवर खलासी को भी चोट आई। उक्त घटना मंगलवार सुबह 8 :00 बजे की बतायी जाती है। घटना के उपरांत राहगीरों और पुलिस के मदद से ड्राइवर खलासी को गाड़ी से निकाल कर हजारीबाग इलाज के लिए भेज दिया गया। उक्त ट्रक WB 25 आइजे 2620 मां काली ट्रांसपोर्ट बंगाल से चलकर बड़कागांव में सीमेंट ला रहा था। ज्ञात हो कि हजारीबाग रोड के बुढ़ना घाटी के ऊपर टावर चौक के पास से दो सड़क बनायी गयी है जिसमें एक सड़क से भारी वाहनों का आवागमन वर्जित है जिसका बोर्ड भी लगाया गया है बावजूद इसके कई भारी वाहन उक्त सड़क का इस्तेमाल करते हैं और दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में भी कई बड़े वाहनों का उक्त सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है।

## उपायुक्त के सुनीं लोगों की समस्याएं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में आम जनों की समस्याओं के समाधान हेतु उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। जनता दरबार में ऑनलाइन दाखिल खारिज आवेदन पर रोक लगाने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, बीपीएल कार्ड सत्यापन, आयुष्मान कार्ड व आधार कार्ड बनाने, आवास योजना का लाभ देने, खेल मैदान निर्माण करने, जमीन विवाद जैसी कई समस्याएं सामने आईं। उपायुक्त ऋतुराज ने सभी संबंधित विभागों और पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करें और समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कार्यक्रम आयोजित हुआ। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास, पंचायती राज, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम सहित कई योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गयी और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। बैठक में मनरेगा योजना में निर्देश दिया कि अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जाये, मजदूरी का भुगतान समय पर हो और जल संरक्षण, मिट्टी सुधार और परिसंपत्ति निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाये। लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया गया। आवासों में शौचालय निर्माण सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत मृतक लाभुकों की सूची तैयार कर बैंक समन्वय से क्लेम सेटलमेंट कराया जाये। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत बाल विवाह रोकथाम, बाल संरक्षण और प्रवासन रजिस्टर संधारण पर भी ठोस पहल करने का निर्णय लिया। तिलोकरी जलापूर्ति योजना का रखरखाव ग्राम जल और स्वच्छता समिति द्वारा किया जाता है। इसके सुचारू संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर बीपीओ विकास कुमार सिंह, एई तारिक अनवर, रवि कुमार, सुमित कुमार झा, अशोक कुमार, नितेश कुमार सहित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक संपन्न, लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन की एक बैठक झुमरीतिलैया स्थित छाबड़ा लौज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने जबकि संचालन सचिव दिनेश सिंह ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सत्र 2025– 26 में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट, सीनियर क्रिकेट लीग, महिला क्रिकेट टूर्नामेंट, कोडरमा प्रीमियर लीग और अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए सुरेंद्र प्रसाद, विशाल प्रसाद और तहसीन हुसैन को तथा सीनियर क्रिकेट के लिए सोनू खान और धर्मेंद्र कौशिक को और महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए ओमप्रकाश को जवाबदेही दी गयी है। बैठक में कहा गया कि उक्त टूर्नामेंटों में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों को केडीसीए से रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जेएससीए द्वारा मांगे जाने वाले प्रपत्रों के अनुसार ही खिलाड़ियों से प्रपत्र जमा कराये जायेंगे। रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ खिलाड़ियों को डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट, पीवीसी आधार कार्ड, आधार हिस्ट्री, पैन कार्ड, स्कूल मार्कशीट, स्कूल बोनाफाइड सर्टिफिकेट, माता–पिता का वोटर आई कार्ड और आधार कार्ड संलग्न करना आवश्यक है। स्कूल टूर्नामेंट में अंडर 14 और अंडर 16 के खिलाड़ी को ही शामिल होना है। जन्म तिथि रजिस्ट्रेशन फॉर्म में अंकित है जिसके अनुसार ही फार्म भरना आवश्यक है। यह भी निर्णय लिया गया कि जिन खिलाड़ियों का स्कूल इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेता है वैसे खिलाड़ी उक्त अवधि में स्वतंत्र रूप से सीधे केडीसीए में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। बैठक में अमरजीत सिंह छाबड़ा, दिनेश सिंह, विवेकानंद चौधरी, अनिल सिंह, मनोज सहाय पिंकू, कृष्णा बरहपुरिया, विनोद विश्वकर्मा, डॉक्टर उपेंद्र भदानी, पंकज सिंह, उमेश सिंह, आलोक पांडेय, सोनू खान, धर्मेंद्र कौशिक, महेश भारती, राकेश पांडेय, तहसीन हुसैन, मुकेश प्रभाकर, सुरेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश, विशाल प्रसाद, जय पांडेय सहित अन्य शामिल थे।

## गणपति पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**दारू /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू थाना परिसर में मंगलवार को गणपति पूजा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने की, जबकि संचालन एस आई मदन मुंडा ने किया। इस बैठक में दारू और कवालू पूजा समिति अध्यक्ष और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में एसडीपीओ ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा इन पर्वों को लेकर विशेष गाइडलाइन जारी की गयी है। गणपति पूजा के अवसर पर निर्धारित लाइसेंसी मार्ग से ही जुलूस निकालना होगा। झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशानुसार डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, ताकि अधिक ध्वनि स्तर से किसी की सेहत को नुकसान न पहुंचे। प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून राशिद ने कहा कि अखाड़ा अध्यक्ष और सचिव अपने वालंटियर की सूची तैयार करें तथा उनके लिए पहचान पत्र जारी करें। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट न करें, अन्यथा संबंधित एडमिन व पोस्ट करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। अंचल पुलिस निरीक्षक जयराम मुंडा ने सभी से शांति व सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक में बीडीओ हारून रशीद, अंचलाधिकारी रामबालक कुमार, एसआई मदन मुंडा, अंचल पुलिस निरीक्षक जयराम मुंडा, राजकुमार दास, भैया नवजीत सिन्हा, दशरथ दास, प्रकाश कुमार, नागेश्वर महतो, शिवचरण साव, महेंद्र सिंह, सागर कुमार, दीपक सिंह, विशाल सिंह, छोटन सिंह, निकेश सिंह, अंशु सिंह, सौरभ सिंह सहित कई गन्यमाण लोग उपस्थित थे।

## टाटीझरिया में महिलाओं ने रखा तीज व्रत

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड में मंगलवार को हरतालिका तीज को लेकर चहल पहल दिखा, सुहागिन स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु के लिए 24 घंटे अखंड उपवास कर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा किया। शास्त्र के अनुसार माता पार्वती शिव जी को पाने के लिए अपने सखियों के मदद से भागकर भयानक जंगल में नदी के किनारे घोर तपस्या कर भगवान भोलेनाथ को भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि युक्त हस्ता नक्षत्र में माता पार्वती को दर्शन दिया और कहा कि पार्वती तुम्हारे तपस्या से प्रसन्न है क्या वरदान चाहिए



पार्वती ने अपने पति के रूप में शिव जी को ही मांग लिया, शिव जी ने कहा कि पार्वती आज तुम्हारी तपस्या के फल से सुहागिन स्त्रियां जो अपने सत्य निष्ठा मन से भाद्र पद शुक्ल तृतीया हस्ता नक्षत्र में हमदोनों की पूजा करेगा परिवार के सुख समृद्धि होगी और पति की दीर्घायु होगा। इस मनोकामना को लेकर सुहागिन स्त्रियां भगवान शिवशंकर और माता की पार्वती की पूजा अर्चना कर फूल बेलपत्र प्रसाद चढ़ाकर शिवपार्वती की कथा सुनते है और रातभर जागरण कर भजन कीर्तन करते है। प्रखंड के झरपो, भराजो, गॉधीय, टाटीझरिया, खम्भवा, डूमर, धर्मपुर, डहरभंगा, अमनारी, बेडमक्का, केसड़ा सहित गांवों में तीज पूजा धूमधाम से किया गया।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर में जीटी रोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। मंगलवार की दोपहर तीन बजे के करीब बगोदर की ओर से आ रही अपाची मोटर साइकिल सवार को पीछे से आ रही कंटेनर गाड़ी नंबर यूपी 06 सीबी 5185 ने टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक कंटेनर के नीचे आ गयी। जिससे पैट्रोल टंकी के फटने पर उसमें आग लगने से बाइक पूरी तरह से जल गयी। वहीं कंटेनर गाड़ी के पीछे का चारों टायर जलकर राख हो गया। जबकि बाइक पर सवार तीन लोग दूरी पर गिरकर घायल हो गये। घायलों के बारे में बताया जा रहा है कि सभी ग्राम अटका बगोदर के रहने वाले थे जिनका नाम पता नहीं चल पाया है। जिन्हें इलाज के लिए बगोदर के एक निजी क्लीनिक में ले जाया गया।**

## 19 पुलिस पदाधिकारियों को किया गया इधर से उधर

**इन अधिकारियों में दो इंस्पेक्टर और 17 सब इंस्पेक्टर यानी दारोगा स्तर के अधिकारी हैं**

**इन पदाधिकारियों को तुरंत अपने नये थाना में योगदान देना होगा और 24 घंटे के अंदर अपनी जिम्मेदारियों का रिपोर्टिंग करनी होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में 19 पदाधिकारियों को इधर से उधर किया गया हैं। इन अधिकारियों में दो इंस्पेक्टर और 17 सब इंस्पेक्टर यानी दारोगा स्तर के अधिकारी हैं। संबंधित अधिसूचना एसपी अंजनी अंजन के आदेश से जारी कर दी गयी है। जारी आदेश के अनुसार इन पदाधिकारियों को तुरंत अपने नये थाना या चौकी में योगदान देना होगा और 24 घंटे के अंदर अपनी जिम्मेदारियों का रिपोर्टिंग करनी होगी। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है। उनमें पुनि अनुप प्रसाद को पुलिस केंद्र, हजारीबाग से पुनि- सह -थाना प्रभारी, सदर, यातायात, हजारीबाग बनाया गया है। पुनि बिमल लकड़ा को पुलिस केन्द्र, हजारीबाग से साईबर थाना, हजारीबाग भेजा गया है। पुअनि रमेश चन्द्र हजाम को पुलिस केंद्र, हजारीबाग से गिददी थाना, पुअनि दीपक कमार सिंह को पुलिस केंद्र, हजारीबाग से विष्णुगढ़ थाना भेजा गया है। पुअनि रामबालक सोरेन को पुलिस केंद्र, हजारीबाग से कोर्रा थाना। पुअनि अनुपम प्रकाश को पुलिस केंद, हजारीबाग से विष्णुगढ़ थाना, सतोष कुमार-01 को पुलिस केंद्र, हजारीबाग से बरही थाना भेजा गया है। पुअनि नेमधारी रजक को पुलिस केंद से सदर थाना, पुअनि मो राफीक खान को पुलिस केंद्र से सदर थाना। पुअनि राजबल्लभ कुमार को पुलिस केंद्र से बरही थाना। पुअनि गौतम उरांव को पुलिस केंद्र से बडाबाजार ओपी, पुअनि सोनु कुमार को पुलिस केंद्र से सदर थाना, पुअनि चितरजन कुमार को पुलिस केंद्र से कटकमदाग थाना। पुअनि पुन्नू कुमार यादव को पुलिस केन्द्र से कोर्रा थाना। पुअनि विक्की ठाकुर पुलिस केंद्र से कटकमदाग थाना। पुअनि पिन्टु कुमार को पुलिस केंद्र से लोहसिंघना थाना, पुअनि सुनील कुमार सिंह को पुलिस केंद्र से चौपारण थाना। पुअनि बिटटू रजक को पुलिस केंद्र से कोर्रा थाना और पुअनि राहुल कुमार को सदर थाना से पगार ओपी भेजा गया है।

## बारिश ने सब्जियों की फसल को पहुंचाया नुकसान



**सब्जियों की कीमत में भारी उछाल, थाली से गायब हुई हरी सब्जियां**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में लगातार हो रही बारिश से सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। ऐसे में लतवाली सब्जी मसलन कद्दू, नेनुआ, झिंगी, करैला की फसल नष्ट हो गयी है। वहीं बाहर से आवक कम होने के कारण सब्जियों की कीमतों में भारी उछाल से भोजन का स्वाद और रसोई का बजट बिगड़ गया है। आमलोगों को सोचना पड़ रहा है कि क्या खरीदे, क्या बनायें। सबसे सस्ता आलू है, लेकिन शुगर मरीज इसे नहीं खा सकते। फिलहाल बाजार में प्याज 25-30 रुपये किलो, टमाटर 50-60, फूलगोभी 100, बंदा गोभी 50, ओल 70, कच्चा केला 50, कुंदरी 40, हरा मिर्च 100, हरा धनिया 100, बोदी 50, खख्सी 50, मूली 40, करैला 60, नेनुआ 50, झिंगी 50, भिंडी 50, पटल 50, बैंगन 50 रुपये की दर से बिक रही है। पहले बहुत सारी हरी सब्जियां गांव में मिल जाती थी, मगर बारिश के कारण बाजार का रूख करना पड़ रहा है। जहां सब्जियों का दाम सुनकर पसीना आ जाता है। आम आदमी की पहुंच से हरी सब्जियां दूर होती जा रही है। यह एक गंभीर समस्या है, जिससे कमानेवाले और खानेवाले सभी परेशान हैं। वहीं दूसरी और लोगों ने यह भी कहा कि सब्जियों की कीमत ने भोजन का जायका बिगाड कर रख दिया है। जिनका छोटा परिवार है, वे तो सब्जी बना लेते हैं, मगर जिनका बड़ा परिवार है वे बनाने की सोचते भी नहीं। बल्कि चना, बेसन, सोयाबीन और आलू से काम चला रहे हैं। सब्जियों की मूल्यवृद्धि ने गृहणियों की परेशानी को बढ़ा दिया है।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया

# कसियाडीह की टीम बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**चरही।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत आदर्श हाईस्कूल कारूखाप में बुधवार को नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। ज्ञात हो कि सांसद मनीष जायसवाल द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। इसी को लेकर मांडू विधानसभा के कारूखाप में दसवां टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल क्षेत्र के 32 टीम ने भाग लिया था। जिसमें कसियाडीह और चरही की टीमें फाइनल में पहुंची। मंगलवार को टूर्नामेंट का फाइनल मैच कसियाडीह और चरही के बीच खेला गया। जिसमें





कसियाडीह की टीम ने चरही टीम को 4 गोल से हराया। विजेता टीम को सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा 25,000/ और द्वितीय पुरस्कार चरही टीम को 15,000/ देकर पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल का ढोल नगाड़ा फूलमाला से स्वागत किया गया। मैच प्रारंभ होने से पहले अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तत्पश्चात फुटबॉल में कीक मार कर मैच का शुभारंभ किया गया। विजेता और उपविजेता टीमों को शील्ड और मेडल देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस तरह का खेल प्रतियोगिता का आयोजन संसदीय क्षेत्र के हर विधानसभा हर कस्बा में कराया जा रहा है इससे क्षेत्र में छुपी प्रतिभाओं का आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस तरह के खेलों के आयोजन से छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है।

## आक्रोश मार्च में शामिल होने हजारीबाग से बड़ी संख्या में छात्र रांची गये



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रांची में होने वाले छात्र युवा अधिकार मंच के आक्रोश मार्च के लिए हजारीबाग से बड़ी संख्या में छात्र मंगलवार सुबह रवाना हुए। सुबह से ही जिले के विभिन्न प्रखंडों और गांवों से छात्र बसों और निजी वाहनों के जरिये रांची के लिए निकलते दिखे। छात्रों ने रवाना होने से पूर्व हजारीबाग में एकत्र होकर संकल्प लिया कि वे सरकार की लापरवाही के खिलाफ रांची की सड़कों पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। छात्रों ने कहा कि झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं की स्थिति दिन–ब–दिन बिगड़ती जा रही है। गेटेड समेत कई प्रतियोगी परीक्षाएं अधर में लटकी हुई हैं, जिससे युवाओं के भविष्य पर संकट गहराता जा रहा है। आंदोलन में शामिल छात्रों ने स्पष्ट रूप से कहा कि रोजगार और परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर अब सरकार को गंभीरता दिखानी होगी। हजारीबाग से रवाना हुए छात्र दल का कहना था कि वे रांची में पुराना विधानसभा से नया विधानसभा तक होने वाले मार्च में शामिल होकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचायेंगे। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गयी तो यह आंदोलन और तेज होगा।

## कोडरमा में स्क्रैप लदा ट्रक जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया पुलिस ने गुप्त सूचना पर सोमवार की देर रात्रि स्क्रैप लदा 12 चक्का ट्रक जब्त किया है। पुलिस स्क्रैप सहित ट्रक के कागजातो की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार ट्रक डब्लू बी–11' –0799 केटीपीएस बांझेडीह से एमएस स्क्रैप लोड कर बिहार जा रहा था। इसी क्रम में तिलैया पुलिस ने ट्रक को जप्त कर थाने ले आई। स्क्रैप की जांच पड़ताल को लेकर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने केटीपीएस से संपर्क कर स्क्रैप की हुई नीलामी को लेकर अभियंता से बातचीत के बाद पुलिस का एक दल को जांच के लिए केटीपीएस भेजा। ऐसा संभावना जताया जा रहा है कि फिलहाल कागजातों की जांच पड़ताल के बाद ही पुलिस किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी।

## गणपति पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना परिसर में गणपति पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के छह जगहों के पुजा समिति के अध्यक्ष और सचिव के अलावा दारू अंचल इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा, बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, प्रमुख संतोष मंडल और थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार उपस्थित था। बैठक में सरकार के द्वारा नियम को पालन करने, शांतिपूर्ण पूजा करने और विसर्जन को नशा मुक्त बनाने पर विचार किया गया। एसडीपीओ ने कहा कि टाटीझरिया थाना क्षेत्र शुरू से शांति प्रिय थाना रहा है। सभी त्योहार में यहां के जनप्रतिनिधि के सहयोग से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है इस बार भी शांति से मनाया जायेगा। थाना क्षेत्र में छह जगह गणपति पूजा किया जायेगा जिसमें तीन जगह टाटीझरिया, झरपो और बन्हे में तीसरे दिन 29 अगस्त और बेडम, सिझु और धरमपुर में पांचवां दिन 31 अगस्त को विसर्जन किया जायेगा। बैठक में बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह, मुखिया टाटीझरिया सुरेश यादव, योधी प्रसाद यादव, महेश अग्रवाल, राजु यादव, सुरेंद्र यादव, होपन सिंह, प्रमेश्वर यादव, मो. क्यूम, संदीप गंझु, प्रकाश मंडल, नारायण गंझु, छोटी प्रसाद, कामेश्वर मंडल, शम्भु साव समेत अन्य समिति के लोग उपस्थित था।

## रेलवे ट्रैक पर मिला व्यक्ति का शव


**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बडानो के बगल रेलवे ट्रैक के पोल संख्या 363/08 और 363/10 के बीच एक व्यक्ति का शव पड़ा था। जिसकी सुचना चलकुशा थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार को मिली। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। वहीं शव की पहचान बैजनाथ प्रसाद पिता गया राम उम्र 75 वर्ष शहपुरा सिंदरी जिला धनबाद निवासी के रूप में किया गया है।

## सांसद आदर्श ग्राम जरबा के लाल को हजारीबाग सांसद ने किया सम्मानित



**चरही (आजाद सिपाही)।** जरबा निवासी सौरव शशि पिता जागो साव ने झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में 158वां रैंक हासिल कर गांव और प्रखंड को गौरवान्वित किया था। जिसके बाद बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। वहीं मंगलवार को हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने सौरव शशि ने उनके आवास पर जाकर पुष्प कुछ देकर उन्हें सम्मानित किया। मनीष जायसवाल ने सौरव शशि को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनकी मेहनत और योग्यता की तारीफ की। किसान परिवार से आने वाले जरबा निवासी सौरव ने अपनी मेहनत से अपना अलग मुकाम हासिल किया। मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, अशुतोष कुमार, राजेश राम, महेश राम, जागो साव, शिव कुमार साव, सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कोडरमा में चलाया गया वाहन जांच अभियान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम और ड्रिंक एंड ड्राइव जैसी गंभीर समस्याओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में डीटीओ कार्यालय, कोडरमा की टीम के साथ संयुक्त रूप से कोडरमा–गिरिडीह मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गयी। इस दौरान तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कुल 10 चालान काटे गये। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कुल 22 चालान काटे गये। कोडरमा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गयी कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, हेलमेट का प्रयोग करें, वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाएं और नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें। यातायात नियमों का पालन कर ही हम सभी अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

# सूर्या हांसदा की तुलना शिबू सोरेन से करना दुर्भाग्यपूर्ण : सुप्रियो

### भाजपा राज्य का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही है

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक अपराधी के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद भाजपा राज्य का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही है, जो बेहद चिंता का विषय है। सुप्रियो भट्टाचार्य मंगलवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड बनने के बाद से एक संगठित अपराधी गिरोह सक्रिय था और उसके खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। लेकिन भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा द्वारा इस अपराधी सूर्या हांसदा की तुलना दिशोम गुरु शिबू सोरेन से करना अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा कि 28 अगस्त को विधानसभा सत्र में शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव रखा जाये। साथ ही जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का नाम गुरुजी के नाम पर रखने का प्रस्ताव भी पेश किया जाये। भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को खुद यह बात रखनी चाहिए थी क्योंकि वे जनजातीय कल्याण मंत्री भी रह चुके हैं। लेकिन भाजपा के पास अब सूर्या हांसदा के मुद्दे को छोड़ कोई और सवाल बचा ही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसएआर जैसे महत्वपूर्ण मामले पर भाजपा कोई जवाब नहीं दे रही और पुलिस मुठभेड़ को राजनीतिक मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

# रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृत दिवस का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृत दिवस संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव शंकर लाल अग्रवाल थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जबकि संस्कृत भारती के झारखंड प्रदेश विद्यालय प्रभारी, सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्राचार्य मुख्य वक्ता और प्रशिक्षण देने का कार्य डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया। संस्कृत दिवस का संचालन विद्यालय के संस्कृत आचार्य कन्हैया कुमार ने किया। मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव ने कहा कि संस्कृत के कारण हम भारतीय गौरव महसूस करते हैं। संस्कृत को विश्व के कई देश अपना रहें है। जैसे अमेरिका ,रूस, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया जापान में अच्छे अच्छे विद्वान संस्कृत का अध्ययन करके अपने परिवार के बच्चों को संस्कृत अध्ययन अध्यापन करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभीलोग सौभाग्यशाली है कि संस्कृत पढ़ने का मौका मिल रहा है। आपलोग निश्चित रूप से संस्कृत को अच्छे ढंग से पढ़ें और भारतीय ज्ञान विज्ञान की बातों को समझें। मुख्य वक्ता डॉक्टर कश्यप संस्कृत का प्रशिक्षण देते हुए संस्कृत के उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत भाषा प्रामाणिक और वैज्ञानिक भाषा है।

# सर्पदंश से अधेड़ की मौत

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को एक तरफ जहां सुहागन महिलाएं अपने पति के दीर्घायु होने की कामना को लेकर हरितालिका तीज व्रत कर रही हैं, वहीं चतरा जिले में सर्पदंश से एक सुहागन का सिंदूर उजड़ गया। मामला चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत अंतर्गत भोजपुर गांव का है। जहां सर्पदंश से एक अधेड़ की मौत हो गयी है। मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। परिजनों के चीख चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया है। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक हंटरगंज थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव निवासी 34 वर्षीय धर्मेंद्र भुइयां है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम धर्मेंद्र शौच करने के लिए घर से अंधेरे में निकला था। इस दौरान उसके हाथ में एक विषैले सांप ने काट लिया। परिजन उसे इलाज के लिए आनन फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। गया ले जानें के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। धर्मेंद्र अपने पीछे तीन बच्चा छोड़ गया है। जिनमें दो बेटे और एक बेटी हैं। मृतक की पत्नी मीना देवी और मां का रो–रोकर बुरा हाल था। जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान और ग्रामीण परिजनों को ढांढ़स बंधाया। मृतक मजदूरी कर–के अपने परिवार का पालन–पोषण करता था। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# दो पक्षों में मारपीट, महिला समेत पांच घायल



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के सेलवार गांव में सोमवार की देर रात मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी चली और मारपीट हुई। इस घटना में एक पक्ष के तीन और दूसरे पक्ष के दो लोग घायल हो गये। सभी को देर रात इलाज के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति नाजुक देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। महिला की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घायलों की पहचान एक पक्ष की देवंती देवी, पति तेजन भुइयां, डब्लू कुमार पिता तेजन भुइयां और आशीष कुमार पिता राजकुमार भुइयां जबकि दूसरे पक्ष से कुंदन कुमार (20) पिता अरुण यादव और नीतीश कुमार (25) पिता भूपेंद्र यादव शामिल है। जानकारी के अनुसार दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर मामूली विवाद में लाठी से पहले हमला करने का आरोप लगाया है।

# मानव तस्करी में संलिप्त एक आरोपी गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना पुलिस ने सोमवार को मानव तस्करी में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार तस्कर सदर थाना क्षेत्र के पकरिया गांव निवासी इश्वर साव का पुत्र संतोष कुमार का नाम शामिल है। इसके विरुद्ध सदर थाना में मानव व्यापार से संबंधित मामला दर्ज है। संतोष के विरुद्ध सदर थाना में अपने गांव और आसपास के गांव से लोगों को मजदूरी करने का लालच देकर महानगरों में ले जाकर बेचने का आरोप है। पुलिस को लंबे अरसे से इसकी तलाश थी। सदर थाना में मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि सोमवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि मानव तस्करी के मामले में नामजद अभियुक्त संतोष कुमार अपना घर आया हुआ है। उक्त सूचना पर पुलिस की एक टीम पकरिया स्थित उसके घर में छापेमारी अभियान चलाया और उसे उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# तीज मनाने घर आ रही महिला को ट्रक ने रौंदा, दर्दनाक मौत

### सदर अस्पताल में बेटा कहता रहा, कोई तो मुझे गोदी ले लो

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रामगढ़।** तीज पर्व पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की कामना करती है। लेकिन जब पति की दीर्घायु की कामना करने के लिए रांची से अपने घर स्कूटी से लौट रही महिला अपने बच्चे के साथ को फोरलेन के सैनी होटल के पास पीछे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में महिला की मौके पर ही दर्दनाक रूप से मौत हो गयी। जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, पुलिस ने एनएचएआई के कर्मियों के साथ उसे सदर अस्पताल भेज दी। इस दौरान सदर अस्पताल में बेटा के मुख से बार-बार एक ही शब्द निकल रहा था क्या हुआ, कोई तो मुझे गोदी लो, बहुत दर्द हो रहा है और बच्चा बेहोश हो गया। बच्चे का यह दर्द कुछ लोग कुछ लोगों के आंखों भर आई। हालांकि बताया जा रहा है कि रिम्स में इलाज के दौरान नन्हा बच्चा ने भी दम तोड़ दिया।

**मां और बेटे की हुई पहचान**

जानकारी के अनुसार सेंट्रल सौंदा नलकारी निवासी करीब 25 वर्षीय रीता कुमारी पिता रमेश भुइयां अपने 5 वर्ष बेटे के साथ रांची से अपनी स्कूटी संख्या जेएच 24एन 5216 से घर आ रही थी। इसी बीच सैनी होटल के पास करीब 7 बजे पीछे तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही रीता की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि 5 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

### मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने जीएसआइ केंद्र में नवीन प्रशासनिक भवन का किया उद्घाटन

# खनिज संपदा खोज में जीएसआइ का अतुलनीय योगदान : सतीश चंद्र दुबे

### भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का कुजू में हैं झारखंड का एकमात्र फील्ड प्रशिक्षण केंद्र

### 2047 में भारत बनेगा आत्मनिर्भर देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**कुजू।** केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने मंगलवार को झारखंड का एकमात्र भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) फील्ड प्रशिक्षण केंद्र, कुजू में नवीन प्रशासनिक भवन और प्रशिक्षु आवास सुविधा का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने नवीन प्रशासनिक भवन का विधिवत फीता काटकर और शिलापट का अनावरण कर किया। अनावरण पश्चात मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने जीएसआइ के महानिदेशक असित साहा, अपर महानिदेशक वर्षा अशोक आगलावे, उप महानिदेशक डॉ एस रवि, झारखंड इकाई, उपमहानिदेशक अखौरी विश्वप्रिय समेत कई वरिष्ठ भू वैज्ञानिकों के संग नवीन भवन का अवलोकन किया। साथ ही, एफटीसी की प्रमुख गतिविधियों के अवलोकन कर स्मार्ट व्याख्यान कक्ष में भूवैज्ञानिकों से औपचारिक मुलाकात की। वहीं, केंद्र में पौधारोपण कर हरित पहल की शुरूआत किया। वहीं, पारस पत्रिका का विमोचन किया।मालूम हो कि जीएसआई देश की खनिज अन्वेषण व भूवैज्ञानिक अनुसंधान का प्रमुख संस्थान है।

### जीएसआइ कुजू केंद्र पूर्ण रूप से सक्षम : असित साहा

जीएसआइ महानिदेशक असित साहा ने कहा कि स्वतंत्रता पूर्व काल में प्रशिक्षण असंगठित रूप से होता था और अधिकारियों को विदेशों में अध्ययन के लिए भेजा जाता था। लेकिन जीएसआई कार्यक्षेत्र विस्तार के बाद 1976 में कुजू का फील्ड प्रशिक्षण केंद्र संस्थान की रीढ़ बना। भूविज्ञान और खनिज अन्वेषण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अनुप्रयोग पर प्रशिक्षण पर भी जोर दिया है। नवीन दिशा मे केंद्र का कारगर साबित होगा।

**2047 में भारत बनेगा आत्मनिर्भर देश : सतीश चंद्र दुबे** : केंद्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने उद्घाटन के मौके पर कहा कि निश्चित ही आपके समर्पण, परिश्रम और उत्कृष्ट योगदान से 2047 में भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर देश बनेगा। इसके लिए पीएम मोदी का सपना और लक्ष्य को साकार करना है। इसके लिए आप सभी का देश के प्रति समर्पण जरूरी है। जिससे भारत शक्तिशाली सैनिक, शस्त्र और आर्थिक स्थिति में विश्व में नंबर वन हो सके। कहा कि मातृभूमि भारत की धरती में अकूत खनिज संपदा समाहित है। जो हमें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करता है।

आत्मनिर्भर भारत बनने के लिए इस दौर में लिथियम काफी आवश्यक जरूरत है। जीएसआई के प्रयास से जल्द ही झारखंड में लिथियम का भी उत्पादन किया जायेगा। जिससे हम आयात नहीं निर्यात करने की स्थिति में बन पाये। इन सारी स्थितियों में जीएसआइ का रोल महत्वपूर्ण है। जीएसआइ अपने 175 वर्षों का गौरवशाली इतिहास में भारत की खनिज संपदा की खोज और वैज्ञानिक अध्ययन में अतुलनीय योगदान दिया है। कहा कि तंबू में रहकर भूवैज्ञानिकों ने देश की सेवा दी। यह सचमुच में सच्ची देशभक्ति है। अब केंद्र में आधुनिक सुविधाओं के साथ 32 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ले सकेंगे। केंद्र ने राष्ट्रीय स्तर पर नवाचार और गुणवत्ता में एक नई मिसाल कायम की है। साथ ही, केंद्र देश की खनिज आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। प्रशिक्षण केंद्र, कुजू के प्रभारी वरिष्ठ भू वैज्ञानिक डॉ रविशंकर चौबे की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के निदेशक डॉ प्रभाकर लकड़ा और संचालन सुष्मिता सिन्हा ने की। नवीन प्रशासनिक भवन और प्रशिक्षु आवास सुविधा का केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, रांची द्वारा करीब साढ़े आठ करोड रुपये की लागत से निर्माण कराया गया है। उद्घाटन समारोह में सीसीएल कुजू जीएम आरके सिन्हा, कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा, प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, राजेंद्र कुशवाहा, रतन प्रसाद साहू, पुरुषोत्तम पांडेय, जीएसआई के भूवैज्ञानिक, सीएमपीडीआई, ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, सीआईएल, सीसीएल, खान और भूविज्ञान अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी समेत कई लोग शामिल रहे।

### केंद्र में आधुनिक सुविधाएं है उपलब्ध

एफटीसी कुजू का व्यापक नवीनीकरण किया गया है, जिसके तहत एक आधुनिक परिसर का निर्माण किया गया है। इसमें स्मार्ट व्याख्यान कक्ष, सम्मेलन हॉल, कार्यालय भवन, योग केंद्र, व्यायामशाला, खेल सुविधाएं, रसोई-भोजनालय, वीआइपी और अतिथि कक्ष जैसी सुविधाएं शामिल हैं। परिसर को सौर ऊर्जा, वर्षा व जल संचयन जैसी हरित तकनीकों से भी सुसज्जित किया गया है।

### भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ और दयाल स्टील लिमिटेड प्रबंधन की वार्ता सफल

# अगर मजदूरों का शोषण बंद नहीं हुआ तो फैक्ट्री को करेंगे अनिश्चितकालीन बंद : संतोष

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ के बैनर तले मंगलवार को दयाल स्टील लिमिटेड चाहा (जेल रोड, रामगढ़) में मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय वार्ता संपन्न हुई। संघ ने मजदूरों की बुनियादी और मूलभूत मांगों को प्रबंधन के समक्ष जोरदार तरीके से रखा गया। जिसमें सभी के लिए गेट पास, पहचान पत्र, न्यूनतम मजदूरी, रिटायमेंट सुविधा और सुरक्षा उपकरणों की मांग प्रमुख थी। बैठक के बाद भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ (बीकेएमएस) के केंद्रीय सदस्य और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय सचिव संतोष महतो ने अपने बयान में प्रबंधन पर दबाव बनाते हुए कहा कि आज की यह वार्ता केवल एक शुरुआत है।

**विस्थापितों के हर अधिकार के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है :** संतोष महतो ने कहा कि हमारा संगठन भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ कार्यरत श्रमिकों, मजदूरों और विस्थापितों के हर अधिकार के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारा मुख्य उद्देश्य केवल समस्याओं को उठाना नहीं, बल्कि उनका स्थायी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने आगे कहा कि यह बेहद चिंता का विषय है कि मजदूरों को उनके मौलिक अधिकारों जैसे पहचान पत्र, न्यूनतम वेतन और अवकाश से भी वंचित रखा जा रहा है। हमने प्रबंधन के सामने स्पष्ट रूप से अपनी मांगें रखी हैं। हमें खुशी है कि प्रबंधन ने 4 सितंबर 2025 तक सभी कामगारों को पहचान पत्र जारी करने पर सहमति व्यक्त की है। साथ ही, सेवानिवृत्त हुए 26 कर्मचारियों का बकाया भुगतान 31 अगस्त, 2025 तक करने का आश्वासन भी दिया गया है।

**सभी मांगे जायज, प्रबंधन को करना होगा पूरा :** श्री महतो ने न्यूनतम मजदूरी, ओवरटाइम और अवकाश संबंधी मांगों पर प्रबंधन के टालमटोल वाले रवैये पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रबंधन ने इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने उच्च अधिकारियों से बात करने के लिए 4 सितंबर तक का समय लिया है। हम उस दिन का इंतजार करेंगे, लेकिन हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यदि प्रबंधन इन जायज मांगों को पूरा करने में विफल रहता है, तो हमारा संगठन चुप नहीं बैठेगा। हम अपने मजदूर भाइयों के हक के लिए एक संगठित और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। मजदूरों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

**मजदूरों के हितों के लिए प्रबंधन के साथ वार्ता और विवाद चल रहा था :** ज्ञात हो कि संतोष महतो और नगर अध्यक्ष पवन महतो की अगुवाई में विगत कई महीनों से मजदूरों के हितों के लिए प्रबंधन के साथ वार्ता और विवाद चल रहा था। इस त्रिपक्षीय वार्ता में दयाल स्टील लिमिटेड की ओर से विजय कुमार हरलालका उर्फ छोटू बाबु, रविंद्र प्रसाद, रश्मिकांत तिवारी और प्रवीण कुमार उपस्थित थे। वहीं, मजदूर संघ की ओर से जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष रवि महतो, केंद्रीय पदाधिकारी सुधीर अकेला सहित नगर अध्यक्ष पवन महतो, महिला नगर अध्यक्ष जयंती देवी, रूपा देवी, लीलावती देवी, रमेश कुमार महतो, जिला अध्यक्ष देवानंद महतो, सूरज मुंडा, पणेश्वर कुमार, मोहम्मद सिकंदर, अनिल महतो, प्रभु दयाल, पिंटू कुमार, लक्ष्मण महतो जैसे कई पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में मजदूर शामिल हुए।

# पति की दीर्घायु, पारिवारिक- खुशहाली के लिए की गयी पूजा-अर्चना



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में 26 अगस्त को हरितालिका तीज व्रत धूमधाम से मनाया गया, सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लम्बी उम्र की कामना किया। घर में सुख समृद्धि की कामना कर पारिवारिक खुशहाली के लिए व्रत की प्रत्येक वर्ष में भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है, सुहागिन महिलाओं ने विधि विधान से तीज का व्रत रखकर पूजा अर्चना की, 26 अगस्त को हरितालिका तीज पूजा को लेकर महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान कर व्रत का संकल्प लेकर आराधना की, इसके बाद पूजा स्थल को रंगोली से सजावट किया, फूलों से सजाकर भगवान शिव– माता पार्वती और भगवान गणेश की मूर्तियां या चित्र स्थापित किये जाते है कथा का पुरोहित द्वारा श्रवन किया गया। रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के कुंदरु कला, लोधमा, छत्तरमांडू, चितरपुर, मायल, सांडी, सोढ, रजरप्पा प्रोजेक्ट कॉलोनी, सरैया, बारलोंग, बड़कीपोना, बोरोबिंग छोटकी पोना, लारी कला, सुकरीगड़ा, दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिरु, कोरचे, उसरा, सोसो, सिकनी, प्रियातू, दुलमी, पोटमदगा, कुल्ही, भालू, उरबा, मदगी चामरोम, बोंगासोरी आदि कई पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं ने सुख समृद्धि और शांति हेतू अपने पति की दीर्घायु होने की कामना के लिए हरितालिका तीज व्रत किया।

# कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगा दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा चूंदरू धाम सूर्य मंदिर हजारीबाग और चतरा जिले के सीमा पर स्थित है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दस दिवसीय गणेश महोत्सव की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। आज बुधवार गणेश चतुर्थी के दिन कलश यात्रा के साथ गणेश महोत्सव का आगाज होगा। दोनों जिले भर में प्रथम स्थान है सूर्य मंदिर चूंदरू धाम जहां दस दिवसीय गणेश महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जाता है। महोत्सव में लाखों की भीड़ में श्रद्धालु उपस्थित होते है। गणेश महोत्सव सह सूर्य मंदिर विकास समिति अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने बताया की आज गणेश चतुर्थी के दिन गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा पूरे टंडवा नगर भ्रमण के साथ पूजा प्रारंभ हो जायेगा। महोत्सव में मेले का आयोजन किया गया है इसमें मीणा बाजार, मौत का कुआं, बड़ा झूला, श्रृंगार की दुकानें, ब्रेक डांस, मिकी माउस, और प्रति दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं को लुभायेगा। सूर्य मंदिर विकास समिति अध्यक्ष विकास गुप्ता, सचिव अनिल दास, कोषाध्यक्ष संजीत गुप्ता की पूरी टीम दिन रात तैयारी को लेकर मेहनत किया है। लोगों का कहना है की महोत्सव की शुरू होते ही टंडवा बड़े शहरों में तब्दील हो जाती है। शाम ढलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ मेले का आनंद उठाते है। वहीं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव पुलिस जवानों को पहरा देने के लिए जुट गये है।

# उपायुक्त ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त ने आज जिले में प्रस्तावित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए भूमि चिन्हित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थलों का स्थल निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, प्रभारी अंचल निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, राजस्व उप निरीक्षक पंकज कुमार दूबे सहित सदर अंचल के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। उपायुक्त चंगेर में इंडस्ट्रियल पार्क के लिए लगभग 25 एकड़ भूमि को चिन्हित करने के लिए स्थल का अवलोकन किया। इसके बाद वे किशुनपुर पहुंचीऔर वहां सोलर पार्क के लिए लगभग 25 एकड़ क्षेत्र से अधिक भूमि का स्थल निरीक्षण किया और पाराडीह में मंडल कारा के लिए लगभग 25 एकड़ से भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इन योजनाओं का स्वरूप अभी प्रस्तावित है और आज का निरीक्षण केवल भूमि चिन्हित करने और आगे की प्रक्रियाओं के लिए प्रारंभिक आकलन करने के लिए था। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि चिन्हित करने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और नियम सम्मत तरीके से की जाए और हर आवश्यक औपचारिकता समयबद्धता के साथ पूरी की जाए ताकि आगे की योजना-प्रक्रिया में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। उपायुक्त ने कहा कि यदि इन प्रस्तावित परियोजनाओं को लागू किया गया तो इससे जिले में औद्योगिक गतिविधियाँ सक्रिय होंगी, ऊर्जा क्षेत्र में वृद्धि संभव होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बल मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि स्थानिक आवश्यकताओं, पर्यावरणीय पहलुओं और सामाजिक हितों का समुचित ध्यान रखते हुए ही आगे की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी स्थल की स्थिति, सड़क- संरचना, जल और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेते हुए पुन: रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे ताकि प्रस्तावित योजनाओं का कार्य आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जा सके।


**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक सं०– ईसीआर/ सीएओ/ कॉन/डब्ल्यू टी/ई.पी.सी/उत्तर/09–25–26 दि. 09.07.2025 के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धिपत्र निर्गत की जाती है।

1. उपरोक्त निविदा की आकलित मूल्य रू. 188,50,91,816.17 के बदले संशोधित मूल्य रू. 191,32,81,000.08 पढ़ा जाय।

2. बयाना राशि (Earnest Money) रू 94,25,500.00 के बदले संशोधित मूल्य रू. 95,66,500.00 पढ़ा जाय।

**कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।**

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना।**

पीआर/0836/सीएन/एन/एमएचएक्स/सीओएनएसटी/कोरिजेन्डम/25–26/20

**पूर्व तट रेलवे**

(1) सूचना सं.: e-Tender-Elect-G-38-25

**कार्य का विवरण :** तीन वर्षों की समयावधि के लिए TMC भवन (खोरधा रोड स्टेशन) में संस्थापित HVAC, LG निर्मित AC सिस्टम का संचालन ठेका।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 33,21,077.76, EMD : ₹ 66,400/-

(2) सूचना सं.: e-Tender-Elect-G-39-25

**कार्य का विवरण :** तीन वर्षों की समयावधि के लिए खोरधा रोड मण्डल में विभिन्न स्थान पर संस्थापित VRF (वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो) एवं डक्टेबल AC सिस्टम का संचालन एवं रख-रखाव ठेका।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 53,41,289.04, EMD : ₹ 1,06,800/-

(3) सूचना सं.: e-Tender-Elect-G-40-25

**कार्य का विवरण :** खोरधा रोड मण्डल में पुरी एवं भुवनेश्वर कोचिंग डिपो में LHB रेकों (Rake) के रख-रखाव सुविधाओं का उन्नतीकरण एवं पावर (Power) की ईंधन दक्षता में सुधार।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 8,42,44,189.93, EMD : ₹ 5,71,200/-

(4) सूचना सं.: e-Tender-Elect-G-41-25

**कार्य का विवरण :** रेल सदन बिल्डिंग के उत्तर एवं दक्षिण ब्लॉक में बहुत पुराने (Overage) परम्परागत एयर कंडीशनरों का प्रतिस्थापन।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 3,57,39,352.00, EMD : ₹ 3,28,700/-

(5) सूचना सं.: e-Tender-Elect-G-42-25

**कार्य का विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के अमृत भारत स्टेशनों में विद्युत आपूर्ति प्रणाली की सुनिश्चितता एवं आपातकालीन बैक-अप के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) का प्रावधान।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 3,96,12,600.00, EMD : ₹ 3,48,100/-

**पूरा होने की अवधि :** 36 महीने (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु), 06 महीने (क्रम सं. 3 एवं 5 हेतु) एवं 04 महीने (क्रम सं. 4 हेतु)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 12.09.2025 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सा) / खोरधा रोड**

PR-517/Q/25-26

# दहेज उत्पीड़न और हत्या

ग्रेटर नोएडा के निक्की भाटी हत्याकांड को केवल एक अकेली घटना की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। सिस्टम पर सवाल के साथ ही यह उस समाज को भी आईना दिखाता है, जहां शादियों में दहेज का लेनदेन अब भी सामान्य है। यह हाल तब है, जबकि लंबे समय से देश में दहेज विरोधी कानून लागू है।

**सामाजिक दबाव :** निक्की और उसकी बहन की शादी साल 2016 में एक ही घर में हुई थी और तब से दोनों को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। सोचने वाली बात है कि परिवार को बेटियों के उत्पीड़न की जानकारी थी। इसके बावजूद उन्होंने जितना संभव था, उस हद तक जाकर ससुरालवालों के लालच को पूरा किया, इसकी वजह? समाज का वह अनदेखा दबाव जो कहता है कि बेटियां एक बार ससुराल चली गयीं, तो वहीं की हो जाती हैं। इसी कथित सामाजिक मान-सम्मान की चिंता और बेटियों का घर कहीं टूट न जाये - इस आशंका ने निक्की को नरक जैसा जीवन झेलने पर मजबूर किया।

**हजारों में केस :** निक्की पर हुए अत्याचार की कहानी विडियो फुटेज के रूप में सामने है, लेकिन सच यह भी है कि देश में दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के कितने ही मामले सामने नहीं आ पाते या फिर वे उन छोटे कस्बों और शहरों के होते हैं, जहां नजर नहीं जाती। दहेज उत्पीड़न और हत्या पर नेशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के सबसे हालिया आंकड़े भी 2022 के हैं। ये बताते हैं कि उस साल दहेज हत्या के 6,450 केस दर्ज किये गये थे। इसके पहले जायें, तो 2020 में 6966 और 2021 में लगभग 6700 केस थे।

> **दहेज उत्पीड़न और हत्या पर नेशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के सबसे हालिया आंकड़े भी 2022 के हैं। ये बताते हैं कि उस साल दहेज हत्या के 6,450 केस दर्ज किये गये थे। इसके पहले जाएं, तो 2020 में 6966 और 2021 में लगभग 6700 केस थे।**

**सजा की कम दर :** भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 80 में दहेज हत्या के लिए न्यूनतम 7 साल से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। इसके बाद भी मामले रुक नहीं रहे, क्योंकि न्याय मिलने की रफ्तार धीमी और दर बहुत कम है। चार्जशीट दाखिल करने में देरी, मुकदमों का लंबा खिंचना, पीड़ित परिवार पर अदालत के बाहर ही समझौता करने का दबाव जैसे कई फैक्टर हैं, जिनकी वजह से इंसाफ नहीं मिल पाता। एनसीआरपी के ही डेटा के मुताबिक 2022 में जितने केस पेंडिंग थे, उन सबको मिलाकर सजा की दर केवल 2% रही।

**तेज हो जांच :** बेटियों को सशक्त बनाने के लिए सरकार योजनाएं चला रही हैं, लेकिन जब तक उन पर होने वाले अत्याचार को रोका नहीं जाता, निक्की जैसे मामले नहीं रुकेंगे। जरूरत है तेज और निष्पक्ष जांच के बाद इंसाफ की।

अभिमत
आजाद सिपाही

**ब्रह्मोस की अभूतपूर्व सफलता के बाद भारतीय नौसेना को दो नये युद्धपोत उदयगिरि और हिमगिरि मिल रहे हैं, जो ब्रह्मोस मिसाइल को फायर कर सकने में सक्षम होंगे। इन नये शामिल किये गये युद्धपोतों के साथ भारतीय नौसेना के पास अब कुल 14 गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट हो गये हैं। हर एक फ्रिगेट में 8 वर्टिकल लॉन्च ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल लॉन्चर लगे हैं। तलवार क्लास युद्धपोत 2003 से भारतीय नौसेना का हिस्सा बने और वर्तमान में 6 जहाज सर्विस में हैं।**

# एक साथ 300 ब्रह्मोस मिसाइलें दागने की होगी क्षमता...

शिवानी शर्मा




पाकिस्तान के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइलों का प्रहार देख दुनिया इसकी कायल हो गयी। इस मिसाइल ने जिस टारगेट को हिट किया वो तहस-नहस हो गया। ब्रह्मोस ने अपने सभी एडिशन में सेनाओं को और मजबूत बनाया है। ब्रह्मोस की अभूतपूर्व सफलता के बाद भारतीय नौसेना को दो नये युद्धपोत उदयगिरि और हिमगिरि मिल रहे हैं, जो ब्रह्मोस मिसाइल को फायर कर सकने में सक्षम होंगे।

इन नये शामिल किये गये युद्धपोतों के साथ भारतीय नौसेना के पास अब कुल 14 गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट हो गए हैं। हर एक फ्रिगेट में 8 वर्टिकल लॉन्च ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल लॉन्चर लगे हैं। तलवार क्लास युद्धपोत 2003 से भारतीय नौसेना का हिस्सा बने और वर्तमान में 6 जहाज सर्विस में हैं। इनमें से 4 को ब्रह्मोस मिसाइल से लैस किया गया है, शेष 2 पर काम चल रहा है। इसके अलावा 2016 में भारत-रूस समझौते के तहत 4 नये तलवार क्लास युद्धपोत बनाये जा रहे हैं। रूस में बने तुषिल और तमाल को नेवी में शामिल किया जा चुका है। बाकी 2 जल्द ही नौसेना में शामिल होंगे।

आने वाले समय में भारतीय नौसेना के पास कुल 20 गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट होंगे, जिसमें 7 नीलगिरी क्लास, 3 शिवालिक क्लास और 10 तलवार क्लास के जहाज शामिल होंगे। इसके अलावा नौसेना के पास कुल 13 डेस्ट्रॉयर्स हैं। इनमें से प्रत्येक नया डेस्ट्रॉयर्स 16 ब्रह्मोस लॉन्चर से लैस है, जबकि पुराने डेस्ट्रॉयर्स में 8 लॉन्चर थे। इसमें 4 विशाखापत्तनम क्लास के गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, 3 कोलकाता क्लास के, 3 दिल्ली क्लास के और 3 राजपूत क्लास के गाइडेड मिसाइल विध्वंसक शामिल हैं।

> **आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत नौसेना को एक के बाद एक स्वदेशी युद्धपोत सौंपे जा रहे हैं।**

**नीलगिरि कैटेगरी के युद्धपोत की क्या है क्षमता :** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत नौसेना को एक के बाद एक स्वदेशी युद्धपोत सौंपे जा रहे हैं। प्रोजेक्ट 17ए के तहत, नौसेना के लिए 7 नीलगिरि कैटेगरी के गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट बनाये जा रहे हैं. 2015 में मंझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) के साथ 4 और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड के साथ 3 स्टील्थ फ्रिगेट का अनुबंध किया गया था।

इस परियोजना के सभी 7 जहाजों को 2019 और 2023 के बीच एमडीएल और जीआरएसइ शिपबिल्डर्स द्वारा लॉन्च किया गया था। इनमें से 4 के समुद्री परीक्षण चल रहे हैं। इन सभी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट के नौसेना में शामिल होने के बाद नीले समंदर में भारत की ताकत में जबरदस्त वृद्धि होगी। उदयगिरि नौसेना डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया सौवां जहाज है। नीलगिरि श्रेणी का स्टील्थ फ्रिगेट उदयगिरि भी 1 जुलाई को नौसेना को सौंपा गया था। 31 जुलाई को प्रोजेक्ट 17अ के तहत निर्मित एडवांस्ड स्टील्थ फ्रिगेट हिमगिरि नौसेना को सौंपा गया। इस श्रेणी के पहले पोत आईएनएस नीलगिरि को इस वर्ष जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नौसेना में शामिल किया गया था।

**हिमगिरि और उदयगिरि की ब्रह्मोस शक्ति :** प्रोजेक्ट 17ए के हिमगिरि और उदयगिरि युद्धपोतों की सबसे शक्तिशाली विशेषता यह है कि वे एंटी सरफेस और एंटी शिप वॉरफेयर के लिए ब्रह्मोस से लैस हैं। यह एयर डिफेंस तोपों और बराक-8 लॉन्ग रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल से लैस है। इसका उद्देश्य एंटी एयर वॉरफेयर में नेवी को मजबूती देना है। इसके अलावा ये युद्धपोत पनडुब्बी-रोधी युद्ध के लिए वरुणास्त्र और पनडुब्बी-रोधी रॉकेट लांचरों से सुसज्जित है।

ये युद्धपोत रडार की सोनार प्रणाली, कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम, और मल्टी फंक्शन डिजिटल रडारों से सुसज्जित है, जो लंबी दूरी से हमलों का पता लगा सकते हैं, उन्हें ट्रैक कर सकते हैं और उन्हें रोक सकते हैं।

इस युद्धपोत 2 हेलीकॉप्टर भी आसानी से उतर सकते हैं और इन्हें रखने के लिए एक हैंगर भी है। प्रोजेक्ट 17अ के तहत बन रहे सभी 7 युद्धपोतों में 75 प्रतिशत उपकरण स्वदेशी कंपनियों से लिए गए हैं। इसका डिजाइन भी स्वदेशी है, इस युद्धपोत में इस्तेमाल हुआ स्टील भी स्वदेशी है। इसे नेवी वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। 6,700 टन का यह फ्रिगेट 30 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ़्तार से चल सकता है। प्रोजेक्ट 17ए के सभी युद्धपोत शिवालिक श्रेणी के युद्धपोत से 5 प्रतिशत बड़े हैं।

**शिवालिक क्लास से बड़े और ज्यादा उन्नत :** बता दें कि उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने बनाया गया है, जबकि हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने तैयार किया है। खास बात यह है कि उदयगिरि नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो का 100वां डिजाइन किया गया जहाज है। करीब 6700 टन वजनी ये जहाज शिवालिक क्लास से बड़े और ज्यादा उन्नत हैं। इनका डिजाइन ऐसा है कि ये रडार को चकमा देने में सक्षम हैं। इनमें डीजल इंजन और गैस टर्बाइन दोनों लगे हैं, आधुनिक मिसाइलें, तोप और पनडुब्बी रोधी हथियार भी हैं। दोनों भारतीय नौसेना के नेक्स्ट-जनरेशन स्टील्थ वॉरशिप हैं, जो प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनाए गये हैं। इन युद्धपोत के निर्माण में 200 से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिससे 4,000 से ज्यादा लोगों को सीधी और 10,000 से ज्यादा को अप्रत्यक्ष नौकरियां मिलीं।

'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' का जलावतरण जहाज डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नौसेना इसके बाद अन्य स्वदेशी पोतों जैसे विध्वंसक आईएनएस सूरत, फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि, पनडुब्बी आइएनएस वाघशीर, एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अनार्ला और डाइविंग सपोर्ट वेसल आईएनएस निस्तार का जलावतरण 2025 में करेगी।

**स्टील्थ, हथियार और सेंसर प्रणालियों से हैं लैस :** उदयगिरि और हिमगिरि, प्रोजेक्ट 17 (शिवालिक ) श्रेणी के फ्रिगेट के अनुवर्ती जहाज हैं। इन दोनों जहाजों में डिजाइन, स्टेल्थ, हथियार और सेंसर प्रणालियों में महत्वपूर्ण सुधार शामिल हैं। उदयगिरि को मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने तैयार किया है जबकि कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसइ) ने हिमगिरि का निर्माण किया है।

## कोल्हान की खबरें

# सरयू राय ने कदमा कन्वेंशन सेंटर का मामला उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/ जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कदमा कन्वेंशन सेंटर, साकची डीएम लाइब्रेरी और सोनारी दोमुहानी पार्क का मुद्दा उठाया। हालांकि हंगामे के कारण सदन स्थगित हो गया और इस पर चर्चा नहीं हो सकी, लेकिन सरकार ने लिखित उत्तर देकर स्थिति स्पष्ट की।सरकार के जबाव में कदमा कन्वेंशन सेंटर में कई त्रुटियां हैं, जिसके कारण जेएनएसी ने भवन का हस्तांतरण नहीं किया। इसे उपयोगी बनाने के लिए जुडको द्वारा प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। डीएम लाइब्रेरी के प्रथम और द्वितीय तल के निर्माण हेतु प्राक्कलन और कार्ययोजना बनायी जा रही है, जिसे तकनीकी स्वीकृति के बाद निविदा प्रक्रिया से पूरा किया जायेगा। सोनारी दोमुहानी पार्क में आवश्यक संयंत्र और उपकरण उपलब्ध न होने से यह संचालित नहीं हो सका, लेकिन एक माह के अंदर कमियों को दूर कर जनता के लिए खोल दिया जायेगा। इस दौरान श्री राय ने मानगो शहरी जलापूर्ति परियोजना का मामला भी उठाया। इसके जवाब में सरकार ने कहा योजना का कार्य 80 फीसदी पूरा हो चुका है। बालीगुमा जलमीनार का निर्माण समाप्त हो गया लेकिन एनएचएआइ से एनओसी लेने में विलंब के कारण पाइपलाइन कार्य अधूरा है। विभाग ने पुराने मोटर पम्प बदलने की स्वीकृति दे दी। कार्य सितंबर 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# विधायक सविता महतो ईचागढ़ में जंगली हाथियों के आतंक का मामला उठाया



**रांची/ ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे जंगली हाथियों के आतंक का मुद्दा जोर सोर से उठाए। विधायक ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से पूछा क्या यह सच है ईचागढ़ विधानसभा के सभी प्रखंड जंगली हाथियों से पीड़ित हैं। आए दिन घर,मकान,खेती और जन-धन की क्षति हो रही है। इस पर सरकार ने स्वीकारात्मक उत्तर दिया। विधायक ने यह भी सवाल उठाया चांडिल डैम निर्माण से विस्थापित डूब क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों और नुकसान की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है।उसके बावजूद पीड़ित परिवारों को मुआवजा तक नहीं मिल पा रहा है। सरकार ने जवाब में कहा वर्ष 2023 में मुआवजा दर में वृद्धि की गई थी। उसी के अनुसार भुगतान किया जा रहा है। फिलहाल मुआवजा बढ़ाने पर कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार ने हाथियों से निजात दिलाने के लिए त्वरित कार्यदल गठित किया। जो हाथियों को उनके प्रवास स्थल की ओर भेजने और ग्रामीणों को जागरूक करने का काम कर रही है। विधायक सविता महतो ने मांग की सरकार ठोस रणनीति बनाकर हाथियों के आतंक पर नियंत्रण करे। प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा जल्द से जल्द उपलब्ध कराये।

## सोनारी में घंटों चला हाइवोल्टेज ड्रामा

# हाइटेंशन पोल पर चढ़ी युवती

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सोनारी के मरीन ड्राइव में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवती अचानक हाईटेंशन बिजली के पोल पर चढ़ गई। नजारा देखते ही देखते भारी भीड़ जुट गई और घंटों तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलती रही।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती का आरोप है उसे प्रेमी ने धोखा दिया। अब व रिश्ता खत्म करना चाहती है। युवती बार-बार यही कह रही थी जब तक उसका प्रेमी सामने आकर उसे स्वीकार नहीं करेगा, वह नीचे नहीं उतरेगी। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने काफी समझाने की कोशिश की लेकिन उसने किसी की न सुनी। उधर सूचना मिलने पर सोनारी पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित नीचे उतारने की कवायद शुरू कर दी। पुलिस ने युवती को समझाने के लिए दो युवकों को पोल पर चढ़ाया, लेकिन उसने साफ इनकार कर दी। इस दौरान मरीन ड्राइव के दोनो ओर लंबा जाम लगने लगी। लोग तरह-तरह की चर्चाएं करने लगे। आखिरकार जिला प्रशासन और जिस्को की सहयोग से कड़ी मस्कत के बाद क्रेन की मदत से युवती को सुरक्षित नीचे उतारा गया।सोनारी थाना प्रभारी सरयू आनंद ने बताया युवती की सुरक्षा के लिए सभी लोग लगे हुए थे। अंततः कुशलतापूर्वक युवती को नीचे उतारा गया। युवती मानसिक तनाव में थी। फिलहाल उसे काउंसलिंग के लिए भेजा गया।

# ग्राम संपत्ति का होगा डिजिटल रिकॉर्ड : डीसी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में कार्यदायी विभागों के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गयी। मंगलवार को बैठक में ग्राम संपत्ति- डिजिटल एसेट रजिस्टर के उपयोग और क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय समेत विभिन्न तकनीकी विभागों के अभियंता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डीसी ने बताया जिला प्रशासन का लक्ष्य है सभी विकास योजनाओं और परियोजनाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाये। इसके लिए प्रत्येक पंचायत और गांव की सार्वजनिक परिसंपत्तियों में सड़क, पुल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल भवन, पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र, तालाब का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जायेगा।**

# सोलर जलमीनार तीन महीनें से खराब ग्रामीण कुएं का पानी पीने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोड़ाम।** जुगसलाई विधान सभा स्थित बोड़ाम प्रखंड के पगदा टोला पांचियाडीह में राधाकृष्ण आश्रम के पास सोलर संचालित जलमीनार बीते तीन माह से खराब पड़ा है। पेयजल की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने कई बार लायलम पंचायत के मुखिया से शिकायत की। लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी। गांव के रतन सिंह ने बताया जलमीनार से न केवल पांचियाडीह टोला के करीब दो दर्जन परिवार पानी का उपयोग करते बल्कि टाटा-पटमदा मुख्य सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को भी इससे लाभ मिलता था। उधर गांव में हर वर्ष की तरह जन्माष्टमी के दिन आश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहा सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। लेकिन पानी के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।जबकि अब गणेश पूजा भी सामने है। ग्रामीणों ने बताया बीते तीन महीनों से बरसात के मौसम में भी कुएं का गंदा पानी पीना पड़ रहा है। आश्रम के संत ने भी प्रशासन से जल्द जलमीनार की मरम्मत कराने की मांग की। ताकि स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालुओं को स्वच्छ पानी मिल सके।

# डीसी ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कर्ण सत्यार्थी ने कीताडीह स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने इवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी का निगरानी और रिकॉर्ड संधारण की विस्तार से समीक्षा की। मौके पर डीसी ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक प्रचालन प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी। डीसी ने कहा सीसीटीवी कैमरे 247 कार्यशील रहें। रिकॉर्डिंग का समयबद्ध बैकअप संधारित हो और उसकी नियमित जांच अनिवार्य रूप से की जाये। साथ ही दैनिक निरीक्षण रजिस्टर और लॉगबुक का संधारण भी पारदर्शी और अद्यतन रूप में रखा जाये। डीसी ने स्पष्ट किया किसी भी परिस्थिति में अनधिकृत प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था की नियमित ऑडिट, रिपोर्टिंग प्रक्रिया की समयबद्ध समीक्षा और उच्च स्तरीय निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करने पर भी बल दिया।मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# चमरा लिंडा से मिले पोटका विधायक संजीव सरदार

> **क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा, सौंपा मांग पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/ जमशेदपुर।** पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चामरा लिंडा से शिष्टाचार भेंट की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान विधायक ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर एक विस्तृत मांग पत्र मंत्री को सौपा।मौके पर विधायक ने शिक्षा, आवास और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर बल दिया। विधायक श्री सरदार ने उम्मीद जतायी राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप पोटका विधानसभा क्षेत्र को भी विकास की मुख्यधारा में मजबूती से जोड़ा जायेगा।

# सरायकेला-खरसावां में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**सरायकेला-खरसावां (आजाद सिपाही)।** जिले में यातायात की समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही है। डीसी के निदेर्शों के बावजूद यातायात पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त करने में नाकाम साबित हो रही है। मुख्य सड़कों पर ही जगह-जगह वाहन खड़े कर दिए जाते हैं।जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।सबसे ज्यादा परेशानी टेंपो चालकों की मनमानी और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से हो रही है। बिना पार्किंग की इमारतें और दुकानें खुल रही हैं। जिसके कारण वाहन सड़क पर ही खड़ी की जाती है। आदित्यपुर-कंड्रा सर्विस रोड पर कार शोरूम, अस्पताल और कंपनियों के वाहनों का कब्जा लगातार बढ़ती जा रही है। आम लोगों का कहना है यातायात पुलिस केवल औपचारिक कार्रवाई करती है। चुनिंदा लोगों पर ही सख्ती दिखाती है।

## एसपी ने धुरकी थाने का निरीक्षण किया



धुरकी (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सोमवार को धुरकी थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी जनार्दन रावत से विभिन्न तरह के अभिलेखों के संदर्भ मे जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के उपरांत एसपी ने बताया कि जिले मे कानून-व्यवस्था बनी रहे सभी तबके के लोगो को न्याय मिल सके इसके लिए पुलिस तत्परता से काम कर रही है। इन्होंने कहा कि थाना प्रभारी को लंबित मामलों का अविलंब निष्पादन करने, कुर्की के आदेश का अनुपालन करने, फरार वारंटियों को गिरफ्तार समेत कई आवश्यक निर्देश दिया गया है। इन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने के उद्देश्य से पुलिस की नियमित गश्ती करने का भी निर्देश दिया गया हे। इस मौके पर अभियान बंशीधर अनुमंडल पदाधिकारी, इंस्पेक्टर सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसडीएम संजय ने बकोइया के निजी बालू घाट में छापेमारी की

एसडीएम ने खुद ग्राहक बनकर पूछा रेट, 9000 रुपये में 200 सीएफटी बालू की पुष्टि

मिली अन्य गंभीर अनियमितताएं, डीएमओ से 24 घंटे में मांगी रिपोर्ट

मीडिया रिपोर्ट्स पर लिया संज्ञान कारोबारी पर होगी कार्रवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने मीडिया में प्रकाशित समाचारों पर त्वरित संज्ञान लेकर मझिआंव के बकोइया स्थित बालू डंप यार्ड का औचक निरीक्षण किया। यह बालू घाट किसी लव सिंह के नाम पर है। मौके पर डंप यार्ड के मालिक नहीं मिले किंतु उनके निकट संबंधी अनुज सिंह एवं उनके प्रबंधक आनंद चौबे तथा कुछ अन्य कर्मचारी मिले। औचक छापेमारी से ठीक 5 मिनट पूर्व जिस व्यक्ति से फोन पर बातचीत करायी गयी थी, उसने अपना नाम आनंद चौबे बताया। था। किंतु जैसे ही एसडीएम मौके पर पहुंचे और नाम पूछा, तो उसने गुमराह करने के लिए अपना नाम आनंद सिंह बताकर यह जताने का प्रयास किया कि वह कोई दूसरा बाहरी व्यक्ति होगा। हालांकि, सख़्ती से पूछताछ के दौरान उसकी टालमटोल देर तक नहीं टिक सकी और अंततः उसने पूरी सच्चाई स्वीकार कर ली।

मौके पर मौजूद कर्मचारियों और प्रबंधक ने भी एसडीएम के सामने यह स्वीकार किया कि अब तक बालू की बिक्री 9000 रुपये प्रति टिपर पर हो रही थी जिसमें 200 सीएफटी बालू होती है। उन्होंने गलती मानते हुए आगे से ऐसा न करने का वचन देते हुए माफ करने की गुहार लगायी। एसडीएम संजय कुमार ने स्पष्ट कहा कि कोई भी वस्तु जिसकी आपूर्ति सीमित हो और खरीदने वाले आम नागरिक हों उसका विक्रय नियंत्रित दरों पर ही किया जा सकता है। प्रशासन द्वारा कभी भी ऐसी छूट नहीं दी जा सकती कि 1500 रुपये की वस्तु सरकारी भंडार से खरीद कर उसे निजी स्तर पर 9000 रुपय में बेची जाये। उन्होंने इस विषय को गंभीर मामला मानते हुए कठोर कार्रवाई करने की बात कही और साथ ही ज़िला खनन पदाधिकारी से इस पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा कि किन परिस्थितियों में ऐसा हुआ।

मौके पर बालू लदा हुआ एक ट्रक खड़ा मिला, जो संभवत गंतव्य की ओर रवाना होने वाला था किंतु न ही ड्राइवर न ही प्रबंधक यह बता पाये कि आखिर उस बालू ट्रक का खरीदार कौन है। पूछने पर ज्ञात हुआ कि यह ट्रक किसी रिंकू तिवारी का है, जबकि स्थानीय नागरिकों से मिली जानकारी के अनुसार रिंकू तिवारी ही जेएसएमडीसी यार्ड के पूर्व एमडीओ थे। स्थानीय स्तर पर यह भी जानकारी मिली कि जेएसएमडीसी के यार्ड से बालू उठाकर निकट के दूसरे प्लाट में डालकर यह दिखाने का प्रयास किया गया कि यह निजी यार्ड है। एसडीएम ने डीएमओ से इस बात का भी प्रतिदिन मांगा है कि वे जांच करके प्रतिवेदित करें कि सरकारी सैंड यार्ड से निजी यार्ड में बालू का जो स्थानांतरण हुआ है उसका क्या आधार था, किस कीमत पर था और उसके क्या दस्तावेजी प्रमाण हैं।

बीडीएसयू और स्किल ऑक्सीजन एलएलपी, गुरुग्राम के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# कौशल विकास आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण कदम है : कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय और स्किल ऑक्सीजन, एलएलपी, गुरुग्राम के बीच छात्र-छात्राओं के कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के गुरुपद संभव सभागार में विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह एवं विवि के कुलपति प्रो एमके सिंह तथा विभिन्न कॉलेज एवं विभाग के संकायाध्यक्ष, प्राचार्य और अध्यनरत छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में की गयी।

इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) से स्किल्स ऑक्सीजन द्वारा विद्यार्थियों में ज्ञान एवं कौशल को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, विश्वस्तरीय लायक छात्र-छात्राओं को सक्षम बनाने एवं आने वाले समय में बदलते हुए मांग के अनुसार तैयार कर आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता के स्तर को वृद्धि कर पूर्ण रूपेण सक्षम बनाया जायेगा। इस अवसर पर विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने प्रशंसा जाहिर करते हुए स्किल्स ऑक्सीजन के मैनेजिंग पार्टनर अमर झा को बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने स्किल डेवलपमेंट ऑफ झारखंड के पूर्व सीईओ एवं स्किल्स ऑक्सीजन के मैनेजिंग पार्टनर अमर झा जिन्होंने अपने 17 वर्षों के विदेशों में प्राप्त अनुभव एवं भारतवर्ष में स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित एवं रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जो प्रयास किया है निश्चित रूप इससे हमारे छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा और भारत को 2047 तक एक विकसित भारत के रूप में स्थापित करना है। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेज एवं विभाग के छात्र छात्राओं के साथ-साथ संकायाध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजय भूषण प्रसाद, परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार और ट्रस्ट के सीईओ सुभाष कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह एवं विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित थे

## धुरकी में किसानों के बीच यूरिया खाद का वितरण

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी प्रखंड में मंगलवार को यूरिया खाद का वितरण सी ओ विमल कुमार सिंह की देखरेख में वितरण किया गया। मंगलवार के सुबह 8:00 बजे से ही किसानों का भीड़ खाद लेने के लिए प्रखंड मुख्यालय में लग गयी। वहीं प्रखंड के कर्मियों के साथ-साथ अंचलाधिकारी विमल कुमार सिंह अपने ही देखरेख में खाद वितरण करवाये जिसमें लगभग 550 किसानों के बीच में खाद्य वितरण किया गया। मौके पर कृषि पदाधिकारी अंबुज जायसवाल, हल्का कर्मचारी राहुल कुमार, धुरकी मुखिया महबूब अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मुखिया एवं पंचायत सचिव ने जारी किया प्रति दिवस जिम्मेवार व्यक्तियों की सूची

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी एवं पंचायत सचिव शोभा मिश्रा ने संयुक्त रूप से पंचायत भवन में उपस्थित रहने और पंचायत के ग्रामीण जनता के कार्यों का निष्पादन एवं समस्याओं का समाधान करने के लिए पंचायत भवन में उपस्थित रहने हेतु सप्ताह में प्रति दिवस जिम्मेवार व्यक्तियों की सूची निर्धारित किया है। जिसमें सोमवार को मुखिया प्रतिमा देवी, मंगलवार को पंचायत सचिव शोभा मिश्रा, बुधवार को ग्राम रोजगार सेवक शशि कुमार सोनी, गुरुवार को पंचायत सहायक पुष्पा कुमारी, शुक्रवार को पंचायत सहायक रामप्रवेश यादव, शनिवार को पंचायत सहायक नंदू राम एवं सोमवार से शनिवार तक भीएलई श्रीराम ओझा को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## आंगनवाड़ी सहायिका का चयन गलत तरीके से करने का लगा आरोप, डीसी से पुन: आम सभा करने की मांग

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत लोवादाग पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों सहित मुखिया द्वारा अनुशंसित आवेदन पत्र उपायुक्त गढ़वा को देकर आंगनबाड़ी केंद्र हरिजन टोला में सहायिका का चयन गलत तरीका से करने का आरोप लगाते हुए पुनः आम सभा करने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि आंगनवाड़ी केंद्र हरिजन टोला लोवादाग में सोमवार को सहायिका का चयन गलत तरिका से कराया गया है। इस केंद्र के पोषक क्षेत्र में अधिकांश अनुसूचित जाति के लोग हैं। ग्रामीणों के आवेदन पर मुखिया जसीम बीवी द्वारा नियम अनुसार सहायिका का चयन करने का अनुशंसा किया गया है। इसकी पत्र लिपि प्रखंड विकास पदाधिकारी मेराल तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय को भी दी गयी है।

## कंचनपुर में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत भवन में मंगलवार को वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कंचनपुर पंचायत के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे एवं उन्हें डिजिटल बैंकिंग का सुरक्षित उपयोग करने, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपाय, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, बैंकिंग लोकपाल की शिकायत प्रक्रिया आदि के संबंध में सीएफएल इंचार्ज सतीश कुमार दुबे ने सभी ग्राम वासियों को वित्तीय साक्षरता का गहन प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, पंचायत सचिव शोभा मिश्रा, ऋषभ तिवारी सीएफएल इंचार्ज सतीश कुमार दुबे, एसबीआई रंक ब्रांच से राहुल सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## बैंकर्स ने लोगों को किया जागरूक

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत सचिवालय में मंगलवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को DBT, KYC के प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना और बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने में उनकी सहायता करना है। वहीं बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने बैंक के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कैंप लगाने की मांग की।

# डंडई में यूरिया की किल्लत पर किसानों का फूटा गुस्सा, किया विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददताा



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए यूरिया खाद की समस्या लगातार बनी हुई है। बीते 15 दिनों से किसान खाद की तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें एक दाना तक नसीब नहीं हो रहा। इसी समस्या को लेकर मंगलवार की सुबह सैकड़ों किसान, जिनमें महिला किसान भी शामिल रहीं, डंडई गांव की सड़कों पर उतर आये और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों के प्रति जमकर रोष व्यक्त किया और खाद वितरण में अनियमितता के आरोप लगाये। किसान नंदू राम, प्रमोद यादव, शिवलाल राम, झरी प्रजापति, ताजुद्दीन अंसारी सहित अन्य किसानों ने बताया कि जिले के अन्य प्रखंडों में किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध है, लेकिन डंडई के किसानों को महीनों से परेशान होना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि धान के पौधों के लिए इस समय खाद बेहद जरूरी है, लेकिन खाद की कमी से पौधे पीले पड़ने लगे हैं। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र के कुछ खाद-बीज दुकानों पर रात में चोरी-छिपे खाद बेची जा रही है, जबकि दिन में दुकानदार उपलब्धता से साफ इनकार कर देते हैं। किसानों ने विभागीय लापरवाही को ही इस संकट का जिम्मेदार ठहराया। इस समस्या को लेकर पंचायत के मुखिया पति महेश्वर राम ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में यूरिया खाद 'दूज का चांद' बन गया है। पैक्स की दुकानों पर तो खाद उपलब्ध ही नहीं, वहीं निजी दुकानदारों से भी किसानों को खाद नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड क्षेत्र के किसी भी पैक्स गोदाम पर रेट चार्ट का बोर्ड नहीं लगा है, जिससे किसान अंधेरे में रहते हैं और मनमानी वसूली की जाती है।

## जिले के किसानों ने यूरिया खाद उपलब्ध कराने को लेकर उपायक्त को मांग पत्र सौंपा



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिले के किसानों ने यूरिया खाद उपलब्ध कराने को लेकर गढ़वा उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र के माध्यम से किसानों ने उपायुक्त को अवगत कराया है कि किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रहा है। किसानों ने कहा कि उपायुक्त को विचार कर कुछ निर्णय लेना चाहिए, जिससे किसानों को लाभ मिल सके। किसानों ने कहा कि अगर जल्द से जल्द किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो पता है तो पूरे जिले के किसान आंदोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर सिद्धेश्वर उपाध्याय, ओंकार नाथ तिवारी, अखिलेश तिवारी, रामसरिस चंद्रा, रमाशंकर चौबे, अंजनी तिवारी, प्रमोद चौबे, मुरली श्याम तिवारी, जितेंद्र कुमार, शिव शंकर राम, विनय चंद्रवंशी, अखिलेश राम, राम उदार पांडे, कुश कुमार, धर्मराज कुमार, उपेंद्र कुमार सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# विधानसभा में गैर मजरुआ भूमि का मामला उठाना जनहित में : डॉ लालमोहन

मंत्री से खाद-बीज तथा कोल्ड स्टोरेज का किया मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी द्वारा विधानसभा में कई प्रमुख सवालों के साथ-साथ गैर मजरुआ भूमि के मामला को प्रमुखता से रखने के लिए प्रखंड की जनता की ओर से आभार प्रकट करते हुए इसे जनहित के लिए जरूरी बताया है। वहीं कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की के कार्यालय में मांग पत्र सौंपकर किसानों के हित में खाद बीज तथा गढ़वा में कोल्ड स्टोरेज की मांग किया है। डॉ लालमोहन ने कहा कि गढ़वा में शक प्रतिशत से अधिक लोग कृषक हैं जिन्हें समय पर खाद बीज के साथ-साथ कोल्ड स्टोरेज बन जाने से काफी सहूलियत होगी और इनका आए बढ़ेगा। उन्होंने गैर मजरूआ जमीन का मामला हर घर से जुड़ा बताया, कहा सरकार को अपने घोषणा के अनुरूप कार्य करने का यह अच्छा अवसर था परंतु न्यायालय में जाकर सरकार ने अपने मानसिकता साबित कर दी है। इस मौके पर मनोज जायसवाल, रामाकांत गुप्ता, रोहित कुमार, दिनेश चौधरी, मनोज चौधरी थे।

## आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर को मनाने के लिए, सीसीए गतिविधि के तहत एक अंतर-सदनीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नर्सरी से 10वीं कक्षा तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस प्रतियोगिता में भाग लिया और भगवान गणेश की रंगीन चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया।

बच्चों द्वारा दिखाई गई रचनात्मकता और उत्साह की शिक्षकों, प्रधानाचार्य और स्कूल प्रबंधन द्वारा बहुत सराहना की गयी।

प्रधानाचार्य केआर झा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी गतिविधियां न केवल छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को बढ़ाती हैं बल्कि उनमें भक्ति, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गौरव के मूल्यों को भी विकसित करती हैं।

प्रसिद्ध शिक्षाविद्, लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता और स्कूल के निदेशक अलख नाथ पांडे ने छात्रों की ऐसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की सराहना की, जो उनके सर्वांगीण विकास में मदद करेगी और गणेश चतुर्थी के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर, सीसीए इंचार्ज, सुश्री स्नेहा, सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## घाघरा फुटबॉल क्लब ने नीलांबर पीतांबर टूर्नामेंट का जीता खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत स्थित शिवाजी खेल मैदान में ज्योतिबा फुले स्पोर्ट क्लब द्वारा आयोजित नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार को घाघरा और पंडरिया के बीच खेला गया। जहां घाघरा ने पंडरिया को 2-1 से पंडरिया को हरा कर फाइनल का विजेता बनी। वहीं लड़कियों का फ्रेंडली मैच भवनाथपुर और कांडी के बीच खेला गया, जिसमें भवनाथपुर की टीम एक गोल से विजेता हुई। विजेता टीम को मुख्य अतिथि झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव ने विजेता टीम को ट्रॉफी और खस्सी प्रदान किया। वहीं उप विजेता पंडरिया टीम टीम को समाजसेवी पंकज सिंह ने ट्राफी और खस्सी प्रदान किया। मौके की शुरूआत झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव, समाज सेवी पंकज सिंह, मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं फुटबॉल को किक मारकर मैच कि शुरूवात किया।

# निर्जला व्रत कर महिलाओं ने मां पार्वती से मांगा अखंड सौभाग्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल/सगमा/भवनाथपुर/डंडई।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी मंगलवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए विधि-विधान से हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। पूरे दिन भगवान का ध्यान करने के बाद प्रदोष काल में व्रतियों ने माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ की भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना की तथा हरतालिका तीज की व्रत कथा सुनी। वहीं डंडई, लवाही, रारो, सोनेहरा, जरही पचौर समेत आसपास के गांवों की महिलाओं ने मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों और अपने-अपने घरों में विधिवत पूजा-अर्चना की। वहीं भवनाथपुर में सुबह से ही महिलाओं ने टाउनशिप दुर्गा मंदिर, बाजार सूर्य मंदिर, बुका शिव मंदिर, भवनाथपुर बस्ती मंदिर, मकरी, चपरी मंदिर सहित अन्य मंदिरो में भक्तों भीड़ लगी रही। वहीं सगमा प्रखंड मुख्यालय के सगमा शिव मंदिर, बिरवल शिव मंदिर, सोनडीहा, पुतूर सहित अन्य शिवालयों में विशेष आयोजन कर महिलाओं को पूजा कराया गया।



सगमा में महिलाएं निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा करती हुईं।



भवनाथपुर में निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा करती महिलाएं।



डंडई में हरितालिका तीज व्रत के पवित्र मौके पर पुरोहित हरितालिका तीज व्रत कथा का वाचन करते हुए, जिसे महिलाएं श्रद्धा के साथ सुनती हुईं।

झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
का०:अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि०, 455/A, रोड नं०-5, अशोक नगर, राँची
E-mail – md_jsfdc@yahoo.co.in / mdjsfdc@gmail.com TOLL FREE No. 18008891131

ई–निविदा सूचना संख्या ल० व० प० प० [के० प०(पूराना)]–01/2025
वर्ष 2022 एवं पूर्व के मौसमों के राजसात/जप्त एवं अबतक अबिक्रीत "जैसा है जहाँ है" केन्दू पत्ती की बिक्री हेतु
ई-निविदा
अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना

वर्ष 2022 एवं पूर्व के मौसमों के राजसात/जप्त एवं अबतक अबिक्रीत एवं भण्डारित केन्दू पत्ती की प्रचयवार "शुद्ध एक मुश्त राशि" पर "जैसा है जहाँ है" के आधार पर बिक्री हेतु ऑनलाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें वेब पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in पर ऑनलाईन निम्नवत प्राप्त की जायेगी :–

| निविदा चक्र (निविदा रेफरेन्स सं0) | समय | निविदा अभिलेख डाउनलोड एवं समर्पण की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| प्रथम चक्र (KL(OLD)/1/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 11.09.2025 17.09.2025 | 19.09.2025 |
| द्वितीय चक्र (KL(OLD)/2/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 24.09.2025 05.10.2025 | 07.10.2025 |
| तृतीय चक्र (KL(OLD)/3/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 08.10.2025 14.10.2025 | 16.10.2025 |
| चतुर्थ चक्र (KL(OLD)/4/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 18.10.2025 29.10.2025 | 31.10.2025 |
| पाँचवा चक्र (KL(OLD)/5/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 03.11.2025 09.11.2025 | 11.11.2025 |

क्रेता पंजीकरण पत्र, निविदा शुल्क, सत्यंकर राशि, निविदाकार का करारनामा, आयकर विभाग द्वारा निर्गत PAN की अभिप्रमाणित प्रति, पिछले तीन लेखा वर्षो के आयकर रिटर्न की अभिप्रमाणित प्रतियाँ, GST निबंधन संख्या के प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति, विगत् लेखा वर्ष के GST रिटर्न की प्रति तथा अपलोड किये गये अन्य दस्तावेजों की एक–एक प्रति निविदादाता निविदा खुलने की तिथि के एक दिन पूर्व (3.00 बजे अपराहन्) तक प्रमण्डलीय प्रबन्धक के कार्यालय में जमा करेंगे। समस्त इच्छुक निविदाकारों को ऑनलाईन निविदा भरने हेतु Digital Signature Certificate प्राप्त करना अनिवार्य है।

विस्तृत जानकारी यथा निविदा प्रपत्र, लॉट सूची, निविदाकार का करारनामा, निविदा से संबंधित शर्तें एवं बंधेज आदि वेब साईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन निविदा समर्पित करने के पूर्व निविदा प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। अधिक जानकारी के लिये वन निगम के प्रमण्डलीय/अंचलीय कार्यालयों से तथा वन निगम मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी/कर्मी से भी सम्पर्क कर सकते हैं :–

(1) उप निदेशक (विपणन), राँची, 8986653797
(2) उप निदेशक (मुख्यालय), राँची, 9431402051
(3) श्री प्रसून कुमार, FPI, राँची, 9153989366
(4) TOLL FREE NO. 18008891131

ह0/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक,
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची

PR 360528 Jharkhand State Forest Development Corp Ltd (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# हनुमान जी की प्रतिमा से चांदी की दोनों आंखें चोरी, भक्तों में आक्रोश



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है। लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। लेकिन बरवाडीह पुलिस अभी तक चोरो को पकड़ने मे सफलता हासिल नही कर पायी है। जिसके चलते चोरो का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। पिछले दिनों ही बरवाडीह स्थित प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर मे लगे दान पेटी का ताला तोड़ कर चोरो ने दान पेटी से पैसा चुरा ले गये थे। इसके बाद खुरा पंचायत के बभंडीह में चार पुलिस जवान के घरो में भी चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। लेकिन पुलिस को कोई सुराग नही मिली। वहीं सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने फिर से साहस दिखाते हुए बरवाडीह पहाड़ की चोटी पर स्थित हनुमान मंदिर को निशाना बनाते हुए। हनुमान जी की प्रतिमा लगी दोनों चांदी की आंखें निकाल लीं। सुबह जब श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखकर हैरान हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और मंदिर समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि हर बिंदु पर जांच पड़ताल चल रही है। जल्द सभी को सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

### कुडू में कांग्रेस प्रभारी के राजू का दौरा, पंचायत प्रतिनिधियों से सीधा संवाद

# पंचायत स्तर पर पदाधिकारियों और बीएलओ की होगी नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू अपने छह दिवसीय प्रवास के तहत मंगलवार को लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के सुंदरु पंचायत स्थित ओपा गांव पहुंचे। यहां प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव के आवास पर आयोजित पंचायत स्तरीय बैठक में उन्होंने हिस्सा लिया।

ढोल-नगाड़े और छऊ नृत्य के बीच पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया। सखुआ पत्ता की टोपी और माला पहनाकर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। बैठक में प्रभारी ने पंचायत प्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर स्थानीय समस्याओं और संगठन की मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों के मनोनयन की प्रक्रिया चल रही है। 2 सितंबर से एआइसीसी पर्यवेक्षक 15 दिनों तक जिलों में रहकर संगठन को मजबूत करेंगे। पंचायत स्तर पर पदाधिकारियों का चयन और बीएलओ की नियुक्ति भी की जायेगी, ताकि मतदान प्रक्रिया पर कांग्रेस की मजबूत निगरानी रहे।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी के साथ बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, महासचिव आलोक कुमार दूबे, डॉ राजेश गुप्ता, रोहित उरांव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखेर भगत, पूर्व महासचिव डॉ अजय नाथ शाहदेव, संजय कुमार सहित कई नेता मौजूद थे।

प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि पंचायत स्तरीय संवाद से संगठन की जड़ें मजबूत होंगी और ग्रामीण समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में ककडगढ़ पंचायत के प्रतिनिधियों से भी संवाद हुआ। प्रभारी ने कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर के कार्यों की सराहना की। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु, अंचलाधिकारी संतोष उरांव, सचिव शाहिद अहमद बेलू, अल्पसंख्यक कांग्रेस उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए।

## संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य के लिए पदाधिकारी और कर्मी सम्मानित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जुलाई-अगस्त माह में संपन्न संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य के लिए पदाधिकारियों को कर्मियों को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में आकांक्षा प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत प्रखंड किस्को में सभी पांच सूचकांकों में ओवरऑल अच्छादन के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरूण उरांव, स्वास्थ्य सूचकांक के अच्छादन के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी किस्को डॉ अशोक कुमार ओड़या, कृषि व जल संसाधन के अच्छादन के अच्छादन के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी राणा अमित शर्मा, पोषण सूचकांक में अच्छादन के लिए सीडीपीओ किस्को ज्योति कुमार प्रसाद, पोषण में गुणात्मक सुधार के लिए आंगनबाड़ी वर्कर मीना केरकेट्टा को सम्मानित किया गया। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित पांच सूचकांकों में मातृत्व पोषण के लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, मातृत्व स्वास्थ्य के लिए सिविल सर्जन राजू कच्छप, शिक्षा सुविधाओं के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, शिक्षा सुविधाओं के लिए जिला शिक्षा अभिजीत कुमार, कृषि व जल संसाधन के लिए जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, संपूर्णता अभियान के समन्वय के लिए जिला योजना पदाधिकारी, संपूर्णता अभियान के समन्वय के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी अभिनीत सूरज, पीरामल की टीम व जिला योजना कार्यालय के कर्मियों को सम्मानित किया गया। पूरे अभियान को सफल बनाने के लिए उपायुक्त द्वारा सभी को बधाई दी गयी और नीति आयोग के सूचकांक पर नियमित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण इलाकों में खराब पथों को चिन्हित कर मरम्मत करें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को जिला में तकनीकी और गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। तकनीकी पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में पेजयल एवं स्वच्छता विभाग को पूर्ण हो चुकी हर घर नल योजना का सर्टिफिकेशन पूर्ण कराने, लाभुकों की जलकर समिति गठित करने और कर संग्रहण का निर्देश दिया गया। किस्को और पेशरार प्रखंड में स्वच्छ पानी की उपलब्धता से वंचित परिवारों के लिए योजनाएं लिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, जिन आंगनवाड़ी केंद्र और विद्यालयों में पेयजल की सुविधा नहीं है उन्हें हर घर नल योजना के नजदीकी पाईपलाइन से जोड़कर आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग और पथ प्रमण्डल को जिला के ग्रामीण इलाकों में खराब पथों को चिन्हित करते हुए उनके निर्माण या मरम्मती की अनुशंसा कराये जाने का निर्देश दिया गया। भवन प्रमंडल को निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों को पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल को लंबित योजनाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उच्च पथ प्रमण्डल को एनएच के रास्तों में गड्ढों को भरे जाने का निर्देश दिया गया। विद्युत प्रमण्डल को सरकारी भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में और छूटे हुए विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन किये जाने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी को एग्री स्मार्ट विलेज की मॉनिटरिंग करते हुए उसे रेगुलेट कराने का निर्देश दिया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों का निबंधन कराये जाने का निर्देश दिया गया ताकि इस वर्ष अत्यधिक वर्षा के कारण अगर फसल की क्षति होती है तो किसानों को बीमा योजना का लाभ दिया जा सके। बैठक में नीति आयोग की टीम द्वारा पीएम अवार्ड के लिए विभिन्न विषयों पर किये जानेवाले कार्य व डेटा इंट्री की जानकारी दी गयी।


## डीसी ने लंबित योजनाएं पूर्ण करने का दिया निर्देश

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा से संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा। इसमें जिला योजना अनाबद्ध निधि, एससीए योजनामद एवं नीति आयोग अवार्ड मनी से ली गयी योजनाएं शामिल थीं। उपायुक्त द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत वर्ष 2022-23, 23-24 और 24-25 के लंबित योजनाओं की समीक्षा की और लंबित योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश सभी संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को दिये। इन योजनाओं में विद्यालय में डीप बोरिंग की योजना, गार्डवाल की योजना, पुस्तकालय के लिए पुस्तक की खरीद, पीसीसी पथ, पुल निर्माण, विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त कमरा निर्माण, होमी जहांगीर भाभा संस्थान के लिए भवन का निर्माण, चेकडैम निर्माण, विभिन्न विद्यालयों में शौचालय निर्माण आदि योजनाएं शामिल थीं।

# बालूमाथ अंचल के प्रधान सहायक पर पांच हजार घूस लेने का आरोप

**लातेहार के पूर्व उपायुक्त अबू इमरान ने आरोपी पर पहले भी रिश्वत लेने के आरोप में कर चुके हैं विभागीय कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता


सेवा में,
अपर समाहर्ता
लातेहार।
विषय- अंचल कार्यालय बालूमाथ के बड़ा बाबु श्री मनोज कुमार के द्वा... रिपोर्ट भेजने के बदले 5000/- (पांच हजार) मांगने के संबंध में।
महाशय,

**लातेहार।** लातेहार बालूमाथ अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक मनोज कुमार पर एक बार फिर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। पीड़िता ने जिले के उपायुक्त एवं अपर सामाहर्ता लातेहार को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। आरोप है कि प्रखंड बारियातू के पुकचू गांव निवासी देवेंद्र यादव पिता स्व कर्मजीत यादव के भूमी जिसका खाता संख्या 07 प्लांट संख्या 1556, रक्बा 1.40 डिसमिल कि जांच रिपोर्ट लेने के एवज में प्रधान सहायक ने पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। आवेदक का कहना है कि ऐसे भ्रष्ट सरकारी कर्मियों पर जांचोपरांत नियम संगत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। गौरतलब है कि मनोज कुमार पर इससे पहले भी रिश्वत लेने के आरोप लग चुके हैं। उस समय उपायुक्त अबू इमरान ने उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की थी। मनोज कुमार पूर्व में बालूमाथ अंचल में नाजिर के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। आवेदक ने जिला प्रशासन से इस मामले को लेकर उच्च स्तरीय जांच कर विभागीय कार्रवाई करने का मांग किया है ताकी भोले भाले ग्रामीणों से कोई कर्मी दोबारा रिश्वत ना मांगे।

## आंख जांच कर दवा और चश्मा का वितरण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ शशिकांत कुमार द्वारा राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पेशरार प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गग दुंदरु जवाल स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर 152 छात्र छात्राओं और 53 ग्रामीणों का आंख जांच किया गया। वही डॉक्टर द्वारा बताया गया कि नेत्र जांच के क्रम में निकट दृष्टि और दूर दृष्टि दोष, आंख से पानी आना, धुंधलापन दिखाई देना, आंख में जलन होना सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच किया गया। जांच के पश्चात 40 वर्ष उम्र तक के 43 महिला पुरुषों को नि:शुल्क चश्मा भी दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र रोग से बचाव के लिये जागरूक करते हुए अंधापन से रोक थाम की दिशा में चिकित्सक द्वारा राष्ट्रीय अंधा पन कार्यक्रम के तहत सार्थक पहल किया जा रहा है। वही डॉ.श्री कुमार ने छात्र छात्राओं ग्रामीणों से कहा कि आंख को स्वस्थ्य रखने के लिये दूध,फल,अंडा,हरा साग सब्जी तथा बिट और गाजर का सेवन करें तथा प्रत्येक दिन गुलाब जल से या स्वच्छ पानी से आंख को दिन में कम से कम तीन बार धोये। जिससे आंख में घुसे जीवाणु और धूल साफ हो और आंख स्वच्छ रहे। मौके पर शिक्षक रंजीत कुमार भगत स्वास्थ्य सहिया मंजू देवी के अलावे अन्य ग्रामीण और विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा-गुमला मुख्यपथ के बीआइडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार 27 अगस्त को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके साथ ही गणेश चतुर्थी के दिन वार्षिकोत्सव होने के कारण गणेशोत्सव भी मनाया जायेगा। इस अवसर मंदिर में पूजा पाठ के बाद भव्य भंडारा का आयोजन भी होना तय है। इस कार्य मे सभी सनातनी धर्म समुदाय के लोगो का सहयोग मिल रहा है। सभी सनातनी राम भक्त, हनुमान भक्त अपनी क्षमता अनुसार मंदिर के वार्षिकोत्सव के लिए सहयोग राशि दे रहे है। सुबह 10 बजे से पूजा शुरू होगी। वही दोपहर के दो बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण होगा। बता दें कि हर वर्ष प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उक्त जानकारी मंदिर कमिटी के सदस्य नरेंद्र शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, लक्ष्मण अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, प्रमोद महतो, दीपक सिंह, जयंत सिंह, सुमेशर सिंह, निखिल सिंह, विमल साहू, संतोष गोप, मयंक अग्रवाल, शंभु अग्रवाल, उदय अग्रवाल ने दी है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में झरना पानी सालोडी ने जामुनीखांड़ को 3-0 से हराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा फुलवारी फुटबॉल क्लब बनहरदी की ओर से कर्म पर्व की पूर्व संध्या पर भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच झरना पानी सालोडी और जामुनी खड़ की टीमों के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। इसके बाद नतीजा पेनल्टी शूटआउट से तय किया गया, जिसमें झरना पानी सालोडी ने 3-0 से जीत दर्ज कर अगले राउंड में जगह बनायी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान इंद्रदेव उरांव, पंचायत मुखिया रामेश्वर उरांव, पंचायत समिति सदस्य मनोहर भगत, समिति अध्यक्ष विपाश उरांव, सचिव भाडे उरांव, कोषाध्यक्ष रंजीत उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाजसेवी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि आरएम क्लब सीओ रोशन उरांव ने टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी टीमों को एक-एक फुटबॉल प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# प्रधानाध्यापक के निलंबन के खिलाफ विद्यार्थियों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुरे के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार के निलंबन के खिलाफ किया गया।

ज्ञात हो कि 30 जुलाई को उपायुक्त लातेहार द्वारा हेरहंज प्रखंड का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुरे का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अनियमितताएं पायी गयी थी। जिसके आधार पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार को निलंबित कर दिया गया है। इस निर्णय से नाराज छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों ने विद्यालय परिसर से पैदल नारेबाजी करते हुए प्रखण्ड कार्यालय तक मार्च किया। प्रदर्शन के दौरान 'वापस करो-पवन सर को वापस करो', 'हम बच्चों का भविष्य खराब ना करो', 'मुक्त करो-पवन सर का निलंबन मुक्त करो' जैसे नारे लगाये। छात्रों ने उपायुक्त के नाम एक लिखित आवेदन प्रखंड नाजिर महेश राम को सौंपा। जिसमें पवन कुमार के निलंबन को रद्द करने की मांग की गयी। प्रदर्शन के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने छात्रों से संवाद किया और उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद छात्र शांतिपूर्वक घर वापस लौट गये।

## गारू में करमा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक



**गारू/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** गारू प्रखंड के ग्राम डाडकोचा सरना स्थल में मंगलवार को प्रकृति पर्व करमा पूजा की तैयारी को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन सिंह ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार मौजूद रहे और आगामी करमा पूजा को धूमधाम से मनाने की रूपरेखा तय की गयी। बैठक में पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें मायापुर पंचायत के मुखिया सुभाष कुमार सिंह को समिति का संरक्षक चुना गया। उप संरक्षक के रूप में भेनसेन मिंज, रविशंकर यादव, मुनेश ब्रिजिया और बीरेंद्र मुंडा को चयनित किया गया। समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी अर्जुन सिंह को सौंपी गयी। वहीं सचिव के रूप में सिकंदर सिंह, उप कोषाध्यक्ष के रूप में शिवधारी सिंह और गेंदा लोहरा का चयन हुआ। समिति के सदस्य के रूप में दिलेश्वर सिंह, विदेशी सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, धर्मदेव ब्रिजिया और सतनारायण सिंह को शामिल किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि करमा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि करमा पूजा आदिवासी संस्कृति और प्रकृति संरक्षण से जुड़ा प्रमुख त्योहार है, जिसे सामूहिक एकता और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दौरान सरना स्थल की साफ-सफाई, सजावट और पूजा की तैयारी में हर ग्रामीण परिवार अपनी सहभागिता निभायेगा। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि करमा पर्व समाज को जोड़ने और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है। सभी ने संकल्प लिया कि पूजा कार्यक्रम को शांति और आपसी सहयोग के साथ संपन्न कराया जायेगा।

## लोहरदगा में गणेश चतुर्थी की तैयारियां पूरी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का उत्सव का दिन आज से शुरू हो रहा है शास्त्रों के अनुसार इस दिन को गणेश चतुर्थी का दिन कहा जाता है। भारत में कुछ प्रमुख महानगरों और शहरों में 10 दिनों तक गणेश चतुर्थी अर्थात गणेश उत्सव मनाया जाता है तो कहीं 5 दिन तक प्रतिमा रखकर भगवान श्री गणेश की पूजा की जाती है। इस क्रम में लोहरदगा के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भी गणेश उत्सव के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** हरितालिका तीज के पावन पर्व पर महिलाओं ने मंगलवार को निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना कर अखंड सुहाग की मंगलकामना की। श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ मंदिर में जुटी रही। साथ ही देवाधिदेव भगवान शिव के मंदिरों में दर्शन-पूजन कर व्रती महिलाओं ने सुहाग के मंगल कामना के लिए भगवान से मिन्नतें मांगी और पुजारी से व्रत कथा का श्रवणकर आशीर्वाद लिया। भाद्र पद माह के शुक्ल पक्ष में जब चन्द्रमा कन्या राशि और हस्त नक्षत्र में प्रवेश करता है, तो इस दिन को हरितालिका तीज कहते हैं। इस व्रत का यह महत्व है कि अगर कुंवारी कन्या इस व्रत को विधि विधान से पूजन करती है, तो उसे सुयोग्य वर मिलता है और अगर सुहागिनें इस व्रत को करती हैं, तो उनके पति को लंबी उम्र की प्राप्ति होती है। माता पार्वती ने भगवान शंकर को पाने के लिए जंगल में जाकर घोर तपस्या की थी। इसपर भगवान भोलेनाथ ने वर दिया कि जो महिला इस व्रत को श्रद्धाभाव के साथ करेगी, उसका सुहाग दीर्घकाल तक जीवित रहेगा। इसी मान्यता को लेकर सभी महिलाएं पर्व पर निर्जला व्रत रहती हैं। महिलाओं ने नया परिधान धारण कर सोलह श्रृंगार कर घर और मंदिरों में शिव-पार्वती की पूजन-अर्चन करते हुए पति के दीघार्यु के लिए भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पर सुहागिन महिलाएं इकट्ठा होकर व्रत कथा का श्रवण भी किया। पूजन में फल आदि का प्रसाद चढ़ा कर घर के सभी सदस्यों में वितरित किया।

## सेन्हा में हरितालिका तीज धूमधाम से मनी



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पति के लंबी उम्र और स्वास्थ्य तथा मंगल कामना को लेकर मंगलवार को सुहागिनों द्वारा निर्जला रह कर हरितालिका तीज का व्रत किया। हरितालिका तीज व्रत को लेकर प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुबह से ही तीज व्रत को लेकर सुहागिन महिलाएं तैयारी में जुटी हुई थी। सुबह से पुजन प्रारम्भ होने के पश्चात शाम तक चलता रहा। पुरोहित अरविंद पाठक, राजेश पाठक कृष्णा मिश्रा, अवनीश पाठक, नर्मदेश्वर पाठक द्वारा विभिन्न जगहों पर सुहागिनों को पूजा अर्चना कराया गया। सुहागिनों द्वारा हरि तालिका तीज का व्रत रखने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। सुहागिनों ने सुहाग का जोड़ा में सज धज कर उमंग के साथ श्रद्धा भक्ति भाव से तीज पूजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों में श्रद्धा भक्ति भाव के साथ हरि तालिका तीज का व्रत संपन्न हुआ।

## गराड़ीह इमली टोली में नया ट्रांसफार्मर लगा



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड गजनी पंचायत के ग्राम गराड़ीह ईमली टोली में विगत 30 दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी साथ ही पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अंधेरा का सामना करना पड़ रहा था जिससे पढ़ाई बाधित हो रही थी। लोहरदगा के स्थानीय लोकप्रिय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के संज्ञान में दिये जाने के बाद तत्काल 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। जिसका उद्घाटन आज कैरो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अनीस अहमद ने फिता काटकर किया। इस अवसर पर अनीस अहमद ने कहा कि लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समस्याओं को संजिदगी से निराकरण करना उनकी प्राथमिकता में है। मौके पर कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद, प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रशीद अंसारी, प्रखंड महासचिव समीरूद्दीन अंसारी, सफीक अंसारी, जियाउल अंसारी, स्थानीय वार्ड पार्षद जाबिर अंसारी, भावी यूथ अध्यक्ष जाहिद अंसारी, अबुल अंसारी, ललित महतो मोजाबुल अंसारी, सहजान अंसारी, अब्दुल अंसारी समीर अंसारी आशिक अंसारी समेत कई उपस्थित थें।

### रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई) पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

# विश्वविद्यालय सिर्फ डिग्री देने का माध्यम नहीं, बल्कि छात्रों के समग्र विकास का केंद्र बने : डॉ ईश्वर सागर

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई) विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हुआ। इसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति डॉ संजय कुमार झा, रजिस्ट्रार डॉ देवाशीष मंडल, परीक्षा नियंत्रक डॉ नील कुमार सिंह, उप-निदेशक अनुराग चंद्रवंशी एवं प्रशिक्षण प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह बतौर अतिथि शामिल रहे। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि



कार्यशाला में शामिल कुलाधिपति डॉ इश्वर सागर चंद्रवंशी, प्रशिक्षणार्थी एवं अन्य गणमाव्य लोग।

विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने का माध्यम न होकर छात्रों के समग्र विकास का केंद्र होना चाहिए। उन्होंने छात्रों के कौशल विकास पर विशेष बल देते हुये कहा कि आने वाले समय में रोजगार एवं प्रतिस्पर्धा केवल ज्ञान पर नहीं, बल्कि कौशल और दक्षता पर आधारित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और समन्वयकों को परिणाम आधारित शिक्षा की अवधारणा से अवगत कराना एवं विद्यार्थियों को परिणाम आधारित शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रेरित करना था। वहीं, मुख्य वक्ता डॉ रवि कुमार ने परिणाम आधारित शिक्षा की मूलभूत संरचना, उसके लाभ एवं इसे लागू करने के विभिन्न चरणों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों की प्रगति का आकलन केवल परीक्षाओं से नहीं, बल्कि उनके व्यवहारिक ज्ञान, कौशल और उपलब्धियों के आधार पर किया जाना चाहिए। वहीं, कार्यशाला के समन्वयक रवि रंजन मंजुल ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होगी जब उसका प्रत्यक्ष प्रभाव विद्यार्थियों के परिणामों एवं व्यक्तित्व विकास में परिलक्षित हो। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ओबीई प्रणाली के माध्यम से छात्रों को रोजगारपरक व नवाचार आधारित शिक्षा दी जा सकती है। कुलपति डॉ संजय कुमार झा ने कहा कि परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाती है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता, कार्यकुशलता एवं व्यावहारिक ज्ञान का मूल्यांकन सुनिश्चित किया जा सकता है। जबकि रजिस्ट्रार डॉ देवाशीष मंडल, परीक्षा नियंत्रक डॉ नील कुमार सिंह, उप-निदेशक अनुराग चंद्रवंशी एवं प्रशिक्षण प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं न केवल शिक्षकों को नई शैक्षिक अवधारणाओं से जोड़ती हैं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए भी एक मजबूत शैक्षिक आधार तैयार करती हैं। प्रशिक्षणार्थियों ने परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली को विद्यार्थियों के शैक्षिक उत्थान, कौशल संवर्धन एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा की दिशा में अत्यंत उपयोगी बताया। इस मौके पर कई महाविद्यालयों के प्राचार्य, समन्वयक आदि मौजूद थे।

## हादसे में घायल जवान की मौत पुलिस लाइन में दी गयी सलामी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सड़क हादसे में घायल पलामू पुलिस के जवान अजय कुमार पांडेय की रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव पलामू लाया गया है। मंगलवार की सुबह पलामू पुलिस के स्टेडियम में अजय कुमार पांडेय को सलामी दी गई। इस दौरान एएसपी अभियान राकेश सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस शुभम नागरकोट, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, आलोक कुमार टूटी सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अजय कुमार पांडेय पलामू एसपी कार्यालय के डीसीबी शाखा में तैनात थे। कुछ दिनों पहले अजय पांडेय अपने पैतृक गांव चैनपुर थाना क्षेत्र के तलेया बभंडी से वापस लौट रहे थे। इस दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज के बाद



उन्हें रिम्स रेफर किया गया था। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। रिम्स में सोमवार को अजय कुमार पांडेय के शव का पोस्टमार्टम किया गया था। अजय कुमार पांडेय का पैतृक गांव तलेया में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अजय कुमार 2012 बैच के कांस्टेबल थे और पिछले कई वर्षों से पलामू एसपी कार्यालय में तैनात थे। पलामू मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा ने बताया कि जवान अजय कुमार पांडेय का रिम्स में निधन हुआ है। सलामी के दौरान सार्जेंट मेजर सुरेश राम, मेंस एसोसिएशन के विक्रांत दुबे, मोहम्मद इसराइल, नरेंद्र कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

## पंचायत सहायक संघ की बैठक अशोक यादव बनाये गये अध्यक्ष



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सहायक संघ ने कमेटी गठन को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता उमा कुमार यादव और संचालन शंकर कुमार ने की। इस दौरान सभी की सहमति से पंचायत सहायक संघ के अशोक कुमार यादव को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि संघ के सचिव बलराम राम, कोषाध्यक्ष कृष्णमुरारी पासवान, उपाध्यक्ष इंदू देवी एवं मीडिया प्रभारी राजीव कुमार सिंह को बनाया गया। इस मौके पर नव निर्वाचित अधिकारियों ने दायित्व को सौंपे जाने पर संघ के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों और एकजुटता का परिणाम है। हमलोग पूरी कोशिश करेंगे कि पंचायत सहायक के हितों की रक्षा की जाए। हमलोग अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएं। इस मौके पर पंचायत सहायक मुकेश कुमार, अविनाश सिंह, अंजू देवी, संध्या देवी, ललिता देवी, अनुराधा देवी, अमित कुमार, देव कुमार यादव, अमरेश कुमार, कमलेश कुमार सिंह, संजीव कुमार, सौरभ कुमार, पवन कुमार यादव, बृजमल राम और धीरेंद्र कुमार मेहता आदि उपस्थित थे।

## गतका प्रतियोगिता में संत मरियम के खिलाड़ियों ने जीते सात पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता 2023-24 अगस्त धनबाद में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात खिलाड़ियों अतुल सिंह (स्वर्ण पदक), रोशन कुमार मांझी, रोहित पासवान, कुशाग्र कुमार शुक्ला, राजवीर कुमार पासवान, आर्यन कुमार, पुष्कर कुमार (रजत पदक) और अभिनव सिंह (कांस्य पदक) ने अलग-अलग वर्गों में पदक जीतकर पलामू जिले और विद्यालय का मान बढ़ाया। इन सभी विजेताओं ने अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-17 वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित




### नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड का करेंगें प्रतिनिधित्व

**अब सभी विजेता खिलाड़ी आगामी 10 से 12 अक्टूबर के बीच दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। बच्चों को सम्मानित करने के दौरान खेल प्रशिक्षक सुमित वर्मन, अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।**

विशेष असेंबली में प्राचार्य कुमार आदर्श ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत मरियम स्कूल के खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की है, वह हमारे लिए गर्व की बात है। यह जीत केवल पदक जीतना नहीं है, बल्कि यह हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और संकल्प का परिणाम है। अब हमारा विश्वास और भी मजबूत हो गया है कि ये खिलाड़ी दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी झारखंड का नाम रोशन करेंगे।

## देवघर के मानसरोवर तालाब की दुर्दशा के खिलाफ हाइकोर्ट में पीआइएल दाखिल

**देवघर (आजाद सिपाही)।** के बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट स्थित मानसरोवर तालाब वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। तालाब में जलस्तर कम है और खरपतवार से पूरा तालाब घिरा हुआ है। इसको लेकर देवघर के स्थानीय पुरोहित मृत्युंजय पंडित ने हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल किया था।मृत्युंजय पंडित ने अपने पीआईएल में कहा कि मानसरोवर में जल क्षेत्र को बंद कर उस पर अतिक्रमण किया जा रहा है और भवन का निर्माण कराया जा रहा




है।उनका आरोप है कि हाई कोर्ट के सुनवाई के बाद आनन फानन में देवघर नगर निगम तालाब से खरपतवार को हटा रहे हैं, जो कि पूरी तरह से लीपापोती है।मृत्युंजय पंडित का कहना है कि मुख्य बिंदु जल क्षेत्र में अतिक्रमण कर भवन निर्माण करने को लेकर है, जिस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि मानसरोवर का इतिहास काफी पुराना है और यह राजा मानसिंह के द्वारा बनवाया गया था।मानसरोवर में जलस्तर बढ़िया रहने से देवघर के मंदिर क्षेत्र में जल की कमी भी कम होती है तालाब का संरक्षण और संवर्धन करना आवश्यक है।हाईकोर्ट में पीआईएल की सुनवाई के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।देखना होगा कि मानसरोवर तालाब की दुर्दशा को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## बाबा मंदिर में सुहागिनों ने सुनी हरितालिका व्रत की कथा, की गई पूजा



**देवघर (आजाद सिपाही)।** बाबा मंदिर में तीज को लेकर मंगलवार को महिलाओं में काफी उत्साह दिखा। महिलाओं ने सोलह सिंगार कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में ब्राह्मण पुरोहित द्वारा पूजा अर्चना कर कथा सुनी। हरितालिका व्रत को हरितालिका तीज या तीज भी कहा जाता है। यह व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जा रहा है। इस दिन सुहागिन महिलाएं भगवान शंकर और माता पार्वती की सच्चे मन से पूजा करती है। यह व्रत झारखंड-बिहार और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में मनाया जाता है। मान्यता है कि सौभाग्यशाली महिलाएं अपने सुहाग को अखंड बनाए रखने के लिए यह व्रत करती है। माना जाता है कि सबसे पहले यह व्रत माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए रखा था।

## भगवान गणेश की वंदना को मधुपुर तैयार, रौशनी से जमगम हुआ शहर



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के गांधी चौक स्थित पुरानी धर्मशाला में गीतांजलि क्लब की ओर से बीते कई दशकों से भव्य गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर कमेटी के सदस्यों की बैठक अध्यक्ष शंभू खंडेलवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को पूजा परिसर में हुई। क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार की पूजा के लिए भव्य एवं आकर्षक पंडाल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। पूरे पूजा पंडाल में झारखंड एवं ओडिशा की संस्कृति दिखेगी। कोलकाता से आए कारीगरों द्वारा पूजा पंडाल को पत्ते, सुप, टोकरी से सजाया गया है। एक से बढ़कर एक हाथ की बनी कलाकृति से पंडाल को आकर्षक बनाया गया है। बताया कि पूरे गांधी चौक को दूधिया रोशनी से जगमगाया गया है। पूजा देखने आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतरीन पूजा दर्शन का अनुभव कराना ही क्लब का एकमात्र लक्ष्य है। रामजस रोड पूजा समिति आकर्षक विद्युत सज्जा आकर्षण केंद्र शहर के रामजस रोड स्थित गणेश पूजा समिति द्वारा भी भव्य पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है। पिछले कई वर्षों से यहां पर पूजा का आयोजन किया जा रहा है। रामजस रोड से लेकर भगत सिंह चौक तक को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जा रहा है। वहीं, भेड़वा स्थित श्रीश्री गणेश पूजा समिति में भजन संध्या कार्यक्रम भेड़वा स्थित श्रीश्री गणेश पूजा समिति में भगवान गणेश की विशेष रूप से पूजा-अर्चना की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस समिति की पूजा भी शहर में काफी लोकप्रिय है। यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। जबकि बुधवार को रात में बंगाल से आए सुप्रसिद्ध भजन गायिका द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर पूजा तैयारी पूरी कर लीग यी है। इसमें कॉलेज रोड, पथरचपट्टी रोड और चांदवारी में भी गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। गणेश चतुर्थी को लेकर मधुपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पूजा पंडालों में तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों को दुल्हन की तरह सजाया गया है, जिससे पूरा शहर भगवान गणेश के आगमन पर उत्सवमय हो उठा है।

## जपला मुख्य डाकघर में चार दिन से लिंक फेल, खाताधारकों में आक्रोश

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल के जपला मुख्य डाकघर सहित झारखंड के धनबाद, रामगढ़ कैंट, गढ़वा, डाल्टेनगंज, नगर उंटारी, साहिबगंज, हरिहरगंज, हैदरनगर और दुमका सहित लगभग सभी डाकघरों में विगत शनिवार से ही लिंक फेल रहने के कारण सभी



तरह का कार्य बंद है। सैकड़ो खाताधारी प्रतिदिन वापस लौट रहे हैं। डाककर्मियों को ग्राहकों का कोपभाजन भी बनना पड़ रहा है। इस संबंध में राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने फोन पर बताया कि लिंक फेल होने की सूचना सभी जगहों से आ रही है। बताया कि डाक विभाग जबसे नया सॉफ्टवेयर वर्जन 2.0 लागू किया है। तभी से समस्या सुधरने के बजाय और ज्यादा बढ़ गयी और बराबर लिंक फेल रहने की शिकायत आने लगी। उन्होंने बताया कि इस समस्या से डाक विभाग के उच्चाधिकारियों को ई मेल से अवगत करा दिया गया है। वहां से आश्वासन मिला है कि इस समस्या को विभाग की ओर से जल्द ठीक करा दिया जायेगा।

## संदीप ने नौडीहा गांव में उपलब्ध कराया नया ट्रांसफॉर्मर

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुई अंतर्गत नौडीहा गांव में पूर्व जीप प्रतिनिधि संदीप पासवान के प्रयास से 25 केवीए का एक नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया गया। उन्होंने डालटनगंज विद्युत कार्यपालक अभियंता से बात कर इस कार्य को पूरा करवाया। नौडीहा गांव के लोगों ने



बताया कि पुराना ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण वे बरसात के मौसम में अंधेरे में रहने को मजबूर थे। संदीप पासवान के प्रयासों से अब गांव में बिजली की समस्या का समाधान हो गया और लोगों को राहत मिली है। इस मौके पर समाजसेवी रविंद्र कुमार सिंह, अखिलेश यादव, प्रमेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, धीरेंद्र यादव, अजय यादव, बृजदेव यादव, राजेंद्र यादव, कपिल यादव, मिथिलेश यादव और विपिन यादव आदि उपस्थित थे।

## खेत में लगे बिजली के तार की चपेट में आकर युवक की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम सबानो के तरी पर टोला निवासी प्रमोद मेहता (32) की खेत में बिजली की तार के चपेट में आने से मौत हो गयी। इसकी सूचना पर हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहमद याकूब ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि प्रमोह मंगलवार की सुबह उठकर शौच के लिए खेत में गया था। घर से कुछ दूरी पर बिशुनपुर गांव के



रहने वाले एक व्यक्ति ने जानवरों से खेत की फसल बचाने के लिए तार से घेराव कर बिजली का प्रवाह कर दिया था। जिसकी चपेट में आने से प्रमोद की मौके पर ही मौत हो गयी। वह घर में बड़ा था जिसका पत्नी और दो बेटी के अलावा एक छोटा भाई और दिव्यांग पिता है। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मुखिया श्रवण राम ने परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## पंसस ने निजी मद से कराया क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत



**हुसैनाबाद (आजाद सपिाही)।** प्रखंड अंतर्गत देवरी कला पंचायत के कुसुआ कोरियाडीह गांव की सड़क क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हो गयी थी। लगातार अनुरोध के बावजूद जिला प्रशासन और सरकार की ओर से व्यवस्था नहीं होता देख पंचायत समिति सदस्य (पंसस) अजित कुमार सिंह ने अपने निजी राशि से सड़क की मरम्मत करवाई। इससे आवागमन सुगम हो गया। ग्रामीणों ने पंसस के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं, पंसस ने बताया कि ग्राम कुसुवा कोरियाडीह के ग्रामीण काफी दिनों से बरसात में बने सड़क एवं गड्ढे से परेशान थे। इस बात की सूचना ग्रामीणों ने पंचायत एवं अन्य स्थानीय प्रतिनिधि को भी दी। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हो पायी। तब मैंने जनहित की समस्याओं पर पहल करते हुए अपने निजी खर्च से मरम्मत कराया। कहा की जनप्रतिनिधि को जनता का दुख सुख में हमेशा साथ रहना चाहिए। इस मौके पर वार्ड सदस्य दीपक मेहता, नंदलाल मेहता, गोलू मेहता, अभय मेहता, संजय मेहता और संजय यादव आदि मौजूद थे।

# पीएमएस योजना के आवेदक वांछित कागजात कार्यालय में अविलंब जमा करें : जयपाल सिंह

### विश्रामपुर नप क्षेत्र के 969 लोगों ने पीएमएस योजना के लिये किया है ऑन लाइन आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने प्रधानमंत्री शहरी आवाश योजना-2 के आवेदकों से एक सप्ताह के अंदर सभी वांछित कागजात नप कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया है। जयपाल सिंह ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र से प्रधान मंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के तहत आवास



जानकारी देते जयपाल सिंह।

आवंटन की मंजूरी के लिये 20 वार्ड से कुल 969 लोगों ने ऑन लाइन आवेदन दिया है। जिसे नगर विकास विभाग रांची को अनुमोदन के लिये अग्रसारित कर दिया गया है। अब आवास योजना स्वीकृति की पात्रता रखने वाले आवेदक एक सप्ताह में आवेदन के साथ वांछित सभी कागजात की छाया प्रति नप कार्यालय में जमा करा दें। निर्धारित समय सीमा के अंदर वांछित कागजात जमा नहीं कराये जाने की स्थिति में उनके आवास आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के ऐसे लाभुक जो लंबी अवधि से किस्त की राशि लेकर आवास निर्माण का कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें दिसंबर 2025 तक का समय दीया गया है। उसके बाद उन लाभुकों को कोई राशि भुगतान नहीं की जायेगी। उन्हें खुद के संसाधनों से गृह निर्माण का कार्य पूर्ण करना होगा।

## बाइक के टक्कर में दो चालक गंभीर रुप से घायल

**झरिया/सिंदरी (आजाद सिपाही)।** रोहडाबांध चेकपोस्ट के निकट मंगलवार की दोपहर दो बजे तेज रफ्तार दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दोनो बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हो गए। इसकी सूचना पाकर सिंदरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सीएचसी चासनाला पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनो को एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। दोनों के सर में गंभीर चोट आई है। सिंदरी पुलिस ने बताया कि घायलों में एक धनंजय महतो कोडवोर्ड कालोनी कांडरा का रहने वाला है, जबकि दूसरा तौसीफ अहमद झरिया के उपर कुल्ही का रहने वाला है। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से दोनों बाइक जब्त कर थाना लाई है। उधर, झरिया के बस्ताकोला में बोलेरो कर और नियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराते हुए एक फर्नीचर दुकान में घुस गयी। इससे वहां बैठे कई लोगों की चोटे आई हैं। बोलेरो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है।

## अटल क्लीनिक में नशा मुक्ति, टीवी जांच और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बज्मे रब्बानी ट्रस्ट और नगर परिषद गुमला द्वारा संचालित जिज्ञासा सिटी लेबल फेडरेशन ने सोमवार को जिला मुख्यालय से सटे खड़ियापाड़ा स्थित अटल क्लीनिक में नशा मुक्ति, टीवी, स्वास्थ्य शिविर जांच का आयोजन किया। जिसमें डॉक्टर अमरनाथ साहु,एलटी शाहवाज अंसारी,एमपीडब्लु तौफिक आलम, एएनएम सुनीता कुमारी शामिल थे। शिविर में कुल 70-75 महिला और पुरुष का जांच किया गया। शिविर इंचार्ज मोहम्मद एखलाख रब्बानी ने बताया कि यह शिविर नगर परिषद क्षेत्र के सभी 22 वार्डों में अलग-अलग तारीख को छह दिनों तक आयोजित की गयी। जबकि तीसरा शिविर 1 सिंतबर जिला मुख्यालस से सटे शांति नगर वार्ड संख्या 6, 7, 22 में आयोजित किया गया है। जिसमें डॉक्टर शारिब अहमद, एड्ड एन एम सुमिला देवी, प्रेमसागर जायसवाल उपस्थित रहेंगे। बरसात के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में डायबीटीज,ब्लड प्रेशर, बुखार, खासी समेत सभी मरीजों का जांच और दवा नि:शुल्क वितरण किया गया। मौके पर जिज्ञासा सिटी लेबल फेडरेशन अध्यक्ष मधु मेरिना लकड़ा,सचिव इशरत जहां, बिमला देवी, बज्मे रब्बानी ट्रस्ट सेक्रेटरी अमीर रब्बानी, तहसीन रब्बानी, एखलाक रब्बानी, पप्पू रब्बानी, सफदर हुसैन रब्बानी, कैस रब्बानी, शाहजहां रब्बानी समेत कमेटी के कई लोग उपस्थित थे।

## चिल्ड्रेन एकेडमी में धूमधाम से मनायी मदर टेरेसा की जयंती



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एकेडमी इंग्लिश मीडियम 10+2 स्कूल रन्हे, घाघरा में मंगलवार को मदर टेरेसा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा मदर टेरेसा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या मीणा देवी ने की। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा का जीवन पूरी मानवता के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने नि:स्वार्थ भाव से गरीब, असहाय और बीमार लोगों की सेवा की और इसी कारण उन्हें संत की उपाधि दी गयी। विद्यालय परिसर में आयोजित सभा में छात्र-छात्राओं को मदर टेरेसा के जीवन परिचय से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने बताया कि 26 अगस्त 1910 को जन्मीं मदर टेरेसा का पूरा नाम एग्नेस गोंझा बोजाझीउ था। उन्होंने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना कर लाखों जरूरतमंद लोगों की सेवा की। उन्हें 1979 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मदर टेरेसा के जीवन पर भाषण और गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर विजय कुमार साहू, उप प्रधानाचार्या रीना कुमारी,सुशिला मिंज, शिक्षक प्रेमचंद कुमार, अजीत लकड़ा, राहुल नाग, माइकल उरांव, दुर्गावती कुमारी, तारामणी देवी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्या मीणा देवी ने सभी को मदर टेरेसा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

## भरनो में धूमधाम से मनायी तीज



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड समेत कई गांवों में मंगलवार को तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिनों ने गौरी-शंकर की पूजा कर पति के दीर्घायु की कामना की। सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखकर पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि, उन्नति, प्रगति और यश की कामना भगवान से की। इस व्रत में भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन विधि-विधान से किया जाता है। सुहागिनों ने अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में विधि-विधान के साथ हरितालिका तीज व्रत की पूजा-अर्चना कर पति के लिए लंबी उम्र की कामना की।

## चैनपुर के 13 जर्जर विद्यालय बनेंगे मॉडल



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड में कई ऐसे विद्यालय हैं जो जर्जर हो चुके हैं और जहां बच्चे जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बरसात के दिनों में अधिकांश विद्यालयों का छत से पानी टपक रहा है, जिससे बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों प्रभावित हो रही है। लेकिन अब गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेशार्नुसार इन जर्जर विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। जीप सदस्य मेरी लकड़ा और जिला परिषद के जेई पवन मिंज ने प्रखंड के जनावल पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बॉसटोली, नावाटोली राजाडेरा, बिजापाठ, लीगिरपाठ, बेसनापाठ, गाढ़ापाठ और छिछवानी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय भेड़ियापाठ, लोरम्बा, लोरम्बा असुरटोली, बाघलता पाठ, कोरकोटपाठ, महेशपुर और भंडार टोली का निरीक्षण किया। इन सभी विद्यालयों का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। जीप सदस्य मेरी लकड़ा ने बताया कि उपायुक्त के निदेशार्नुसार सभी जर्जर विद्यालय भवनों को मॉडल स्कूल के रूप में मरम्मत किया जाना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का किचन सेट और टॉयलेट को रिपेयरिंग किया जाना है। इसी क्रम में सभी चिन्हित विद्यालयों का निरीक्षण किया गया है और इंजीनियर के द्वारा रिपेयरिंग को लेकर एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। जीप सदस्य मेरी लकड़ा ने बताया कि जर्जर विद्यालय भवन का रिपेयरिंग हो जाने से बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी और विद्यालयों में बच्चों का नामांकन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शिक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है और हम इसके लिए काम कर रहे हैं।

## प्रेम प्रसंग में किशोर ने कीटनाशक खाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर ने 12 वर्षीय छात्रा से प्रेम प्रसंग में हुए विवाद के बाद कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। किशोर के परिजन उसे सोमवार की रात 11 बजे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक किशोर का बगल के गांव की एक 12 वर्षीय लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा है। सोमवार की रात फोन पर किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया इसके बाद किशोर ने घर में रखें खेतों में घास मारने वाला कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

### ऑपरेशन रेड हंट से उड़ी लाल वारंटियों की नींद

# चार दशकों से फरार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के एसपी एम अर्शी ने ऑपरेशन रेड हंट शुरू की। इस ऑपरेशन की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगभग चार दशक से फरार आरोपी भी इस ऑपरेशन के कारण आज पुलिस की गिरफ्त में हैं। गिरफ्तार सभी लाल वारंटी लगभग दशको से फरार चल रहे थे। जानकारी के अनुसार कई आरोपी तो अपनी पहचान छुपा कर कहीं और रह रहे थे। पुलिस के पास आरोपियों के नाम के अलावा बहुत ज्यादा इनपुट भी नहीं थे। इसके बावजूद बेहतर प्रबंधन और कार्य कुशलता से पुलिस की टीम ने फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है।

**पुलिस ने ऑपरेशन रेड हंट में दस लाल वारंटी को किया गिरफ्तार :** एसपी एम अर्शी ने ऑपरेशन रेड हंट नाम से अभियान चलाते हुए वर्षों से फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी के मार्गदर्शन में विभिन्न थानों की पुलिस ने दस लाल वारंटी को गिरफ्तार किया है। बताया गया 15 अगस्त तक जिले में कुल 300 से ज्यादा लाल वारंटी चिन्हित किया गए थे। जिसमें 10 वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए 12 मामलों का निष्पादन किया गया है। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन रेड हंट जारी रहेगा।

**सिमडेगा कॉलेज में हुई मारपीट की घटना में पुलिस को थी नौशाद की तलाश :** वर्ष 1996 में सिमडेगा कॉलेज परिसर में हुई मारपीट की घटना में नौशाद खान आरोपी था। और पिछले 21 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस ने नौशाद खान की गिरफ्तारी के लिए रांची में भी छापामारी की और रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र से नौशाद को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह 29 वर्षों से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी पावल गुड़िया को भी तुपुदाना थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।



**38 वर्षों से फरार था अभियुक्त जोहन मुंडा**

गिरफ्तार 10 लाल वारंटी में ओड़गा थाना का आरोपी जोहान मुंडा पिछले 38 वर्षों से फरार चल रहा था। जोहन पर डकैती का आरोप लगा था। बानो थाना का आरोपी जुनूल कंडुलना की 32 वर्षों से पुलिस की तलाश थी। महाबुआंग थाना का आरोपी पावल गुड़िया 29 वर्षों से फरार था। ठेठईटांगर थाना का आरोपी भीमसेंट लोहरा 23 वर्ष, जलडेगा थाना का आरोपी मो नौशाद खान और सदर थाना का आरोपी लिबनुस सोरेंग 21 वर्ष,बानो थाना का आरोपी मुकुंद महतो 17 वर्ष, सदर थाना का आरोपी अमित कुमार बाड़ा 14 वर्ष, जलडेगा थाना का आरोपी कुंदरू सिंह 13 वर्ष और सदर थाना का आरोपी असारु सिंह 12 वर्ष से फरार था।

**बेड़ों में पहचान छुपा कर रह रहा था आरोपी मुकुंद महतो**

बानो थाना क्षेत्र में रंगदारी एवं लूट के आरोपी मुकुंद महतो पिछले 17 वर्षों से फरार चल रहा था। मुकुंद बानो थाना क्षेत्र में घटना को अंजाम देने के बाद बानों से भाग कर बेड़ो में रहने लगा था। मुकुंद बेड़ों में अपनी पहचान छुपा कर रह रहा था, जिसे पकड़ने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मुकुंद पर गुमला जिला के बसिया एवं कामडारा थाना में भी मामला दर्ज है।

## 32 पुड़िया ब्राउन शुगर और नगद के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस ने मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर नवनिर्मित टोटो थाना क्षेत्र के हरिजन मुहल्ला में छापामारी कर ब्राउन शुगर की अवैध बिक्री करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों के पास से पुलिस ने 10 ग्राम ब्राउन शुगर 9,970 रुपये नकद, एक वेट मशीन और दो मोबाइल फोन बरामद किया हैं। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि टोटो स्थित राजा प्रजापति के घर में नशे का कारोबार किया जा रहा है। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। टीम में थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार करनाली, टोटो थाना के पुलिस अधिकारी उदेश्वर पाल व गफ्फार अंसारी समेत सशस्त्र बल शामिल थे।छापामारी के दौरान घर के अंदर मौजूद दो लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे लेकिन पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहनवाज आलम उर्फ राजा (34 वर्ष) और राजा प्रजापति (25 वर्ष) के रूप में हुई है। पूछताछ के क्रम में दोनों युवक ने नशे के कारोबार में संलिप्त अन्य युवकों के नाम भी बताये हैं। पुलिस ने तलाशी में दोनों आरोपियों से मोबाइल फोन बरामद किया। वहीं घर से झोले में रखा नगद रुपये और 32 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त किया गया। कुल 10 ग्राम ब्राउन शुगर का वजन किया गया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे मिलकर ब्राउन शुगर की पुड़िया बनाकर इलाके में बेचते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गुमला पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस वार्ता के बाद मंगलवार की शाम 5 बजे दोनों युवकों को जेल भेज दिया।



## लापरवाही : सदर अस्पताल से नहीं हो रहा कचरे का उठाव, दुर्गंध से मरीज परेशान

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला के डंपिंग यार्ड से कचरे का उठाव नहीं हो रहा है। जिससे इलाजरात मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। सदर अस्पताल के शवगृह जाने वाले रास्ते में कचरे के लिए डंपिंग यार्ड बनाया गया है जहां से नगर परिषद को कचरा उठाव के लिए अधिकृत किया गया है। बीते दिनों लगातार छोटा ट्रैक्टर लगाकर नगर परिषद कचरे का उठाव करता रहा है। इसके लिए सदर अस्पताल नगर परिषद को पैसा भी देता है लेकिन इधर एक सप्ताह से नगर परिषद द्वारा कचरे का उठाव नहीं किया गया। जिससे डंपिंग यार्ड में कचरा जमा हो गया। मजबूरी में कर्मियों को कचरा डंपिंग यार्ड के बाहर रखना पड़ा जिससे कचरा सड़क तक आ गया। शव गृह जाने वाले वाहन कचरे के ऊपर चढ़कर जाने लगे। जिससे कचरे का प्लास्टिक फट गया। लगातार बारिश होने से कचरा सड़क पर ही बहने लगा मवेशी भी कचरा खाने लगे। जिससे चारों ओर दुर्गन्ध फैल गया। इलाजरत मरीज और बीमार होने लगे। दुर्गंध से मरीजों को वार्ड में रहना मुश्किल हो गय। इधर लगातार सदर अस्पताल प्रबंधन द्वारा कचरा उठाव के लिए नगर परिषद को मौखिक और लिखित रूप से आग्रह किया गया लेकिन नगर परिषद द्वारा कचरा का उठाव नहीं किया गया। सदर अस्पताल का 125 वार्ड डंपिंग गार्डन के बगल में ही है मरीजों को दुर्गंध से परेशानी होने लगी जिसको देखते हुए सदर अस्पताल प्रबंधन ने अपने खर्चे पर ट्रैक्टर और जेसीबी मंगा कर कचरे का उठाव किया। ज्ञात हो की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर लगातार जिले के पदाधिकारियों द्वारा सदर अस्पताल का निरीक्षण किया जाता रहा है कचरा उठाव को लेकर उपायुक्त सहित जिले के पदाधिकारियों ने नगर परिषद, को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे बावजूद आदेश को ताक में रखकर नगर परिषद कचरा का उठाव नहीं कर रहा है। इस संबंध में मंगलवार की अपराह्न 4 बजे सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अनुपम किशोर ने बताया नगर परिषद को कचरा उठाव के लिए बार-बार आग्रह किया गया लेकिन इस दिशा में पहल नहीं की गई जिसके बाद सदर अस्पताल अपने फण्ड से कचरा का उठाव किया। नगर परिषद को प्रतिदिन कचरे का उठाव करना है बावजूद नगर परिषद गंभीरता नहीं दिखा रहा है।



## भ्रष्टाचार विरोधी मंच की बैठक में विजय सिंह होंगे शामिल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच के बैनर तले 27 अगस्त को घाघरा में आम बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह मुख्य रूप से भाग लेंगे। बैठक घाघरा हाई स्कूल मैदान के पास दिन के 11 बजे से शुरू होगी। इस अवसर पर घाघरा के न्यायप्रिय व जागरूक लोगों को आमंत्रित किया गया है, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनायी जा सके। इस आशय कि जानकारी देते हुए किसान नेता शिवप्रसाद साहु ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार पर रोक लगाना और आम जनता के कार्य बिना रिश्वत के सुनिश्चित कराना है। इस क्रम में भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का समर्थन करने वाले लोगों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है।

## हर घर तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें : सुखदेव भगत

**गुमला जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में लगी कई पदाधिकारियों को फटकार**

**सांसद ने लापरवाही पर जतायी कड़ी नाराजगी, विभागों को दिए स्पष्ट निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के नागरिक तक पहुंचना चाहिए और अधिकारी इसमें पूरी इमानदारी से कार्य करें। उक्त बातें सांसद सुखदेव भगत ने कही। वे मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी योजनाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में सभी विभागों की विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पालकोट जलापूर्ति योजना, एचवाइडीटी मिनी पेयजलापूर्ति योजना तथा लघु ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना की प्रगति पर चर्चा की गयी। सांसद ने कहा कि पानी जनता की प्राथमिक आवश्यकता है, इसलिए विभाग पाइपलाइन मरम्मती और जलमीनारों की खराबी दूर कर प्राथमिकता के आधार पर हर घर तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने पीटवीजी क्षेत्रों में चल रही योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बिना सूचना बिजली काटने और अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर बिजली विभाग को फटकार लगाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने हर आवास परिसर में पौधारोपण को अनिवार्य करने की बात कही। रागी मिशन की मार्केटिंग व ब्रांडिंग को बढ़ावा देने का निर्देश दिया।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के ठेकेदारों पर बरसे सांसद :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर चर्चा करते हुए सांसद ने नाराजगी जतायी कि हल्की वर्षा में ही सड़क, पुल और पुलिए टूट जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। छोटे-छोटे कार्य जो फंड के अभाव में अधूरे हैं, उन्हें सांसद मद से कराने का आश्वासन भी दिया। एनएचएआई के द्वारा किए कार्यों में जलजमाव और अधूरे कार्यों पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। अनुपस्थिति पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जतायी और झूठे प्रतिवेदनों की शिकायतों की जांच कर कार्रवाई करने को कहा। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद असंतुष्ट दिखे।



## थाना दिवस पर पांच मामलों का निपटारा



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता से सुनवाई की। जिसमें थाना क्षेत्र के पांच मामलों का निपटारा आपसी समिति से किया गया। अंचलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के कारण अक्सर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है ऐसे मामलों का समाधान अगर स्थानीय स्तर पर हो जाए तो न केवल न्याय मिल सकता है बल्कि विवाद बढ़ने से भी रोका जा सकता है। थाना दिवस के दौरान थाना क्षेत्र के गांव बेंदोरा डिपाडिह भेलवाताला चैनपुर और मड़ाईकोना से आए एक-एक मामले कुल पांच मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की आपसी समिति से किया गया। थाना प्रभारी ने बतलाया कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे भूमि विवाद को लेकर आए दिन आपसी झगड़े और मारपीट की घटनाएं सामने आती रहती है थाना दिवस के आयोजन का उद्देश्य ऐसे मामलों का शांतिपूर्ण निपटारा कर कर लोगों को न्याय दिलाना और सामंजस बनाना है। वहीं इन मामलों के निपटारे में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा की अहम भूमिका रही उन्होंने आए हुए सभी मामलों के दोनों पक्षों को समझा बूझकर मामले के निपटारे में मदद पहुंचायी। वहीं कई मामलों को लेकर पहुंचे ग्रामीण जनप्रतिनिधि और ग्राम सभा सदस्यों ने विवाद बढ़ने का मुख्य कारण नशापान बताया और इस पर लगाम लगाने की अपील की। इस मौके पर मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक नरेंद्र सेठ एस आई दिनेश कुमार एस आई विजय उरांव मौजूद रहे। थाना दिवस के आयोजन को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रक्रिया देखी गयी।

## पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने किया व्रत



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मंगलवार को हरितालिका तीज का पर्व बड़े ही श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखा और भगवान शिव-पार्वती की आराधना की। सुबह से ही महिलाएं व्रत के प्रति पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ तैयारियों में जुट गयी। कहीं घर- में बालू का शिवलिंग बनाकर पूजन-अर्चन किया गया तो कहीं मंदिरों में जाकर भगवान शंकर का जलाभिषेक और विशेष अनुष्ठान संपन्न हुआ।ग्रामीण क्षेत्रों में यह पर्व महिलाओं के बीच विशेष उत्साह का केंद्र रहा। व्रत रखने वाली महिलाओं ने दिनभर निर्जला रहकर भजन-कीर्तन किया और तीज व्रत कथा का श्रवण कर अपने परिवार की मंगल कामना की। मान्यता है कि इस उपवास से दांपत्य जीवन सुखमय होता है और पति की आयु में वृद्धि होती है। शाम के समय सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर महिलाओं ने एक-दूसरे को हरितालिका तीज की शुभकामनाएं दीं। गांवों में समूह बनाकर पूजा करने से धार्मिक वातावरण और भी प्रफुल्लित दिखाई दिया। पूरा प्रखंड भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में सॉयल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** 25 अगस्त 2025 को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में सॉयल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) विशुनपुर एवं कृषि विभाग (आत्मा), जिला गुमला के संयुक्त तत्वावधान में सॉयल हेल्थ एंड फर्टिलिटी स्कीम के तहत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केवीके विशुनपुर के वैज्ञानिक श्री नीरज कुमार वैश्य ने मृदा स्वास्थ्य से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मिट्टी की गुणवत्ता, उसकी उर्वरता बनाए रखने के उपाय, टिकाउ खेती में इसकी भूमिका और नियमित मृदा परीक्षण के लाभों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को सॉयल हेल्थ कार्ड की उपयोगिता और महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने समझाया कि सॉयल हेल्थ कार्ड किसानों को उनकी मिट्टी की पोषक स्थिति की जानकारी देता है, जिससे वे उपयुक्त उर्वरकों का चयन कर बेहतर फसल उत्पादन कर सकते हैं। कार्यक्रम में आत्मा बसिया से सहायक तकनीकी प्रबंधक श्री रंजीत कुमार, विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में मृदा संरक्षण एवं वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जागरूकता फैलाना था, जिससे वे पर्यावरण के अनुकूल और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो सकें।

## दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने उठाये कई प्रश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में आयोजित दिशा की बैठक में कई जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न जवलंतप्रश्न उठाये।

रमेश कुमार चीनी ने प्रश्न किया कि गुमला शहर के पटेल चौक को दो साल पहले सुंदर बनाया गया था। रंगरोगन हुआ था। पानी का फव्वारा लोगों को आकर्षित करता था। परंतु अभी पटेल चौक की खूबसूरती खत्म हो गयी है। इसपर काम होना चाहिए। नगर परिषद पहल करे, ताकि पटेल चौक पुनः सुंदर बन सके। वहीं दूसरे प्रश्न के रूप में कहा कि गुमला शहर के उर्मी बाईपास चौराहा के समीप पुलिस टीओपी का शुभारंभ हो गया है। यह प्रमुख चौक बन गया है। सुबह से शाम तक लोगों का आना जाना होता है। यहां कई दुकानें भी है।लेकिन चौराहा के समीप व करमडीपा और सीलम जाने वाली रूट में कुछ दूरी तक हाईमास्ट लाइट लगाना जरूरी है। क्योंकि, यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं, क्राइम भी होने का डर बना रहता है। ऐसी स्थिति में यहां हाईमास्ट लाइट होने से गलत गतिविधियों पर रोक लगाया जा सकता है। संतोष गुप्ता गुड्डू ने कहा कि गुमला जिला शुरूआत से उग्रवाद ग्रस्त रहा है परंतु आज उग्रवाद मुक्त हो जाने के बाद भी ए सीए मद में लंबित भुगतान अभी तक नहीं हो सका है। उन्होंने पूछा कि आखिर कब तक यह भुगतान हो पायेगा क्योंकि विकास योजना के पूर्ण हो जाने के बाद भी संवेदको का भुगतान लगभग 18 करोड़ रुपया आज भी बकाया है। दूसरे प्रश्न के रूप में पूछा कि गुमला जिला का हृदय स्थल डीएसपी रोड बारिश के दिनों में जलमग्न हो जाता है। नगर परिषद गुमला के उदासीन रवैया के कारण इस पर सिर्फ लीपा पोती कर हमेशा से गोल-मोल जवाब दे दिया जाता है। अतः सदन के माध्यम से जल्द से जल्द डीएसपी रोड के ड्रेनेज की व्यवस्था व सड़क को ठीक करने की मांग की गयी।

## लोगों ने चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत सरसापहाड़ी स्थित श्रम कल्याण केंद्र के समीप जिओ टावर का सामान मंगलवार की सुबह चोरी कर ले जाते एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। हालांकि उसके साथ आये अन्य साथी भागने में सफल रहे। टावर के कर्मी द्वारा चोरी की सूचना चिरकुंडा पुलिस को दी गयी। इसके कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ कर थाने ले गई। उसकी पहचान गौरव रविदास के रूप में हुई है। उसने बताया की वह पश्चिम बंगाल के बराकर स्थित हनुमान चढ़ाई का रहने वाला है। उसके साथ अन्य साथी भी थें, जो हंगामा देख भाग गये। चोर ने चिरकुंडा क्षेत्र में चल रहे लोहा गोदाम संचालक का नाम भी बताया है। उसका कहना है कि चोरी का सामान स्थानीय लोहा गोदामों में बेच देते है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# ग्रामीणों ने लगाया अधूरी सड़क बनाकर राशि निकासी का आरोप

## डीसी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए डीडीसी को दिया जांच का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन ने मंगलवार को जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के सोनारडीह, एग्यारकुंड, बस्ताकोला, गोविंदपुर, बलियापुर और निरसा आदि स्थानों से आए लोगों ने डीसी के समक्ष अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। इसमें सोनारडीह से आए ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सोनारडीह में आदर्श कॉलोनी से तिवारीडीह तक की 1.6 किलोमीटर सड़क निर्माण में मात्र 20 से 25 फीसदी कार्य ही किया गया है। अधूरा कार्य होने के बावजूद योजना की पूरी राशि की निकासी कर ली गई है। ग्रामीणों ने डीसी से मामले में उचित कारवाई करने का अनुरोध किया। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डीसी ने डीडीसी को इसकी विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है। जनता दरबार में घनी आबादी के बीच विस्फोटक कारखाना स्थापित करने, भूमि पर जबरन काम रुकवाने, फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन की बिक्री करने, भूमि अधिग्रहण होने के बाद मुआवजा नहीं मिलने, गांव में सड़क निर्माण कराने, गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्ति के इलाज के लिए सहायता प्रदान करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। डीसी ने आमजनों की समस्या का समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। इस मौके पर प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद मौजूद थे।



जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनते डीसी आदित्य रंजन।

# सेल ने आइएनएस उदयगिरि और आइएनएस हिमगिरि के लिए की आठ हजार टन क्रिटिकल-ग्रेड स्टील की आपूर्ति



**नई दिल्ली/बोकारो (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन संचालित, देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील उत्पादक और महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना के दो उन्नत फ्रंटलाइन युद्धपोतों, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के लिए लगभग 8,000 टन क्रिटिकल-ग्रेड स्टील की आपूर्ति कर देश के रक्षा क्षेत्र के साथ अपनी महत्वपूर्ण साझेदारी जारी रखी है। केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में, विशाखापत्तनम में आयोजित एक समारोह के दौरान, इन दोनों फ्रिगेटों को मंगलवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। सेल ने भारतीय नौसेना के इन दोनों उन्नत युद्धपोतों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड के साथ साझेदारी करते हुए, अपने बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्टील प्लांट्स से क्रिटिकल ग्रेड की हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट्स की आपूर्ति की। भारतीय नौसेना के लिए क्रिटिकल-ग्रेड स्टील के विकास और आपूर्ति के जरिये, सेल ने आयात प्रतिस्थापन और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सीधे तौर पर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहलों से जुड़ा हुआ है और रक्षा जरूरतों के लिए विशेष गुणवत्ता वाले स्टील उपलब्ध करने की दिशा में भारत की आयात पर निर्भरता को घटाता है। अकेले राउरकेला स्टील प्लांट के ह्यस्पेशल प्लेट प्लांटह्व ने टैंक, युद्धपोतों और मिसाइलों जैसे रक्षा अनुप्रयोगों के लिए एक लाख टन से भी अधिक क्रिटिकल - ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि जैसे जहाजों को नौसेना में शामिल करना, यह दिखाता है कि भारत अब देश में ही अपने जहाजों के लिए बुनियादी स्टील से लेकर इनके जटिल डिजाइन बनाने और कुशल चालक दल तक को विकसित करने में सक्षम है, जो हमारे देश की रक्षा प्रणाली की ताकत और मजबूत नींव को प्रदर्शित करता है। भारत के रक्षा क्षेत्र के साथ सेल की स्थायी साझेदारी अच्छी तरह से स्थापित है, जिसमें आईएनएस विक्रांत, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस अजय, आईएनएस निस्तार, आईएनएस अणार्ला, आईएनएस विंध्यगिरि और आईएनएस सूरत जैसे प्रतिष्ठित जहाजों के लिए महत्वपूर्ण-ग्रेड स्टील की आपूर्ति का एक गौरवपूर्ण इतिहास है। यह अटूट प्रतिबद्धता एक विश्वसनीय राष्ट्रीय निमार्ता और देश के चल रहे नौसैनिक आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में सेल की स्थिति को मजबूत करता है।

## बोकारो स्टील प्लांट के बोर्डिंग आर्चरी सेंटर' की नयी आधुनिक सुविधाओं का हुआ लोकार्पण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात संयंत्र के 'डे बोर्डिंग आर्चरी सेंटर' की नई सुविधाओं का लोकार्पण मंगलवार को निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) कुंदन कुमार एवं खिलाड़ी आदि उपस्थित थे। इस दौरान खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस अपग्रेडेड केंद्र में आधुनिक चेंजिंग रूम एवं रेस्ट रूम जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। इन नई सुविधाओं से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए और भी बेहतर वातावरण एवं सभी आवश्यक सहूलियतें उपलब्ध होंगी। बतातें चलें कि 'डे बोर्डिंग आर्चरी सेंटर' की स्थापना 21 नवंबर 2013 को की गई थी। तब से यह कई उभरते तीरंदाजों के लिए आधारशिला साबित हो रहा है। वर्तमान में यहां 24 कैडेट्स जिसमें 12 बालक एवं 12 बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सभी खिलाड़ी 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के हैं और उन्हें तीन वर्षों की अवधि तक व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बोकारो स्टील प्लांट अपने सीएसआर के तहत खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए कैडेट्स को निःशुल्क स्पोर्ट्स किट, ट्रैक सूट, जूते, टी-शर्ट और शॉर्ट्स उपलब्ध कराता है। साथ ही प्रतिदिन पौष्टिक अल्पाहार की भी व्यवस्था की जाती है, ताकि खिलाड़ी शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होकर आगे बढ़ सकें। स्थानीय खेल प्रतिभाओं को तराशने की दिशा में बीएसएल का यह सतत प्रयास न केवल युवा खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कर रहा है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोकारो का नाम रोशन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# झारखंड विस के मानसून सत्र में विधायक राज सिन्हा ने उठाये धनबाद के जनहित के जुड़े मुद्दे

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने मंगलवार को विधानसभा में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा कर्मियों की नियुक्ति, मनरेगा कर्मियों को नवीनतम महंगाई भत्ता आधारित ग्रेड पे के अलावा राज्य में सभी विभागों के अंतर्गत विभिन्न संवर्ग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों के स्वास्थ्य बीमा लाभ के समान मनरेगा कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा लाभ नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि झारखंड में मनरेगा कर्मियों की नियुक्ति विभागीय निर्देशानुसार वित्त विभाग के सभी मानक प्रक्रियाओं दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन, मेरिट लिस्ट आदि के माध्यम से होती है?। उन्होंने पूछा कि मनरेगा कर्मियों एवं अन्य संविदा कर्मियों को स्वास्थ्य लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है? वर्णित लाभ से वंचित कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ कब तक दिया जाएगा?। विधायक ने सत्र में विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 147 के तहत ध्यानाकर्षण की सूचना दी। इस विषय पर विधायक ने धनबाद जिला मुख्यालय एवं अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कई मुख्य पथ की दयनीय स्थिति की सूचना दी। उन्होंने जिला मुख्यालय से राज्य मुख्यालय रांची आवागमन के लिए मुख्य मार्ग की स्थिति के दयनीय होने की बात भी बतायी। कहा कि स्थानीय सहित दूर-दराज से आवागमन करने वाले यात्रियों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी संदर्भ में मेमकोक मोड़ के पास आठलेन पथ पर फ्लाईओवर के निर्माण की गंभीरता से सदन को अवगत कराया। उन्होंने इस पथ के निर्माण के लिए भौतिक प्रतिवेदन कंसल्टेंट द्वारा तैयार कर केंद्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग झारखंड रांची को पूर्व में ही भेजे जाने की सूचना दी। विधायक ने सदन के माध्यम से राज्य के सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक दिशा में गतिशीलता प्रदान करने में उक्त पथ के निर्माण के लिए तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति दिलाते हुए अविलंब निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने की मांग की। अल्प सूचित प्रश्न के तहत विधायक ने नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित सवाल पूछा कि क्या यह बात सही है कि पिछले पांच-छह वर्षों में राज्य अंतर्गत नगर निकायों में राजस्व संग्रहण में कमी, विकास कार्यों के अनुश्रवण समुचित रूप से नहीं होने के कारण स्थानीय आमजन को नागरीय सुविधा उपलब्ध कराने में विफल रही है?।

# धनबाद जिला तीरंदाजी संघ करेगा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला तिरंदाजी संघ इस वर्ष भी 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेलो में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा। संगठन के अध्यक्ष विजय झा ने मंगलवार को गांधी सेवा सदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ना सिर्फ तिरंदाजी, बल्कि हॉकी, फुटबॉल, कैरम, वेट लिफ्टिंग,कब्बडी, वॉली बॉल आदि स्पर्धाओं के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह सम्मान समारोह 29 अगस्त को यूनियन क्लब में आयोजित होगा। अभी तक सम्मानित होने वाले 21 खिलाड़ियों की सूची बन चुकी है। इस मौके पर धनबाद जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष बिजय झा, महासचिव जुबेर आलम, उदय कुमार सिंह और तारकनाथ दास उपस्थित थे।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन



**नावाडीह/बोरमो (आजाद सिपाही)।** जिला सहकारिता पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को नावाडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालयों में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड के खरपिटो, आहरडीह, भेंडरा, बाराडीह, भलमारा, बिरनी पलामू और बरई में किसानों ने आवेदन किया और निबंधन कराया। एक रुपये शुल्क देकर सैकड़ों आवेदन निबंधन के लिए दिये गये। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने सभी किसानों से फसल बीमा कराने के लिए आग्रह किया हैं।

## भाजपा एसटी मोर्चा के नेता की पुत्री का निधन, शोक

**झरिया/सिंदरी (आजाद सिपाही)।** भाजपा एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविश्वर मरांडी की 13 वर्षीय पुत्री रीमा मरांडी की मंगलवार अहले सुबह निधन हो गया। इससे भाजपा परिवार शोकाकुल है। भाजपा जिला महामंत्री मनोज मिश्रा अपने 10 दिनों के दिल्ली प्रवास से लौटते ही मंगलवार को समलापुर स्थित रविश्वर मरांडी के आवास पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया। वहीं, रविश्वर मरांडी ने बताया कि रीमा लंबे समय से बिमार थी। उसका ईलाज चल रहा था। इस मौके पर बलदेव महतो, भाजपा नेत्री तारा देवी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष धनश्याम ग्रोवर, पूर्व नगर अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, शैलेश सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता सह चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू और राजेश चौधरी आदि रविश्वर मरांडी के आवास पहुंच कर शोक व्यक्त किया। वहीं, रीमा का अंतिम संस्कार सामलापुर जोडिया स्थित श्मशान घाट पर किया गया।

## बिजली के पोल काटने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जारीडीह पुलिस ने चोरी से लोहे के विद्युत पोल काटने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान जैनामोड़ मुचंगडीह निवासी फिरोज अली, जैनामोड़ मिश्रा साइड निवासी शुभम कुमार दुबे और माराफारी जोगी कालोनी निवासी सुजीत सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार को विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल जैनामोड़ के सहायक विद्युत अभियंता अमित खेस ने ग्राम गोपीनाथपुर में चोरी से बिजली के पोल को काटे जाने को लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ जरीडीह थाना में लिखित आवेदन दिया था। इसके बाद पुलिस ने कांड संख्या 97/25 दर्ज करते हुए छानबीन शुरू की। एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर कांड के त्वरित उद्‌भेदन के लिए थाना प्रभारी विपिनचंद्र महतो के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फिरोज अली, शुभम और सुजीत सिंह को धर दबोचा। एसपी ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस के समक्ष दिए अपने बयान में लोहे के पोल को काटकर बेचने की बात स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर गैस कटर, पिकअप वैन, ऑक्सीजन गैस सिलिंडर एवं विद्युत पोल के 14 पीस बरामद किये गये हैं।

# फंसाने की नीयत से पीड़ित ने ही खुद पर चलवायी थी गोली



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पीड़ित ही जब मुख्य साजिशकर्ता निकल जाए तो विश्वास डगमगाने लगता है। हकीकत में ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। जब पुलिस ने जांच के क्रम में खुलासा किया कि फंसाने की नियत से पीड़ित ने ही साजिश रची थी। मामला सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में विगत 23 अगस्त को गी। मामला गोली चलने की घटना से संबंधित है। इसका उद्‌भेदन करते हुए पुलिस ने पीड़ित अभिषेक प्रताप सिंह को उसके चचेरे भाई मंधीर कुमार सिंह के साथ आर्म्स एक्ट एवं साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त देशी लोडेड पिस्तौल, 19 जिंदा कारतूस, एक खोखा, काला रंग का एक बाइक और दो मोबाइल फोन भी जब्त किया है। बताते चलें कि बीते 23 अगस्त को सेक्टर 12डी निवासी अभिषेक प्रताप सिंह के आवास पर गोली चली थी। इसे लेकर अभिषेक ने पुलिस को जानकारी दी थी कि अपने क्वार्टर में रात करीब आठ बजे सीढ़ी से उतर रहे थे। तभी हेलमेट पहने एक बाइक सवार व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से उनपर गोली चलाई थी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से खाली खोखा भी बरामद किया था। वादी अभिषेक प्रताप सिंह ने अपने पुराने पार्टनर चंद्रमोहन ओझा एवं उनकी पत्नी अर्चना ओझा पर आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित किया था। मंगलवार को एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जांच में पाया गया कि चंद्रमोहन और उनकी पत्नी को फंसाने की नीयत से वादी अभिषेक ने ही अपने चचेरा भाई मंधीर सिंह के साथ मिलकर गोली चलाने की घटना करवाई थी।

# मिहिजाम में घरों में कुत्ता पालने वालों को नप में पंजीकरण कराने का निर्देश

## आवारा कुत्तों की नसबंदी और उनके लिए सेल्टर होम बनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**मिहिजाम।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में मिहिजाम नगर परिषद् में कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुम्भकार की अध्यक्षता में आवारा कुत्तों की रोकथाम को लेकर मंगलवार को बैठक हुई। जिसमें शहर में आवारा कुत्तों के आतंक को नियत्रित करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान आवारा कुतो को पकड़ कर रखरखाव को लेकर शेल्टर होम निर्माण कराने के लिए जगह चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कुत्तो के टीकाकरण के लिए उचित संसाधनों का व्यवस्था करने के लिए विस्तृत योजना तैयार करने निर्देश दिया गया। शहरवासियों, स्कूलों एवं समुदाय के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुत्तो के प्रति जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा नगरवासी जो घर में कुत्ता पालने हैं उन्हें नगर परिषद में पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पशु चिकित्सक मुनी मुर्मू, मिहिजाम नगर प्रबंधक शिवजय कुमार, नगर मिशन प्रबंधक विशाल सिंह, सीएलटीसी संजय कुमार विश्वकर्मा, प्रभारी प्रधान सहायक विजय सिंह, प्रभारी चौधरी संजय कुमार राय, कार्यालय नजीर रामू बाउरी आदि मौजूद रहे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA — Annexure 1

e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No: - SPUF/MID/KODERMA/F2-07/2025-26

Letter no: - 619 — Date: - 25.08.2025

Details of Works:-

| Group No. | Name of Block | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चंदवारा | कोडरमा जिला के चंदवारा प्रखंड अन्तर्गत कांको पंचायत के ग्राम जोलहाकर्मा आर0ई0ओ0 रोड से मध्य विद्यालय से समीम अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2021900.00 | 03 Months |
| 2. | जयनगर | ग्राम बाराडीह पंचायत करियावाँ में छठ घाट से चेकडैम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2497500.00 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 01.09.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 14.09.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 14.09.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 16.09.2025 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: -1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma

PR 360408 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Office of the General Manager,
Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH
eMail iD:- gmtzone5hzb@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part – II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| N.I.T. No. | Description of Work | Earnest Money Deposit (Rs.) | Cost of Tender Document (Non Refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 346/PR/JUSNL/ 2025-26 | Work of construction work for retaining wall at Loc. No.- 78 of 400 KV S/C TTPS-Biharsarif Transmission Line. | Rs. 23,500.00/- | Rs.2500+18%GST = ₹2950/- |
| 347/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of clamp & connector for utilization in 400KV TTPS-PUVNL Transmission Line and 400KV TTPS – Biharsharif Transmission Line (Charged at 220KV voltage) under Transmission Sub-division, Tenughat. | Rs.21,600.00/- | Rs.2500+18%GST = ₹2950/- |
| 348/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of Electrical item at 132/33KV Grid Sub-Station, Sariya | Rs.18,300.00/- | Rs.1250+18%GST = ₹1475/- |
| 349/PR/JUSNL/ 2025-26 | Work for Supply, Installation & commissioning of Danger Plate, Number Plate, Phase Plate and Circuit Plate in 185 nos. Tower in 220KV D/C Itkhori – Pakri Barwadih (59.50km.) Transmission Line under jurisdiction of Transmission Sub-division, Itkhori. | Rs. 11,100.00/- | Rs.1250+18%GST = ₹1475/- |
| 350/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of hardware materials for 132KV Transmission Line under Transmission Sub-division, Sariya | Rs.20,000.00/- | Rs.1250+18%GST = ₹1475/- |

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 01/09/2025 from 12:00PM
2) Last Date and Time for sale of Tender Documents - 22/09/2025 upto 1:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 23/09/2025 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part - I - 23/09/2025 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part – II - Will be communicated Later on

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone -V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag

PR 360443 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# दुनिया में मेड इन इंडिया लिखी इवी चलेगी : मोदी

## मारुति की पहली इवी को झंडी दिखायी : गुजरात प्लांट से 100 देशों को निर्यात होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के हंसलपुर में ई-विटारा को एक्सपोर्ट के लिए फ्लैग-ऑफ किया। ये मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार है। ये गाड़ी पूरी तरह से भारत में ही बनी है और इसे 100 से ज्यादा देशों, जैसे यूरोप और जापान में निर्यात किया जायेगा। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ा है। अब विदेशों में चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी मेड इन इंडिया लिखा होगा।



इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ रहा है। भारत को डेमोग्राफिक एडवांटेज है। हमारे पास स्किल वर्कफोर्स का बड़ा पूल है, जो हमारे हर पार्टनर के लिए विन-विन सिचुएशन बनाता है। जापान की सुजुकी कंपनी भारत में मैनुफैक्चरिंग कर रही है। जो गाड़ियां बन रही हैं, वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं। एक तरह से मारुति सुजुकी कंपनी मेक इन इंडिया की ब्रांड एंबेसडर बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि पैसा किसी का भी लगे, मुझे इससे कोई-लेना देना नहीं है। वो चाहे डॉलर हो या पॉन्ड हो या और करेंसी हो, लेकिन इससे जो प्रोडक्शन हो उसमें पसीना मेरे देशवासियों का होगा, जो प्रोडक्शन होगा, उसमें महक मेरे देश की मिट्टी की होगी। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। ऐसे समय में कोई भी राज्य पीछे नहीं रहना चाहिए। हर राज्य को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। हिंदुस्तान आने वाले निवेशकों को इतना कन्फ्यूजन होना चाहिए कि वे सोचें, मैं इस राज्य में जाऊं या उस राज्य में। मैं सभी राज्यों को निमंत्रण देता हूं, आइए, रिफॉर्म की स्पर्धा करें, प्रो-डेवलपमेंट पॉलिसी की स्पर्धा करें और गुड गर्वनेस की स्पर्धा करें। गर्व से स्वदेशी की ओर बढ़ चलें। मुझे आपका साथ चाहिए दोस्तों, 2047 तक हम विकसित भारत बनाकर रहेंगे।

# भारत पर आज से 50% अमेरिकी टैरिफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिका ने मंगलवार को भारत पर एडिशनल 25% टैरिफ लगाने का ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भारतीय समय के अनुसार यह टैरिफ बुधवार यानी 27 अगस्त को सुबह 9:31 बजे लागू हो जायेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर इस टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25% टैरिफ लगा दिया था। यानी अब अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50% तक हो जायेगा। मंगलवार को जारी आदेश में लिखा है, 'जो ड्यूटी इस दस्तावेज की सूची में बतायी गयी है, वह भारत से आने वाली चीजों पर लागू होगी। ये चीजें या तो अमेरिका में इस्तेमाल के लिए लायी जायेंगी या गोदाम से इस्तेमाल के लिए निकाली जायेंगी।

### जर्मन अखबार का दावा-मोदी ने ट्रंप का फोन नहीं उठाया, 4 बार बातचीत से किया इनकार

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को चार बार कॉल किये थे, लेकिन पीएम मोदी ने उनसे एक बार भी बात नहीं की। इससे दोनों नेताओं के बीच तनाव बढ़ गया। यह दावा जर्मन न्यूज पेपर एफएजेड ने किया है। हालांकि अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि ये कॉल कब किये गये थे। अखबार के मुताबिक ट्रंप की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी और भारत को 'डेड इकोनॉमी' कहने से मोदी नाराज हैं। पहले दोनों नेताओं के बीच अच्छे रिश्ते थे, लेकिन अब भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए होने वाली बातचीत रद्द कर दी है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को नयी दिल्ली आने से रोक दिया गया।

### 849 अंक गिर कर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 80787 पर आया, निफ्टी भी 256 अंक फिसला

मुंबई। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार, 26 अगस्त को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 849 अंक (1.04%) गिर कर 80,787 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 256 अंक (1.02%) की गिरावट रही, ये 24,712 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और केवल 5 में तेजी रही। सनफार्मा और टाटा स्टील समेत कुल 17 शेयरों में 1% से 3.2% तक की गिरावट रही। एचयूएल और मारुति के शेयर्स 2.35% चढ़े। निफ्टी के 50 शेयरों में से 37 में गिरावट और 13 में तेजी रही। एनएसइ के एफएमसीजी इंडेक्स को छोड़ कर सभी में गिरावट रही। मेटल, फार्मा, आइटी, रियल्टी और बैंकिंग इंडेक्स 2% से ज्यादा गिरे।

# आइएनएस उदयगिरि-हिमगिरी भारतीय नौसेना में हुए शामिल





**आत्मनिर्भर भारत का सपना हुआ साकार : राजनाथ सिंह**

**ब्रह्मोस और बराक-8 जैसी मिसाइलों से लैस हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशाखापत्तनम ।** इंडियन नेवी को मंगलवार को दो नये युद्धपोत आइएनएस उदयगिरि और आइएनएस हिमगिरि मिले। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये दोनों स्वदेशी जहाज हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचे रहेंगे। इनकी तैनाती इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में होगी, जिससे नौसेना की ताकत बढ़ेगी। विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आइएनएस उदयगिरि और हिमगिरि को नौसेना में शामिल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से स्पष्ट है कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हुआ है। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ी है। भारतीय नौसेना न केवल तटीय क्षेत्रों की रक्षा करती है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि भी बनाए रखती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आइएनएस उदयगिरि और हिमगिरि का जलावतरण हमारी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। मैं इस अवसर पर भारतीय नौसेना को बधाई देता हूं। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसइ) द्वारा निर्मित आईएनएस हिमगिरि और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आइएनएस उदयगिरि दोनों आधुनिक युद्धपोत हैं, जिनका निर्माण स्वदेशी तौर पर किया गया है। उन्होंने कहा कि इन युद्धपोतों में कई उन्नत क्षमताएं हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे।

# वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास भूस्खलन, 6 की मौत, यात्रा स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू-कश्मीर।** कटरा में भारी बारिश के चलते माता श्री वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास मंगलवार को भूस्खलन हुआ है, जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी है और 14 अन्य घायल हो गये हैं। करीब छह लोग घायल हो गये और कुछ के दबे होने की आशंका है। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है। वैष्णो देवी से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हुए।

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए भूस्खलन होने की जानकारी साझा की है। भूस्खलन के बाद बड़े स्तर पर राहत-बचाव कार्य किया जा रहा है। रियासी पुलिस-प्रशासन और एनडीआरएफ अलर्ट मोड पर हैं।

लगातार भारी बारिश के कारण मंगलवार दोपहर त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर भूस्खलन हो गया, जिससे करीब छह लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन के कारण माता वैष्णो देवी की यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गयी। अधिकारियों ने बताया कि अर्धकुंवारी के पास हुए भूस्खलन के बाद बचाव अभियान जारी है। दिन के करीब 3 बजे भूस्खलन हुआ था। यह आपदा पहाड़ी पर स्थित मंदिर तक जाने वाले 12 किमी के घुमावदार रास्ते के आधे रास्ते पर आयी।



**हिमकोटी ट्रेक मार्ग पर यात्रा सुबह से ही स्थगित :** हिमकोटी ट्रेक मार्ग पर यात्रा सुबह से ही स्थगित कर दी गयी थी, लेकिन दोपहर 1.30 बजे तक पुराने मार्ग पर यात्रा जारी थी, जिसके बाद अधिकारियों ने मूसलाधार बारिश के मद्देनजर अगले आदेश तक इसे भी स्थगित करने का निर्णय लिया।


इधर, जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क धंस गयी। हादसे में कई गाड़ियां गिर गयीं। पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंच गयी है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गयी। इसमें 10 से 15 घर बह गये। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है।

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश हो रही है। दो दिनों के लिए स्कूल बंद कर दिये हैं। जम्मू-श्रीनगर और बटोटे-किश्तवाड़ सहित कई नेशनल हाइवे समेत कई सड़कें बंद हैं। वहीं, कुल्लू-मनाली में 20 से ज्यादा घर, दुकानें और रेस्टोरेंट ब्यास नदी और पहाड़ी नालों में समा चुके हैं। नदियों के किनारे बने 30 से ज्यादा घर भी खतरे में हैं। कुल्लू-मनाली रोड का एक हिस्सा ब्यास नदी में बह गया। इससे मनाली का कुल्लू जिला मुख्यालय से संपर्क कट चुका है।

# आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर इडी के छापे


आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार सुबह आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की। उन पर हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन में करप्शन का आरोप है। दिल्ली की एंटी-करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने एक साल पहले आप सरकार के दौरान स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की थी। बता दें कि जांच एजेंसी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ जून में केस दर्ज किया था। एसीही ने बाद में मामला इडी को ट्रांसफर कर दिया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने जुलाई में केस दर्ज किया था।



इस कार्रवाई पर अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, सौरभ भारद्वाज के घर इडी की रेड हुई। ये दिखाता है की मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गयी है। सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। हम भाजपा से नहीं डरते। हम देश हितों के साथ खड़े हैं।

**आतिशी बोलीं - ये रेड 100 परसेंट फर्जी है :** सौरभ भारद्वाज के यहां इडी की रेड क्यों पड़ी। दरअसलपीएम मोदी की डिग्री को लेकर चर्चा हो रही है। ये कैसी यूनिवर्सिटी है जिसे गर्व ही नहीं है कि देश के पीएन उनके यहां से पढ़े हैं। ये रेड 100 परसेंट फर्जी है, क्योंकि जिस समय का ये मामला है, तब सौरभ मंत्री ही नहीं थे।




















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**